नई दिल्ली

बुधवार 7 अक्टूबर 2026

अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 170
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 32
न्यून. 22


हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

अगले वायुसेना प्रमुख होंगे एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित



नई दिल्ली। मौजूदा उप-वायुसेनाप्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित देश के अगले वायुसेनाप्रमुख (सीएएस) होंगे। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को उनकी नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि वह भारत के 29वें वायुसेनाध्यक्ष होंगे। जो कि 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह की जगह पर अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। एयर मार्शल दीक्षित का जन्म 9 दिसंबर 1966 को हुआ और वह 6 दिसंबर 1986 को वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन हुए थे। ▸▸पढ़ें पेज 12 भी



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

कौर ने छोड़ी भारतीय महिला टीम की 'कप्तानी'

नई दिल्ली। हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हर फॉर्मेट से



कप्तानी छोड़ दी। उन्होंने यह फैसला गुवाहाटी में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की महिला क्रिकेट टीम की रिव्यू मीटिंग के एक दिन बाद लिया। कौर की अगुआई में हाल ही में भारतीय टीम एशिया कप और एशियन गेम्स में चैंपियन बनी थी। हालांकि, टी20 वर्ल्ड कप में उसे हार का सामना करना पड़ा था।

बिटचैट को प्ले स्टोर और एपल स्टोर से हटाया

नई दिल्ली। भारत सरकार ने आंतरिक सुरक्षा के मद्देनजर ब्लूटूथ आधारित मैसेजिंग एप



बिटचैट को गूगल प्ले स्टोर और एपल एप स्टोर से हटा दिया है। बिटचैट इंटरनेट आधारित मैसेजिंग से अलग काम करता है। ब्लूटूथ के जरिए आपस में जुड़कर संदेश भेज सकते हैं। इसके लिए मोबाइल डेटा या वाई-फाई की आवश्यकता नहीं होती।

प्रो. हैल्जेन को 2026 का भौतिकी नोबल पुरस्कार

नई दिल्ली। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन-मैडिसन के प्रोफेसर फ्रांसिस



हैल्जेन को 2026 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने उन्हें आइसक्यूब न्यूट्रिनो वेधशाला में निर्णायक योगदान और खगोलीय स्रोतों से आने वाले उच्च-ऊर्जा न्यूट्रिनो की खोज के लिए सम्मानित किया है। न्यूट्रिनो कम द्रव्यमान वाले कण हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे पर कांग्रेस का कोहराम

राहुल, प्रियंका हिरासत में, विपक्षी गठबंधन का संसद से सड़क तक विरोध प्रदर्शन

हिरासत में रखने के दो घंटे के बाद राहुल प्रियंका को रिहा कर दिया गया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष का आंदोलन मंगलवार को राजधानी दिल्ली में उस समय नाटकीय मोड़ पर पहुंच गया, जब संसद भवन से चुनाव आयोग मुख्यालय, निर्वाचन सदन तक मार्च कर रहे विपक्षी सांसदों को पुलिस ने नीति आयोग के पास रोक दिया। इसके बाद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने आकाशवाणी भवन परिसर में धरना शुरू कर दिया।

इससे पहले दोनों नेताओं समेत कई विपक्षी नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया था। करीब 300 विपक्षी सांसदों के इस मार्च में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी और ▸▸शेष पेज 5 पर



पुराने मतदाता रिकॉर्ड बहाल करने की मांग

मार्च की शुरुआत संसद के मकर द्वार से करीब 11 बजे हुई। विपक्षी सांसदों का घोषित उद्देश्य चुनाव आयोग पहुंचकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात करना और उनके इस्तीफे की मांग उठाना था। प्रदर्शनकारी एसआईआर यानी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और फॉर्म-6 में हुए बदलावों को लेकर सवाल उठा रहे थे। विपक्ष ने पुराने मतदाता रिकॉर्ड बहाल करने और एसआईआर को रोकने की मांग भी उठाई।

मार्च रोकने के लिए हिरासत में लिया

पुलिस ने संसद मार्ग और नीति आयोग के आसपास भारी बैरिकेडिंग की थी। मार्च को आगे बढ़ने से रोकने के बाद कई विपक्षी नेताओं को बसों में बैठाकर हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए गए नेताओं में अखिलेश यादव, अभिषेक बनर्जी, डेरेक ओ'ब्रायन और अन्य विपक्षी सांसद भी शामिल थे। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी पुलिस की कार्रवाई के बीच कुछ समय के लिए हिरासत में लिए गए, लेकिन बाद में दोनों आकाशवाणी भवन परिसर में पहुंच गए।

बैरिकेड पर चढ़ तिरंगा लहराया

राहुल गांधी ने बैरिकेड पर चढ़कर तिरंगा लहराया और बाद में आकाशवाणी परिसर से चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 300 से अधिक विपक्षी सांसद चुनाव आयुक्तों से मिलने के लिए आए हैं और जब चुनाव आयोग का कार्यालय कुछ ही दूरी पर है तो निर्वाचित सांसदों को वहां जाने से क्यों रोका जा रहा है। राहुल ने सवाल किया कि यदि देश की जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसदों से चुनाव आयोग बात नहीं करेगा तो लोकतंत्र का अर्थ क्या रह जाएगा।

'वोट चोरी' से देश हाईजैक

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर बेहद तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों ने मिलकर 'वोट चोरी' के जरिए देश को हाईजैक किया है। राहुल ने कहा कि देश के साथ जो किया गया है, वह 'देशद्रोह' है और उनके अनुसार जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ये राहुल गांधी के राजनीतिक ▸▸शेष पेज 5 पर

वोट के अधिकार को कमजोर किया जा रहा: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं और जनता के वोट के अधिकार को कमजोर किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि विपक्ष लोकतंत्र और मतदान के अधिकार की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखेगा।

राहुल, प्रियंका ने आकाशवाणी भवन परिसर में दिया धरना

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक मोड़ राहुल और प्रियंका गांधी का अचानक आकाशवाणी भवन परिसर में चले जाना रहा। पुलिस द्वारा विपक्षी सांसदों को बसों में ले जाने के बाद जब प्रदर्शन समाप्त होता दिखाई दे रहा था, तब दोनों नेता मुख्य मार्ग के बजाय आकाशवाणी भवन परिसर में दाखिल हो गए और वहां पेड़ के नीचे बैठकर धरना शुरू कर दिया। कुछ रिपोर्टों ने इसे पहले से घोषित कार्यक्रम के बजाय मौके पर लिया गया कदम बताया है। ▸▸शेष पेज 5 पर

प्रवक्ता संबित पात्रा का कांग्रेस पर तंज

भाजपा की मदद ज्ञानेश नहीं 'गणेश' जी कर रहे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि भाजपा की मदद ज्ञानेश कुमार नहीं, बल्कि बुद्धि, विद्या और ज्ञान के देवता गणेश जी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर देश में अराजक माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। पात्रा ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य किसी भी तरह राहुल गांधी को राजनीतिक रूप से 'रीलॉन्च' करना है। उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ समय से सेना, सुप्रीम कोर्ट, एचएएल, हिंदुओं और ईवीएम के बाद अब चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। भाजपा नेता ने कांग्रेस से 10 सवाल पूछे। इनमें करीब दो करोड़ मृत मतदाताओं के नाम हटाने, 'वोट चोरी' के आरोप, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तमिलनाडु की सरकारों की वैधता, एसआईआर की पिछली प्रक्रियाओं और कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंटों की भूमिका से जुड़े सवाल शामिल हैं। उन्होंने पूछा कि यदि कांग्रेस चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर सवाल उठा रही है तो उसके अनुसार पिछली एसआईआर के बाद बनी कांग्रेस सरकारों की वैधता पर क्या सवाल उठेंगे। पात्रा ने यह भी सवाल किया कि 1993 से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया में प्रधानमंत्री की भूमिका पर कांग्रेस का क्या रुख था। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव हारने पर कांग्रेस चुनाव आयोग पर सवाल उठाती है और जीतने पर उसी व्यवस्था को स्वीकार करती है।

राहुल देश में झूठ, छल और भ्रम पैदा कर रहे

भाजपा सांसद ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया। उसने सिर्फ नोटिस जारी किए हैं। अभी तक सुनवाई भी नहीं हुई है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने कहा है कि जब सुनवाई होगी, तब मामले की जांच की जाएगी। फिर भी, राहुल गांधी देश में अराजकता, झूठ, छल और भ्रम का माहौल पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी न्यायालय का हवाला देकर 'अपनी राजनीति चमकाने' की कोशिश कर रहे हैं और उसका गलत उद्धरण दे रहे हैं। पात्रा ने आरोप लगाया कि कुछ विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस, केंद्र की सत्ता से भाजपा को हटाने और राहुल गांधी को इसके लिए मेहनत किए बिना शीर्ष पद तक पहुंचाने के लिए एक सुनियोजित प्रयास में लगे हुए हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'नेशन फर्स्ट' और 'सिटिजन फर्स्ट' को बताया नेतृत्व का आधार

मोदी के 25 साल के नेतृत्व पर कैबिनेट ने दी बधाई

'गुजरात मॉडल' से विकसित भारत के संकल्प तक गिनाईं उपलब्धियां

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को सरकार के मुखिया के रूप में उनके लगातार 25 वर्ष पूरे करने पर बधाई प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में मोदी के नेतृत्व को 'नेशन फर्स्ट' और 'सिटिजन फर्स्ट' की भावना पर आधारित बताते हुए गुजरात से राष्ट्रीय स्तर तक उनके नेतृत्व सफर का उल्लेख किया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि गुजरात में तीन बार मिले जनादेश और लगातार तीन लोकसभा चुनावों में जनता के समर्थन ने उनके नेतृत्व में विश्वास को दर्शाया। गुजरात की स्वागतम प्रणाली और ज्योतिग्राम योजना जैसी पहलों को राष्ट्रीय स्तर पर लागू किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा गया कि जनधन योजना, आवास, पीएम-किसान और लखपति दीदी जैसी योजनाओं से बड़े पैमाने पर लोगों को लाभ मिला। कैबिनेट ने जीएसटी, डिजिटल भुगतान, यूपीआई, जनधन-आधार-मोबाइल व्यवस्था और स्वदेशी वैक्सीन को महत्वपूर्ण बदलावों से जोड़ा। प्रस्ताव में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा उत्पादन में वृद्धि तथा सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रगति का भी उल्लेख किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर, अनुच्छेद 370 हटाने, वन रैंक वन पेंशन और सीडीएस पद के गठन को निर्णायक कदम बताया ▸▸शेष पेज 5 पर



विकास, गरीब कल्याण, तकनीक, सुरक्षा और वैश्विक भूमिका का किया उल्लेख

वैदबाण आयुर्वेदिक के ऐम.डी. सुभाष गोयल ने की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात, होम रैमिडीज़ पर हुई चर्चा



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी वैदबाण आयुर्वेदिक के ऐम. डी. सुभाष गोयल को राष्ट्रपति भवन, दिल्ली में बुलाकर सम्मानित करते हुए



सुभाष गोयल इन दिनों XN-PRASH च्यवनप्राश को लेकर चर्चा में है। इसी के चलते वैदबाण आयुर्वेदिक के ऐम. डी. सुभाष गोयल तथा उनकी बेटी डा. मिशेल गोयल को परिवार सहित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात के लिए दिल्ली राष्ट्रपति भवन में बुलाया गया, इस दौरान भारतीय रसोई, स्वस्थ जीवनशैली व घरेलू रैमिडीज़ पर विस्तार से बात-चीत की।

रक्षा मंत्रालय ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्रा.लि. के साथ किया 661.50 करोड़ रुपए का समझौता

8 अक्टूबर को हिंडन में होने वाले वायुसेनादिवस समारोह का भी हिस्सा बनेगी ब्रह्मोस मिसाइल

नौसेना के युद्धपोतों के लिए होगी ब्रह्मोस फायर कंट्रोल सिस्टम, लांचर की खरीद

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

चीन-पाकिस्तान की सीमाओं से बढ़ती युद्ध की साझा चुनौती के दौर में भारत अपनी सुपरसोनिक (ध्वनि की गति से भी तेजी से हमला करने में सक्षम) ब्रह्मोस मिसाइल की मारक क्षमता में तेजी के साथ और अधिक वृद्धि करने में जुटा हुआ है। इसी कवायद के बीच मंगलवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) के साथ कुल 661.50 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि समझौते का संबंध मुख्य रूप से मिसाइल के फायर कंट्रोल सिस्टम और लांचर की खरीद से जुड़ा हुआ है। जिसे रक्षा खरीद प्रक्रिया (डीपीपी) में शामिल ▸▸शेष पेज 5 पर



68% स्वदेशी सामग्री, एमएसएमई की भागीदारी

मंत्रालय ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। परियोजना के जरिए फायर कंट्रोल सिस्टम और लांचर में कुल करीब 68% स्वदेशी सामग्री लगाई जाएगी। इसके अलावा इसमें देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की भी भागीदारी देखने को मिलेगी। 600 करोड़ रुपए से अधिक के इस समझौते की मदद से केवल नौसेना की युद्धक ▸▸शेष पेज 5 पर

तीन साल चलेगी परियोजना, रोजगार मिलेंगे

परियोजना को पूरा होने में कुल 36 महीने का वक्त लगेगा और इस दौरान स्वदेश में रोजगार सृजन भी होगा। ये अनुबंध एक प्रकार से देश की समुद्री सुरक्षा संरचना, रक्षा क्षमताओं को मजबूती प्रदान करता है। साथ ही यह उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी के स्वदेशीकरण के लिए लगातार चल रहे प्रयासों की दिशा में भी एक बड़ी उपलब्धि के समान है। नौसेना के अधिकतर जंगी युद्धपोत ब्रह्मोस मिसाइल से लैस हैं। यह सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है। जिसे भारत तकनीक के मामले में एक शानदार उदाहरण के रूप में देखता है। सुपरसोनिक यानी ध्वनि की गति से भी तेजी के साथ अपने लक्ष्य पर निशाना लगाने के अलावा यह मिसाइल विस्तारित रेंज के साथ जमीन, समुद्र में दुश्मन के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर सकती है।

वायुसेनादिवस प्रदर्शनी में नजर आएगी ब्रह्मोस

उधर, 8 अक्टूबर को देश में मनाए जाने वाले 94वें वायुसेनादिवस के पूर्व में 6 अक्टूबर को गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर परेड से जुड़ी हुई फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदर्शनी में पहली बार ब्रह्मोस मिसाइल को भी शामिल किया गया है। ब्रह्मोस के अलावा मुख्य आयोजन में ▸▸शेष पेज 5 पर

'विद्या वाहिनी योजना' के तहत 581 छात्राओं को साइकिलें वितरित

छात्राओं के विद्यालय आने-जाने को सुगम बनाना है लक्ष्य : आशीष सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को जनकपुरी के ए-ब्लॉक स्थित दो सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9 की छात्राओं को 'विद्या वाहिनी योजना' के तहत साइकिलें वितरित कीं। इस अवसर पर राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय, ए-ब्लॉक और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ए-ब्लॉक की कुल 581 छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं।

उन्होंने बताया कि 'विद्या वाहिनी योजना' दिल्ली सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य माध्यमिक स्तर की छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना और उनके



विद्यालय आने-जाने को सुगम बनाना है। योजना के तहत दिल्ली में कक्षा 9 में अध्ययनरत लगभग 1 लाख 40 हजार छात्राओं को उच्च गुणवत्ता वाली ब्रांडेड साइकिलें उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। अब तक दिल्ली में लगभग 18 हजार छात्राओं को साइकिलें वितरित की जा चुकी हैं। यह योजना छात्राओं के स्कूल तक दैनिक आवागमन को अधिक सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। छात्राओं, अभिभावकों और विद्यालय के अधिकारियों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि यह पहल केवल साइकिल उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए खुशी केवल इस बात की नहीं है कि हमारी बेटियों को साइकिलें दी जा रही हैं। मेरी खुशी इस बात में है कि हम शायद उनके सपनों को पंख न दे पाए हों, लेकिन हमने उन्हें पहिए जरूर दे दिए हैं।


आत्मविश्वास का प्रतीक है साईकिल

सूद ने कहा कि साइकिल छात्राओं के लिए स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का प्रतीक है। इससे वे विद्यालय आने-जाने के साथ-साथ आसपास के बाजार और अन्य आवश्यक स्थानों तक भी अपने परिवार के सदस्यों पर निर्भर हुए बिना जा सकेंगी। उन्होंने माताओं से भी अपनी बेटियों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने का आह्वान किया। शिक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न सुधारों और विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। विद्यालयों में किए जा रहे प्रमुख कार्यों को भी गिनाया।

फर्श बाजार में पुरानी रंजिश में युवक को गोलियां मारी

बीच बचाव में आई मौसी पर किया चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



फर्श बाजार इलाके में एक युवक को गोलियां मारी गईं। युवक के हाथ व पैर पर दो गोली लगी। बीच बचाव में आई उसकी मौसी पर भी बदमाशों ने चाकू से वार कर दिए। घायल जावेद व मुन्ना देवी को हेडगेवार अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शुरुआती पुलिसिया जांच में पुरानी रंजिश की बात सामने आई है।

पुलिस के अनुसार जावेद अपने परिवार के साथ भीकम सिंह कॉलोनी में किराये पर रहता है। परिवार ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात को जावेद घर के दरवाजे पर ही बैठा था। इसी दौरान तीन लोग वहां पहुंचे और पिस्टल निकालकर गोलियां चला दी। गोलियों की आवाज सुनकर जब युवक की मौसी आई तो बदमाशों ने उस पर भी चाकू से हमला किया। बताया जाता है कि तीनों हमलावर सीमापुरी थाना क्षेत्र के रहने वाले है। पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल हमलावरों की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। कुछ संदिग्ध लोगों के ठिकाने पर भी दबिश दी जा रही है।

दिल्ली पुलिस ने अग्रिम पंक्ति के कर्मियों को 'बॉडीकैम' से लैस किया

नई दिल्ली। सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर राजधानी में विरोध प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाकर्मियों द्वारा ज्यादती किए जाने के आरोपों के बीच दिल्ली पुलिस ने नई दिल्ली इलाके में अग्रिम पंक्ति में तैनात अपने अधिकारियों और कर्मियों को 'बॉडी-वॉर्न' कैमरे जारी किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बॉडीकैम नई दिल्ली इलाके में तैनात अधिकारियों को जारी किए गए हैं, विशेष रूप से वे जो भीड़ प्रबंधन और विरोध स्थलों तथा भारत निर्वाचन आयोग के कार्यालय की ओर जाने वाली सड़कों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हैं। पुलिस के एक सूत्र ने कहा कि 'बॉडीकैम' से घटनाओं और पुलिस कर्मियों व प्रदर्शनकारियों के बीच बातचीत का वीडियो रिकॉर्ड किए जाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के खिलाफ आरोप लगाए जाने की स्थिति में यह साक्ष्य भी प्रदान करेगा।

खबर संक्षेप

थाने के लॉकअप में झगड़े के आरोपी की मौत

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत कुंज नॉर्थ थाने के लॉकअप में एक झगड़े के आरोपी की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। मृतक का नाम प्रहलाद राम (40) बताया गया है। पुलिस के अनुसार 5 अक्टूबर को रुचि विहार, वसंत कुंज में हुए झगड़े के बाद लगभग प्रहलाद राम को बीएनएसएस की धारा 126/170 के तहत एहतियाती कार्रवाई के लिये हिरासत में लिया गया था। सफदरजंग अस्पताल में उनकी मेडिकल जांच करवाई गई थी। इसके बाद उन्हें वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस स्टेशन के लॉकअप में रखा गया। मंगलवार सुबह लगभग 9:22 बजे उनकी तबीयत बिगड़ी और अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें 'ब्रॉट डेड' घोषित कर दिया गया।

भाजपा पंजाब में करवा रही है सीबीआई की छापेमारी: भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि पंजाब में विधानसभा चुनावों के चलते भाजपा अब सीबीआई का इस्तेमाल करके आप नेताओं पर छापेमारी करवा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव से दो महीने पहले पंजाब के मुख्यमंत्री कार्यालय पर सीबीआई की रेड बीजेपी की बौखलाहट का ताजा नतीजा है। जब से सेंटर में बीजेपी की सरकार आई है उसने पंजाबियों के साथ हमेशा ही धोखा ही किया है। चाहे किसान आंदोलन हो, पंजाब के पानी का मुद्दा हो, पंजाब यूनिवर्सिटी का मुद्दा हो या अन्य मुद्दा क्यों न हो। भारद्वाज ने कहा कि अब तो पंजाब के चुने हुए मुख्यमंत्री के साथ भी धोखा कर रही है। बीजेपी चुनाव में ईमानदारी से लड़के पंजाब में जीत नहीं सकती।

सीनियर डॉक्टर से 25 लाख की रंगदारी मांगने वाला आरोपी धरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पश्चिम विहार ईस्ट पुलिस स्टेशन और आउटर डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने डॉक्टर से 25 लाख की रंगदारी के मामले को सुलझा लिया है। गिरफ्तार किये गये आरोपी ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताकर रंगदारी मांगी थी। रंगदारी के लिए कॉल करने में इस्तेमाल किया गया मोबाइल, सिम कार्ड और एक कार जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार पश्चिम विहार ईस्ट पुलिस स्टेशन में एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें बालाजी एक्शन हॉस्पिटल के सीनियर डॉक्टर ने बताया कि उन्हें अपने पर्सनल मोबाइल नंबर पर धमकी भरा कॉल आया था। कॉलर ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया और रंगदारी के तौर पर 25 लाख की मांग की। कॉलर ने यह भी कहा कि उसे शिकायतकर्ता की पर्सनल जानकारी, जैसे उनकी कार का नंबर और पत्नी का नाम भी पता है। एसआई गौरव ने मामले कीजांच शुरू की। 2 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज की गई। आरोपी ने शिकायतकर्ता से दो अक्टूबर को फिर संपर्क किया और उसे रोहिणी के जयपुर गोल्डन हॉस्पिटल के पास फिरौती की रकम लाने के लिए कहा। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाया। फिरौती की रकम लेने पहुंचे हिमांशु जैन को पकड़ा। वह पहले भी सुभाष प्लेस और प्रीत विहार के दो मामलों में शामिल रहा है। आरोपी ने बताया कि उसने अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए यह अपराध किया था। 35 वर्षीय हिमांशु जैन पूठ गांव का रहने वाला है।

बवाना से लापता 10 वर्षीय लड़के का शव पास के जंगल में मिला

नई दिल्ली। बवाना इलाके से लापता हुए 10 वर्षीय लड़के का शव एक कब्रिस्तान के पास जंगल इलाके में मिला। मृतक के हाथों व पैरों पर चोट के निशान थे। बच्चे इंतजार को आखिरी बार रविवार को बवाना स्थित घर के पास गली में खेलते देखा गया था। पुलिस को सोमवार दोपहर करीब तीन बजे नरेला औद्योगिक क्षेत्र में एक बच्चे का शव खून से लथपथ अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया। मौत का कारण पता लगाने के लिए पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। बच्चे के पिता अयूब के अनुसार इंतजार रविवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे घर के पास खेल रहा था। इसके बाद वह अचानक लापता हो गया। परिवार ने आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की लेकिर कोई पता नहीं चला। पुलिस में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई गई। परिवार ने इलाके में झूला लगाने वाले एक व्यक्ति को भी बच्चे की तस्वीर दिखाई थी। सोमवार दोपहर उस व्यक्ति ने परिवार को बताया कि पास के जंगल में एक बच्चे का शव मिला है, जिसे चरवाहों ने देखा था। अयूब ने बताया कि परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव की पहचान इंतजार के रूप में की। अयूब ने कहा कि बच्चे के शरीर पर चोट के निशान से संदेह है कि उसकी हत्या की गई होगी। परिवार का कहना है कि इंतजार पहले कभी जंगल की ओर नहीं गया था। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस अधिकारी का एआई-जनित पोस्टर बनाने का आरोपी पत्रकार होने का करता था दावा : दिल्ली पुलिस

एजेंसी. **नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी द्वारा एक महिला का कथित यौन उत्पीड़न किए जाने को दर्शाने वाला एआई-जनित फर्जी पोस्टर बनाने और उसे प्रसारित करने के आरोप में 24 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी खुद को स्वतंत्र पत्रकार बताता था और एक इंस्टाग्राम अकाउंट चला रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी नदीम ने साकेत के एक मदरसा में पढ़ाई की थी और वह 10वीं कक्षा पास नहीं कर पाया था। नदीम को सोमवार को गिरफ्तार किया गया और बाद में अदालत में पेश किया गया, जिसने आगे की जांच के लिए उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया। नई दिल्ली के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) मंजीत ने कहा कि नदीम ने एक स्वतंत्र पत्रकार होने का दावा किया था और अप्रैल में एक इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया था, जिसपर लगभग 24,000 फॉलोअर और 1,226 पोस्ट हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने कथित तौर पर सोशल मीडिया पर पोस्टर अपलोड और प्रसारित किया था, जिसमें एक पुलिस अधिकारी द्वारा महिला का यौन उत्पीड़न करते हुए दिखाया गया था। अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ता इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या इस कथित साजिश में अन्य लोग भी शामिल थे और उनकी पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह मामला मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान एक महिला पत्रकार द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाए जाने के बीच आया है। एसीपी विवेक भगत को सोमवार को उनके बैच के तीन अन्य अधिकारियों के साथ अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के पद पर पदोन्नत किया गया था, लेकिन सरकार ने उन्हें अतिरिक्त प्रभार देने का आदेश वापस ले लिया।

दिल्ली पुलिस का डीटीयू में 'संवाद' कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

युवाओं को नशे और साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

दिल्ली पुलिस द्वारा दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीटीयू सहित एनआईटी, अदिति महाविद्यालय, सिरी फोर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट तथा दिल्ली कॉलेज फॉर एडवांस्ड स्टडीज के लगभग 600 छात्रों एवं फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। नॉर्दर्न रेंज के ज्वाइंट सीपी विजय सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुये नशे से दूर रहने, जागरूक एवं जिम्मेदार निर्णय लेने तथा साइबर अपराधों की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डीटीयू कुलपति प्रतीक शर्मा ने भी छात्रों को संबोधित किया तथा युवाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें महत्वपूर्ण सामाजिक एवं सुरक्षा संबंधी मुद्दों के प्रति जागरूक करने की दिल्ली पुलिस की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में उद्यमी नील डीसिल्वा द्वारा भी नशा मुक्ति एवं नशे के दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक सत्र लिया गया। नील स्वयं नशे की लत से उबर चुके हैं और वर्तमान में एक सफल उद्यमी है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए छात्रों को नशे के गंभीर सामाजिक एवं व्यक्तिगत दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा स्वस्थ एवं जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साइबर विशेषज्ञ गोविंद राय ने छात्रों को साइबर अपराधों के बदलते स्वरूप, ऑनलाइन फ्रॉड, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार तथा साइबर दुनिया में सतर्क रहने के उपायों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

पूर्व सह जीवनसाथी पर तेजाब से हमला, आरोपी फरार

नई दिल्ली। भजनपुरा इलाके में मंगलवार को 24 वर्षीय महिला पर तेजाब फेंकने का मामला सामने आया। आरोप पूर्व सह जीवनसाथी पर है। इस घटना में महिला गंभीर रूप से झुलस गई। पुलिस ने बताया कि महिला सुबह करीब छह बजे घटना के समय काम पर जा रही थी और हमले में उसका चेहरा, सीना और जांघ गंभीर रूप से झुलस गए हैं। उसे पहले जगप्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया और बाद में गुरुतेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल भेजा गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि महिला अपने परिवार से अलग रहती है और भजनपुरा इलाके में करीब ढाई से तीन साल से किराये के आवास में रह रही है। वह करीब तीन साल से आरोपी के साथ सह जीवन संबंध में थी। पुलिस ने बताया कि महिला ने करीब ढाई से तीन महीने पहले आरोपी से दूरी बना ली थी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित की हैं। महिला का परिवार मूलरूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है।

एसीपी भगत ने जांच पूरी होने तक प्रमोशन रोकने का आग्रह किया

नई दिल्ली। एक महिला पत्रकार का यौन उत्पीड़न करने के आरोपों का सामने कर रहे कनॉट प्लेस के एसीपी विवेक भगत का प्रमोशन रूकता नजर आ रहा है। भगत ने खुद पुलिस कमिश्नर अनुराग कुमार को पत्र लिखकर अपराध शाखा में जांच लंबित रहने तक एडिशनल डीसीपी का कार्यभार सौंपने संबंधी आदेश को स्थगित रखने का आग्रह किया है। भगत को एडीसीपी का कार्यभार सौंपने संबंधी एक आदेश सोमवार को जारी किया गया था। पुलिस कमिश्नर को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, एक यूट्यूबर द्वारा मेरे खिलाफ लगाए गए आरोपों के संबंध में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा में लंबित जांच को देखते हुए, मैं केवल मुझसे संबंधित इस आदेश को स्थगित रखने के लिए अपनी सहमति देता हूं। कनॉट प्लेस के उप-मंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) के रूप में तैनात भगत ने पत्र पर हस्ताक्षर किए और अनुरोध किया कि केवल उनसे संबंधित आदेश को स्थगित रखा जाए। इससे पहले दिल्ली सरकार ने देर रात कहा था कि भगत के अनुरोध पर उन्हें अतिरिक्त डीसीपी का कार्यभार सौंपे जाने के आदेश को तब तक रोका जा रहा है, जब तक कि महिला पत्रकारों के कथित उत्पीड़न की जांच पूरी नहीं हो जाती। भगत उन 12 'दानिप्स' अधिकारियों में शामिल थे, जिन्हें एडीसीपी के पद का कार्यभार सौंपने संबंधी आदेश जारी किया गया था। सरकार ने कहा था कि इन अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार सौंपने का प्रस्ताव 25 अगस्त को शुरू किया गया था और यह मौजूदा घटनाक्रम से काफी पहले का है। गौरतलब है कि तीन महिला पत्रकारों ने बीते शनिवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस के अधिकारियों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। मामले की जांच अपराध शाखा को सौंपी गई है।

लता गुप्ता ने छात्राओं से किया संवाद

'छात्राओं को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न को चुपचाप सहन नहीं करना चाहिए'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

छात्राओं को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, भेदभाव या परेशानी को चुपचाप सहन नहीं करना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध शिकायत एवं कानूनी तंत्र का उपयोग कर अपनी आवाज उठानी चाहिए। यह बात दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष लता गुप्ता ने मंगलवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज एवं राजधानी कॉलेज की छात्राओं के साथ 'बेटियों के साथ भरोसे का संवाद-नारी शक्ति संवाद' कार्यक्रम के तहत संवाद करते हुए कही। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकार, शिकायत तंत्र, डिजिटल सुरक्षा एवं महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी समस्याओं, अनुभवों और सुझावों को सीधे सुनना रहा। संवाद के दौरान लता गुप्ता ने छात्राओं को साइबर अपराधों से सावधान रहने तथा साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन उत्पीड़न, निजी तस्वीरों एवं वीडियो के दुरुपयोग और ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग जैसे मामलों में सतर्क रहने की अपील की। छात्राओं ने महिला सुरक्षा, शिक्षा, करियर, डिजिटल सुरक्षा और अन्य सामाजिक मुद्दों से जुड़े सवाल एवं सुझाव साझा किए। लता गुप्ता ने छात्राओं की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके प्रश्नों पर विस्तार से चर्चा की।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुर्शीद आलम उर्फ घोंचू पुत्र** सदरे आलम, **निवासी** झुग्गी नं0 एन–38/बी–109, सीडी पार्क, जहांगीरपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 270/2022, U/S 25/54/59 Arms Act, पुलिस स्टेशन जहांगीरपुरी, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुर्शीद आलम उर्फ घोंचू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुर्शीद आलम उर्फ घोंचू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 270/2022, U/S 25/54/59 Arms Act, पुलिस स्टेशन जहांगीरपुरी, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मुर्शीद आलम उर्फ घोंचू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.11.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री साहिल गुप्ता
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07, (उत्तर), कोर्ट नं0–6, भूतल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14044/NW/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक पुत्र विजेंदर कुमार निवासी डी–502/10, साई कॉम्प्लेक्स, अशोक नगर, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 501/2024, अंतर्गत धारा 305/317(2) भारतीय न्याय संहिता, थाना ज्योति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** फरार हो गया/गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 501/2024, अंतर्गत धारा 305/317(2) भारतीय न्याय संहिता, थाना ज्योति नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
राहुल सैनी
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08
कमरा नं. जी–6, न्यू कोर्ट बिल्डिंग
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/14202/NE/2026
(Court Matter)

कार्यालय :- जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम

नीलामी सूचना

दिए गए कार्यक्रम अनुसार जो जहां है–जैसा है के आधार पर जर्जर भवन / कमरों को तोड़ने, सल्वेज्ड मैटीरियल को अधिकार में लाने सहित मौजूदा ढांचे की डिसमंटलिंग सामग्री की स्थल से सफाई के उद्देश्य हेतु खण्ड फरुखनगर, जिला गुरुग्राम में निम्नलिखित पुरानी व असुरक्षित ईमारतों / कमरों की नीलामी।

Sr. No.	Block	Name of School	Name of Village	No. of Rooms/ Building	Estimate Cost	नीलामी की तिथि, समय, स्थान
1	Farrukhnagar	GPS Budhera	Budhera	01 ROOM + 1 kitchen	14000/-	16.10.2026,11.00 AM खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय फरूखनगर
2	Farrukhnagar	GPS Bawra Bakipur	Bawra Bakipur	05 ROOMS	64000/-	
3	Farrukhnagar	GMS Jhanjhrola	Jhanjhrola	01 ROOM + 1 kitchen	14000/-	
4	Farrukhnagar	GPS Baskhushla	Baskhushla	02 ROOMS	32000/-	
5	Farrukhnagar	GGMS Sultanpur	Sultanpur	04 ROOMS	24000/-	
6	Farrukhnagar	GPS Iqbalpur	Iqbalpur	01 ROOM + 1 kitchen	14000/-	
7	Farrukhnagar	GPS Dhanawas	Dhanawas	01 ROOM	14900/-	
8	Farrukhnagar	GPS Kaliawas	Kaliawas	All Building	154400/-	
9	Farrukhnagar	GPS Joniawas	Joniawas	01 ROOM	12800/-	
10	Farrukhnagar	GPS Jurola	Jurola	02 ROOMS	24500/-	

प्रत्येक बोलीदाता को अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट के रुप में 25000/– की राशि बोली के लिए योग्यता प्राप्त करने के लिए जमा करवानी होगी जो बोलीदाता को छोड़कर नीलामी की समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।

1. सफल बोलीदाता को बोली राशि 100 प्रतिशत हथौड़ा गिरते ही जमा करवानी होगी। असफल रहने पर जमा करवाई गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
2. सफल बोलीदाता को कुल बोली का 10 प्रतिशत जमानत के तौर पर अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में ड्राफ्ट के रुप में जमा करवानी होगी जो कार्य समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।
3. ईमारत अनुमोदन जारी के एक माह में ईमारत तोड़ी जानी चाहिए तथा स्थल मलबा रहित होना चाहिए जिसके असफल रहने पर शेष साल्वेज्ड पर सरकार द्वारा कब्जा ले लिया जाएगा।
4. पार्टियों के मध्य किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्राधिकार गुरुग्राम रहेगा।
5. अगर अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण डिसमेंटलिंग के लिए ईमारत का कब्जा समय में नहीं दिया है तो ठेकेदार को कोई राहत नहीं दी जाएगी। केवल समय बढ़ाया जाएगा।

नोटः– बोलीदाता बोली व नीलामी होने से पहले स्थल (विद्यालयों की असुरक्षित ईमारतों / कमरों) को देख सकते हैं।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम

पीआरडीएच–1132/11/214/2027/49967/88/7 दि. 06.10.26

खबर संक्षेप

प्रदूषण, धूल मिट्टी की रोकथाम के लिए निगम की तैयारियां तेजः सत्या

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा है कि आगामी सर्दियों के दौरान वायु प्रदूषण व धूल मिट्टी की रोकथाम के लिए विंटर एक्शन प्लान की तैयारियां तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण के मद्देनजर सड़कों की मरम्मत, मैकेनिकल स्वीपिंग, वाटर सप्रिंकलर, एंटी-स्मॉग गन, डीप क्लीनिंग और हरित क्षेत्र को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सत्या शर्मा ने बताया कि एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में लगभग 6,127 किलोमीटर सड़कों पर करीब 57,000 सफाई मित्रों द्वारा नियमित मैनुअल स्वीपिंग की जा रही है। वर्ष 2026 में 1,202 किलोमीटर सड़कों की एंड-टू-एंड रीसर्फेसिंग, स्ट्रेंथनिंग का कार्य लिया गया है। इसके अलावा अप्रैल से अगस्त 2026 के बीच 6,797 गड्ढों की मरम्मत कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 18 मई 2026 से एमसीडी क्षेत्रों में डीप क्लीन ड्राइव के तहत सड़कों से पुराने जमा धूल एवं सिल्ट को हटाने का अभियान चलाया जा रहा है।

बिजली कंपनियों का दावा, 24 घंटे में दिया जाएगा अस्थायी बिजली कनेक्शन

नई दिल्ली। आगामी त्योहारी सीजन के चलते निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस और टाटा पावर-डीडीएल ने दावा किया है कि महज 24 घंटे में अस्थायी बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। निजी कंपनी बीएसईएस का कहना है कि दुर्गा पूजा, रामलीला, दिवाली मेला, शादियों और अन्य कार्यक्रमों के लिए डीजल जनरेटर के मुकाबले एक सुरक्षित और साफ-सुथरा विकल्प अस्थायी कनेक्शन हैं। इसलिए कोई भी उपभोक्ता जरूरत के अनुसार तत्काल अस्थायी बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए कंपनी की अधिकृत वेबसाइट, मोबाइल ऐप, व्हाटसअप या कस्टमर केयर, डिजी सेवा केंद्रों के जरिए आसानी से आवेदन प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। आसान और सुविधाजनक अनुभव के लिए उपभोक्ताओं को ऑनलाइन पेमेंट करने की भी सुविधा दी जा रही है।

उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने त्यागराज स्टेडियम से कई योजनाओं का किया शुभारंभ

'स्वस्थ नागरिक ही विकसित और सशक्त दिल्ली की आधारशिला'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्वस्थ नागरिक ही विकसित और सशक्त दिल्ली की आधारशिला हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं के शुभारंभ के अवसर पर यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत शुरू की गई स्वास्थ्य योजनाओं का उद्देश्य आधुनिक तकनीक, प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों और मानवीय दृष्टिकोण के समन्वय से दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत करना है।

उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य व्यवस्था की अग्रिम पंक्ति में रहकर गर्भवती महिलाओं, बच्चों और परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाएं एवं जागरूकता



पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके मासिक मानदेय को 3,000 रुपये से बढ़ाकर 6,000 रुपये किया जाना उनके योगदान और समर्पण के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने नवजात शिशुओं में शुरुआती स्तर पर स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान और समय पर उपचार के लिए अनमोल पहल और जी.बी. पंत अस्पताल में सोटो के नवनिर्मित केंद्र की सराहना की, जो अंगदान और प्रत्यारोपण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हर परिवार के स्वास्थ्य की चिंता करने वाली आशा बहनें घर-घर तक स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं को पहुंचाती हैं और अब आशा बहनों के सम्मान और कल्याण की चिंता करना हमारा दायित्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार का संकल्प है कि जो बहनें हर परिवार की सेवा कर रही हैं, उनके सम्मान, सुविधा और कल्याण का भी पूरा ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि घोषणाएं नहीं, परिणाम और ठोस कार्य देना सरकार का लक्ष्य है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत राज्य स्तरीय 'आशा सम्मेलन-2026 और आशा सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के दौरान जी. बी. पंत अस्पताल में सोटो (एसओटीटीओ) भवन का वर्चुअल उद्घाटन, अनमोल पहल का विस्तार, नर्सिंग होम मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल का शुभारंभ और आशा कार्यकर्ताओं के प्रोत्साहन भत्ते में ऐतिहासिक वृद्धि की घोषणा की गई।

'नर्सिंग पोर्टल पर प्रक्रियाओं को ऑनलाइन एवं पारदर्शी बनाया'

उपराज्यपाल ने कहा कि नर्सिंग होम मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण और नवीनीकरण जैसी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन एवं पारदर्शी बनाया गया है, जिससे प्रक्रियाएं सरल होंगी, अनावश्यक प्रशासनिक बाधाएं कम होंगी और निगरानी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के विजन के अनुरूप सरकार का प्रयास है कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। तकनीक, मजबूत स्वास्थ्य प्रणालियों और करुणा आधारित सेवा के समन्वय से दिल्ली को स्वस्थ, सक्षम और विकसित राजधानी बनाने की दिशा में कार्य जारी है।

डिजिटल सेवाओं से आसान होगी स्वास्थ्य व्यवस्थाः मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अंगदान केवल चिकित्सा प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानवता, संवेदना और जीवन के प्रति सम्मान का प्रतीक है। किसी व्यक्ति के निधन के बाद उसके अंग जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकते हैं। उन्होंने दिल्लीवासियों से अंगदान और देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान करते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं सोटो पोर्टल के माध्यम से देहदान का पंजीकरण कराया है। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं से परिवारों और वरिष्ठ नागरिकों तक अंगदान का संदेश पहुंचाने तथा इच्छुक लोगों को इसकी प्रक्रिया की जानकारी देने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति का संकल्प किसी दूसरे के जीवन में नई उम्मीद और नई शुरुआत बन सकता है।

आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं की सफलता में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली की आशा बहनें बड़ी बहन की तरह हर परिवार तक पहुंचकर स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देंगी और लोगों को उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार, स्वास्थ्यकर्मियों और नागरिकों के मिलकर काम करने से दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था और मजबूत होगी।

स्वास्थ्य क्षेत्र में ठोस कार्य सुनिश्चित करती रहेगी सरकार : डॉ. पंकज

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मिशन अनमोल के तहत जन्म के 24-72 घंटे के भीतर 63 प्रकार की जन्मजात स्वास्थ्य समस्याओं की स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने 'अंगदान महादान' का संदेश जन-जन तक पहुंचाने और अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के संकल्प को भी दोहराया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि काम, परिणाम और दिल्लीवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित करना है। स्वास्थ्य मंत्री ने उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व, सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आशा कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्यकर्मियों और विभागीय टीमों के समर्पित प्रयासों से दिल्ली सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में ठोस कार्य और परिणाम सुनिश्चित करती रहेगी।

आज दिल्ली के सीईओ कार्यालय पर करेंगे प्रदर्शन : भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने घोषणा की है कि आज मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बुधवार को दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। इस बारे में भारद्वाज ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया में कमियों के विरोध में आप, कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों के नेता व कार्यकर्ता बुधवार दोपहर एक बजे कश्मीरी गेट में सीईओ कार्यालय पर जुटेंगे। पार्टी ने पहले ही सड़क पर होने वाले सभी प्रदर्शन में शामिल होने का ऐलान किया था। भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को लेफ्ट पार्टियों और कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी पार्टियों ने आम आदमी पार्टी को कश्मीरी गेट स्थित दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय पर प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया है। जैसा कि आप ने पहले ही कहा था कि अगर सड़क पर कोई प्रदर्शन होगा, तो उसमें हमारा कैडर और हमारे लोग जरूर जाएंगे। इसलिए इस धरने-प्रदर्शन में भी आप पहले की तरह बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगी। इस प्रदर्शन में लेफ्ट की तमाम पार्टियां, कांग्रेस और आप हिस्सा ले रही हैं।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एसआईआर को रोकने, वोट चोरी और ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के खिलाफ पूरे विपक्ष के साथ राहुल गांधी के समर्थन में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अम्बेडकर भवन, पंचकुंईया रोड़ से मार्च किया। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ देवेंद्र यादव नारे लगाकर अपना विरोध दर्ज कराते हुए आगे बढ़ रहे थे तभी यादव सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए देवेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र सरकार अगर यह सोचती हे कि वो हमें रोक सकती है,



तो यह उसकी भूल होगी। राहुल गांधी के संघर्ष के साथ हम हर नागरिक के वोट देने के अधिकार के लिए तब तक लड़ते रहेंगे, जब तक मोदी जी ज्ञानेश कुमार से इस्तीफा नही ले लेते। यादव ने कहा कि वोट चोरी से छुटकारे के लिए ईवीएम

■ हम तब तक लड़ते रहेंगे, जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं दे देते : यादव

वोटिंग को कन्वर्ट करके चुनाव बैलेट से कराया जाना चाहिए और यह भी जरुरी है एसआईआर प्रक्रिया को बंद किया जाना चाहिए। यादव ने कहा कि भाजपा ने मनमर्जी से वोट बनाने वाले फार्म 6 में बदलाव करके देश के व्यस्क नागरिकों को उनके अधिकार से दूर रखने की साजिश की है, उसके खिलाफ संविधान को मजबूत बनाने के लिए हम सड़कों पर उतरकर भाजपा को केन्द्र और राज्यों में सत्ता दिलाने वाले चुनाव आयोग के खिलाफ एकजुट होकर अपना शांति पूर्ण विरोध दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता जान चुकी है कि उनके वोट चोरी हो रहे है और उनकी आजादी खत्म हो रही है।

यादव ने कहा कि आजादी के बाद महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरु, डॉ. अंबेडकर सहित बड़े नेताओं ने देशवासियों के हितों को सुरक्षित बनाने और उनके द्वारा निर्वाचित सरकार चुनने के लिए जिस संविधान बनाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम की थी, भाजपा सरकार उसे लगातार खत्म कर रही है। यादव ने कहा कि वोट चोरी के मास्टर माइंड ज्ञानेश कुमार को जेल जाना ही पड़ेगा। इस प्रदर्शन ने काजी निजामुद्दीन, उदित राज, अनिल भारद्वाज, दानिश अबरार आदि कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ता शामिल थे।

पुलिस कमेटी बैठक में जाम और अवैध अतिक्रमण के उठे मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की दक्षिण-पूर्व जिला स्तर की कमेटी की बैठक मंगलवार को दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों ने ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और अवैध कब्जों को हटाने पर जोर दिया ताकि लोगों का आवागमन सुगम हो सके।

बैठक में डीसीपी विनीत कुमार ने सदस्यों के सुझावों पर अमल करने और नगर निगम के साथ मिलकर अवैध कब्जों को हटाने का अभियान चलाने का आश्वासन दिया। बैठक में शामिल सदस्यों में विधायक नीरज बसोया, तरविंदर सिंह मारवाह, शिखा राय, चंदन कुमार चौधरी तथा अमानतुल्ला खान शामिल हैं। इसके अलावा नगर निगम की जोन चेयरमैन नीतू चौधरी, निगम पार्षद हेमचंद गोयल और निगम पार्षद राजपाल सिंह भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में डीसीपी विनीत कुमार और एडीएम मनोज कुमार पांडेय ने अधिकतर समस्याओं का निवारण करते हुए अधिकारियों को निर्देश जारी किए। नगर निगम के असिस्टेंट कमिश्नर और जिले के सभी आला पुलिस अफसरों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में सदस्यों ने आगामी त्योहार के सीजन में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए उचित प्रबंधों की मांग की। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जे हटने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

अवैध निर्माण के खिलाफ चल रहा निगम का हथौड़ा, 29 को किया ध्वस्त

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का अवैध निर्माण के खिलाफ सभी 12 जोन में व्यापक प्रवर्तन अभियान जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को निगम के हथौड़े ने 29 ध्वस्तीकरण कार्रवाई की। वहीं अनधिकृत निर्माण और भवन मानदंडों के उल्लंघन पर 7 संपत्तियां सील की और 5 अन्य संपत्तियों को ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किए। निगम द्वारा दी गई जानकारी अनुसार प्रवर्तन अभियान के दौरान शालीमार बाग, मयूर कुंज, पटपड़गंज, अंबेडकर नगर और शाहदरा सहित दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख ध्वस्तीकरण कार्रवाई की। फील्ड टीमों द्वारा चिन्हित अनधिकृत निर्माण और अन्य उल्लंघनों के खिलाफ लागू नियमों और प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई। एमसीडी ने दोहराया कि निगम के अधिकार क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अनधिकृत निर्माण और भवन मानदंडों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फील्ड अधिकारियों को क्षेत्र में कड़ी निगरानी बनाए रखने तथा एमपीडी, भवन उपविधियों और अन्य संबंधित नियमों के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अनधिकृत निर्माण, खतरनाक भवनों तथा जन सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करने वाले अन्य उल्लंघनों के खिलाफ यह प्रवर्तन अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

एनडीएमसी ने बी.के. दत्त कॉलोनी और लोधी रोड में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बी.के. दत्त कॉलोनी, लोधी रोड, नई दिल्ली स्थित नजफ खान मकबरे से सटे पार्क में में विशेष स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने किया।

चहल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना, पार्क की साफ-सफाई एवं नियमित रखरखाव में सुधार लाना तथा इसे स्थानीय नागरिकों के लिए स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित और उपयोगी सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित करना है। इस विशेष अभियान में एनडीएमसी के स्वास्थ्य, सिविल एवं उद्यान विभागों के संबंधित विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। चहल ने नजफ खान मकबरे से सटा पार्क में साफ-सफाईकी और 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पार्क परिसर में पीपल का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की है कि भविष्य में इस पार्क में एक व्यापक वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया जाएगा और पार्क को अधिक हरा-भरा एवं सुंदर बनाने के लिए सभी आवश्यक संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए केवल नियमित सफाई ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सार्वजनिक स्थलों का उचित रखरखाव, नागरिक सुविधाओं में सुधार और हरित क्षेत्रों का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। इसी उद्देश्य से एनडीएमसी के विभिन्न विभाग आपसी समन्वय के साथ इस पार्क के चरणबद्ध विकास एवं कायाकल्प की दिशा में कार्य करेंगे।

चहल ने बताया कि पार्क के समग्र विकास के लिए सिविल, उद्यान एवं स्वास्थ्य विभागों द्वारा अपने-अपने स्तर पर आवश्यक कार्य किए जाएंगे। सिविल विभाग द्वारा पार्क की ग्रिल, चारदीवारी एवं मुख्य प्रवेश द्वार की मरम्मत और रखरखाव पर ध्यान दिया जाएगा। उद्यान विभाग द्वारा घास की देखभाल, झाड़ियों एवं पेड़-पौधों की छंटाई, नए पौधों का रोपण तथा हरित क्षेत्र को व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने का कार्य किया जाएगा।

4.5 किलोमीटर लंबी बनेगी ड्रेन

लाखों निवासियों को मिलेगी जलभराव से राहत : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



किराड़ी समेत चार विधानसभा क्षेत्रों को जलभराव से मुक्ति मिलेगी और 70 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियों के लाखों निवासियों को इस जलभराव से राहत मिलेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को आयोजित व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में किराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित रेलवे लाइन के साथ करीब साढ़े चार किलोमीटर लंबी नई ड्रेन के निर्माण को स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना पर करीब 263 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने परियोजना को दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ड्रेन के निर्माण से किराड़ी सहित आसपास के चार विधानसभा क्षेत्रों की बड़ी आबादी को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। दिल्ली सचिवालय में आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक में सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हमारी सरकार के गंभीर व लगातार प्रयासों के चलते रेलवे ने भी इस परियोजना को स्वीकृति दी है।

किराड़ी क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और तेजी से हुए अनियोजित शहरीकरण के कारण यहां बारिश के दौरान जलभराव की समस्या गंभीर रहती है। अब इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

जल निकासी क्षमता बढ़ाने पर सरकार का फोकस : प्रवेश

दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य ऐसी परियोजनाओं को प्राथमिकता देना है, जिनका सीधा लाभ आम नागरिकों को मिले और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान भी हो।

प्रस्तावित ड्रेन रेलवे लाइन के साथ बनाई जाएगी और इसका डिजाइन डिस्चार्ज 760 क्यूसेक रखा गया है। लगभग 4.5 किलोमीटर लंबी यह ड्रेन मुंडका हॉल्ट स्टेशन से शुरू होकर सप्लीमेंटरी ड्रेन में जाकर मिलेगी।

'जलभराव से लोगों के जीवन पर पड़ता है सीधा असर'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इन क्षेत्रों के निवासी वर्षों से बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या झेलते आ रहे हैं। जलभराव केवल कुछ समय के लिए पानी जमा होने की समस्या नहीं है, बल्कि इससे लोगों के आवागमन, कारोबार, घरों और रोजमर्रा के जीवन पर सीधा असर पड़ता है। सरकार ने इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए स्थायी समाधान की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रस्तावित ड्रेन के निर्माण से बारिश के पानी की निकासी की क्षमता बढ़ेगी और लाखों लोगों को जलभराव तथा उससे जुड़ी परेशानियों से राहत मिलेगी।

'पिछली सरकारों ने गंभीरता से नहीं किया कार्य'

मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों की कार्यशैली पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने इस क्षेत्र में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए अपेक्षित गंभीरता से काम नहीं किया, लेकिन हमारी सरकार ने इसे प्राथमिकता देते हुए परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। यह केवल ड्रेन का निर्माण नहीं, बल्कि चार विधानसभा क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को बेहतर जल निकासी और सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना से किराड़ी, मुंडका, बवाना और नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्रों को सीधे लाभ मिलेगा। किराड़ी विधानसभा क्षेत्र की करीब 70 अनधिकृत कॉलोनियों को प्रस्तावित ड्रेन से जल निकासी की सुविधा मिलेगी।

वरिष्ठ नागरिकों का स्वस्थ एवं सम्मानजनक जीवन समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : विजेंद्र

नई दिल्ली। वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य नींव हैं और उनके स्वास्थ्य, सम्मान एवं प्रसन्नता को सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को प्रशांत विहार, दिल्ली-85 स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सम्पूर्णा संस्था द्वारा आयोजित कैंसर स्क्रीनिंग शिविर एवं वरिष्ठ नागरिक सांस्कृतिक उत्सव का उद्घाटन करते हुए कही। इस अवसर पर सम्पूर्णा संस्था की संस्थापक शोभा विजेंद्र भी उपस्थित थी। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की रक्षा में निवारक स्वास्थ्य देखभाल एवं समय पर स्वास्थ्य जांच की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने तथा वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का लाभ प्राप्त करने के साथ-साथ उनके कल्याण को समर्पित सामुदायिक कार्यक्रम में सहभागिता का अवसर प्रदान करने के लिए सम्पूर्ण संस्था की सराहना की। विजेंद्र ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव, ज्ञान और परिवार तथा समाज के प्रति योगदान युवा पीढ़ी के लिए एक अमूल्य विरासत है। समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे बुजुर्ग निरंतर समाज से जुड़े रहें तथा स्वयं को सम्मानित और महत्वपूर्ण महसूस करें। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं सम्मान से संबंधित विशेष सत्र भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दादा-दादी एवं पोते-पोतियों की विशेष नृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसने विभिन्न पीढ़ियों के बीच प्रेम, आत्मीयता एवं भावनात्मक जुड़ाव को रेखांकित किया।



खबर संक्षेप

प्रवासी समाज की बैठक 1 नवंबर को

फरीदाबाद। नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी के नाम से वायरल हुए कथित ऑडियो में बिहार एवं



पूर्वांचल के लोगों के प्रति आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल के मामले को लेकर तिलपत के बाद पूर्व विधायक नीरज शर्मा बल्लभगढ़ में डेरा डाल दिया है। बल्लभगढ़ की शिव कालोनी में जिला कांग्रेस के महासचिव उमेश कौशिक के निवास पर एक बैठक का आयोजन किया।

सिपाहियों के लिए लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

गुरुग्राम। सेवा संकल्प अभियान के तहत इन्द्रप्रस्थ संजीवनी एनजीओ की ओर से इंद्रपुरी ट्रैफिक



पुलिस मुख्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। 150 ट्रैफिक पुलिस ने स्वास्थ्य की जांच कराई। सीके बिरला अस्पताल, अपेक्स अस्पताल, गुरु हरकिशन अस्पताल सहित संस्थानों के डॉक्टरों ने सेवाएं दीं। इस दौरान फुल बॉडी चेकअप की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

आईपीओ में निवेश के नाम पर साइबर ठगी

फरीदाबाद। आईपीओ में निवेश के नाम पर 67,400 रुपए की साइबर ठगी के मामले में थाना



सेंट्रल ने कार्रवाई करते हुए ठगी के लिए बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले 6 को नीमका जेल में प्रोडक्शन पर लेकर पूछताछ उपरांत गिरफ्तार किया है। आरोपियों में आशीष, संदीप कुमार, अमित, अनुराग वर्मा, शिवम शर्मा उर्फ भोला तथा ऋषभ सिकरवार उर्फ ऋषि शामिल हैं।

लंबे समय से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत



थाना सदर बल्लभगढ़ की पुलिस टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी तालीम गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी को जिला डीग, राजस्थान से काबू किया है। आरोपी तालीम के खिलाफ थाना सदर बल्लभगढ़ में वर्ष 2019 में 411 के अंतर्गत मामला दर्ज हुआ था।

पोटेशियम नाइट्रेट व गंधक बरामदगी में काबू

फरीदाबाद। बीते 2 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम द्वारा मुकेश कॉलोनी बल्लभगढ़



क्षेत्र से 2296 किग्रा पोटेशियम नाइट्रेट व 200 किलोग्राम गंधक बरामद किया था। घटनाक्रम में पुनीत नाम के आरोपी गिरफ्तार किया गया था, पूछताछ पर यह सामग्री हाथरस से लेकर आने की जानकारी सामने आई। अपराध शाखा ने 4 अक्टूबर को मनोज अग्रवाल को भी गिरफ्तार कर लिया।

महिला कांग्रेस ने जिला कांग्रेस की बैठक लेकर सौंपी जिम्मेदारी

'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे के साथ 8 को कांग्रेस का विरोध मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष पर्ल चौधरी ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर फरीदाबाद में इंडिया गठबंधन के बैनर तले वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे के साथ 8 अक्टूबर को जोरदार विरोध मार्च किया जाएगा। ओल्ड फरीदाबाद स्थित चांदी वाली धर्मशाला से शुरू होने वाला यह विरोध मार्च पथवारी मंदिर तक पहुंचेगा। महिला कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव आयोग की निष्पक्षता और विश्वसनीयता सर्वोपरि है। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की जो मांग की जा रही है, ऐसे में उसे स्वीकार करते हुए उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा पूर्व में लिए गए ऐसे सभी निर्णय, जिन पर विपक्षी दलों ने गंभीर सवाल उठाए हैं, उन्हें वापस लिया जाना चाहिए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि देश और प्रदेश में बनी सरकार वोट चोरी से बनी सरकार है, इसलिए उन्हें जनहित से कोई लेना-देना नहीं, आज हर वर्ग दुखी व पीड़ित, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिला कांग्रेस कमेटी इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी और भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन का हिस्सा बनेगें...



लोकसभा को भंग कर निष्पक्ष चुनाव करवाने चाहिए

पर्ल चौधरी ने कहा कि यदि चुनाव प्रक्रिया पर जनता का विश्वास प्रभावित हुआ है और देश व प्रदेश में ऐसी सरकारें बनी हैं जिनकी वैधता पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं, तो सरकारों को नैतिकता के आधार पर हरियाणा विधानसभा और केंद्र की लोकसभा को भंग कराकर निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव करवाने चाहिए। जनता को अपने मताधिकार के माध्यम से अपनी सरकार चुनने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने जिले के सभी कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे 8 अक्टूबर को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लोकतंत्र, संविधान और मतदाता के अधिकारों की रक्षा की इस लड़ाई को मजबूत करें। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि देश और प्रदेश में बनी सरकार वोट चोरी से बनी सरकार है, इसलिए उन्हें जनहित से कोई लेना-देना नहीं, आज हर वर्ग दुखी व पीड़ित, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिला कांग्रेस कमेटी इंडिया गठबंधन के इस प्रदर्शन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी और भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन का हिस्सा बनेगें।


फरीदाबाद में जिसे झील में तलाशती रही पुलिस

पहाड़ में मिला उसी युवक का शव, दोस्त ने कर दिया कांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

यहां दोस्ती में दगा देने का एक मामला सामने आया है। दरअसल पुलिस को एक युवक के झील में डूबने की सूचना मिली, जिसके बाद बचाव दल उसे झील के पानी में तलाश करता रहा। हालांकि जब पुलिस ने सूचना देने वाले से गहराई से पूछताछ की तो उसने युवक की हत्या कर पहाड़ी क्षेत्र में शव फेंकने की बात कबूल की। इसके बाद उस लापता युवक का शव पहाड़ी क्षेत्र के जंगल में मिला। पुलिस जांच में सामने आया कि युवक के ही दोस्त ने ही उसकी हत्या करते हुए शव को जंगल में फेंक दिया था। आरोपी दोस्त ने शुरुआत में पुलिस को गुमराह करते हुए बताया था कि युवक सेल्फी लेते समय झील में गिर गया है। हालांकि संदेह होने पर पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने हत्या की बात कबूल कर ली। मृतक की पहचान राजकुमार के रूप में हुई है।

आरोपी दोस्त ने शुरुआत में पुलिस को गुमराह करते हुए बताया था कि वह सेल्फी लेते समय झील में गिर गया है। हालांकि संदेह होने पर पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने हत्या की बात कबूल कर ली। मृतक की पहचान राजकुमार के रूप में हुई है।



बयान में विरोधाभास सामने आए

मृतक के चेहरे को पत्थर से कुचला गया

सेल्फी लेते समय झील में गिरना बताया

जानकारी के अनुसार, राजकुमार की मौत के बाद उसके नाबालिग दोस्त ने पुलिस को बताया कि वह सेल्फी लेते समय झील में गिर गया था। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने झील में युवक के शव की तलाश शुरू कर दी। काफी तलाश के बावजूद शव झील में नहीं मिला। इसी दौरान पुलिस को किशोर की बातों पर संदेह हुआ। पुलिस ने उससे दोबारा पूछताछ की तो उसके बयान में विरोधाभास सामने आए।

चेहरे को पत्थर से कूचकर की वारदात

सख्ती से पूछताछ करने पर उसने पुलिस को बताया कि राजकुमार की हत्या कर शव को पहाड़ में फेंक दिया था। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर राजकुमार का शव बरामद किया। पुलिस के अनुसार, मृतक के चेहरे को पत्थर से कुचला गया था।

एमपी का रहने वाला है मृतक का परिवार

राजकुमार का परिवार मूल रूप से टीकमगढ़, एमपी का रहने वाला है। पिछले 25 सालों से यहां सिरोही क्षेत्र में रहकर बेलदारी का काम कर रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गली में कांटा लगाने को लेकर हुआ था विवाद

जानलेवा हमला करने के मामले में 8 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वारदात में प्रयुक्त पिस्तौल व कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस चौकी संजय कॉलोनी क्षेत्र में गली में कांटा लगाने को लेकर हुए विवाद में जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त पिस्तौल, 2 जिंदा कारतूस व 4 खाली कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 सितंबर 2026 को शिकायतकर्ता विजयपाल सिंह निवासी संजय कॉलोनी ने पुलिस चौकी संजय कॉलोनी में शिकायत दी थी कि गली में कांटा लगाने को लेकर हुए विवाद के चलते मनोज भाटी व उसके लडक़े भविष्य भाटी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके और साथियों पर हमला कर दिया था। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए थे।



4 खाली और 2 जिंदा कारतूस बरामद

शिकायत पर पुलिस चौकी संजय कॉलोनी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। मौके से 4 खाली कारतूस तथा 2 जिंदा कारतूस बरामद किए और मनोज एवं उसके पुत्र भविष्य को 25 सितंबर 2026 को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले की जांच के दौरान वारदात में प्रयुक्त पिस्तौल भी बरामद की गई है। पुलिस टीम द्वारा मामले में शामिल आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए गए।

न्यायिक हिरासत में भेजा

जिसके तहत मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विजय कुमार निवासी जवाहर कॉलोनी, सागर निवासी जवाहर कालोनी तथा अमित निवासी गांव गोछी फरीदाबाद को 05 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त मोनू निवासी जवाहर कालोनी, हप्पी उर्फ दिव्यम निवासी जवाहर कॉलोनी तथा शुभम निवासी जवाहर कॉलोनी को 6 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई। आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

अन्य हिस्सों तक आग फैलने से रोक लिया

कपड़े के शोरूम में लगी आग 4 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

धुएं के बीच पहली मंजिल तक पहुंच बनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मंगलवार दोपहर अंबेडकर रोड स्थित कपड़ों के शोरूम यूएस पोलो में अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग शोरूम की पहली मंजिल पर लगी, जिससे घना धुआं पूरे इलाके में फैल गया। सूचना पर कोतवाली अग्निशमन केंद्र से चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब आधे घंटे से एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

दोपहर फायर स्टेशन कोतवाली को अंबेडकर रोड स्थित प्लॉट नंबर-76 में यूएस पोलो शोरूम में आग लगने की सूचना मिली। शोरूम विनय बंसल का बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही एफएसओ चार दमकल गाड़ियों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

शोरूम बेसमेंट, भूतल और पहली मंजिल पर बना हुआ है। आग पहली मंजिल पर लगी थी, जहां काफी मात्रा में कपड़े और अन्य सामान रखा था। आग लगते ही पहली मंजिल पर घना धुआं भर गया। दमकलकर्मियों ने मोटर फायर इंजन से होज पाइप बिछाकर घने धुएं के बीच पहली मंजिल तक पहुंच बनाई और पानी की बौछार शुरू की। समय रहते आग पर काबू पाने से इसे शोरूम के अन्य हिस्सों तक फैलने से रोक लिया गया।

आग से शोरूम में रखा कुछ सामान जल गया है। लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका है। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। आग लगने के कारण की जांच भी शुरू कर दी गई है। घटना में कोई हताहत होने की खबर नहीं है।

विद्यार्थियों को प्रयोग आधारित शिक्षा से जोड़ने की दिशा में पहल

जिलाधिकारी ने किया रोबोटिक्स एवं एसटीईएम इनोवेशन लैब के पायलट प्रोजेक्ट का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, नवाचार एवं प्रयोग आधारित शिक्षा से जोड़ने की दिशा में गाजियाबाद जिला प्रशासन की पहल को आज महत्वपूर्ण गति मिली। जिलाधिकारी गाजियाबाद श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़, आईएएस द्वारा मधुबन बापूधाम स्थित अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय, नगर क्षेत्र में रोबोटिक्स एवं एसटीईएम इनोवेशन लैब के पायलट प्रोजेक्ट का



उद्घाटन किया गया। यह पायलट प्रोजेक्ट जिलाधिकारी के उस विजन का हिस्सा है, जिसके तहत सरकारी विद्यालयों में शिक्षा को केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित न रखते हुए विद्यार्थियों को व्यावहारिक, गतिविधि-आधारित एवं तकनीक-केंद्रित सीखने के अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार की क्षमता विकसित करने अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। नवस्थापित रोबोटिक्स एवं एसटीईएम इनोवेशन लैब के माध्यम से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित की अवधारणाओं को प्रयोग के माध्यम से समझने का अवसर मिलेगा।

ऐतिहासिक संघर्ष की जीत पर स्वागत

नियमित भर्ती के फैसले के बाद कर्मचारियों का भविष्य होगा बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की नगर निगम फरीदाबाद इकाई द्वारा राज्य कमेटी के सम्मान में स्वागत समारोह एवं जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने नीलम चौक से बीके चौक तक विजय प्रदर्शन निकालकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री



तथा नगरपालिका एवं अग्निशमन कर्मचारी संगठनों की राज्य कमेटियों के नेताओं का स्वागत किया।

सम्मेलन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दिलीप सिंह बोहत ने की।

दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

भूखंड में सरिया डालने के विवाद में घर में घुसकर मारी गोली, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव डबाना में मंगलवार दोपहर को भूखंड में सरिया रखने को लेकर हुए विवाद में चचेरे भाई ने घर में घुसकर युवक को गोली मार दी। गंभीर हालत में युवा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। घटना का विवरण गांव डबाना निवासी राजू राठी मकान निर्माण का कार्य करा रहे है। उन्होने अपना सरिया पड़ोसी में चचेरे भाई रोहित राठी के खाली पडे.भूखंड में सरिया रख दिया। रोहित सरिया उठाने के लिए कहने लगा। इस बात को लेकर विवाद हो गया। उस समय तो मामला लोगों ने शांत करा दिया। गोलीबारी की घटना

इसके बाद रोहित अपने भाई के साथ आया और राजू राठी के घर में अचानक घुस गया। उसने पिस्टल से तीन राउंड फायरिंग कर दी। एक गोली राजू के पेट में जा लगी। गोली लगते ही लहुलुहान होकर वह जमीन पर गिर गया।

फोर्टिस का सालभर चलने वाला 'फिट गुरुग्राम' अभियान की शुरुआत

6 हजार से अधिक धावकों ने लगाई 'फिट गुरुग्राम' मैराथन में दौड़, बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर हब में फोर्टिस अस्पताल गुरुग्राम की ओर से पहली 'फिट गुरुग्राम' मैराथन



का आयोजन किया गया। अभिनेता और एंड्योरेंस एथलीट मिलिंद सोमन ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई और खुद 10 किलोमीटर दौड़ में हिस्सा लेकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजन में 6,000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लेकर स्वस्थ और फिट गुरुग्राम का संदेश दिया।

मैराथन में 3, 5, 10 और 21.1 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई। इनमें 500 से अधिक डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों के साथ गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से 250 बच्चों ने भी भाग लिया। परिवारों, कॉरपोरेट टीमों, खिलाड़ियों और फिटनेस प्रेमियों की भागीदारी ने आयोजन को सामुदायिक स्वरूप दिया।

प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए पूरे मार्ग पर छह चिकित्सा केंद्र और एंबुलेंस तैनात की गईं। जलपान केंद्रों के साथ विशेषज्ञ चिकित्सा दल भी मौजूद रहे। दौड़ पूरी करने वाले प्रतिभागियों को पदक प्रदान किए गए।

अर्ध-मैराथन के पुरुष वर्ग में मोहन ने 1:12:31 और महिला वर्ग में संजना सिंह ने 1:23:48 के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। 10 किलोमीटर में अमन कुमार (33:17) और स्वाति (46:28) विजेता रहे।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **राहुल पुत्रः श्री राम निवास पताः वीपीओ इस्माइल, जिला बहादुरगढ़, हरियाणा FIR No. 404/2019 U/S: 498A/406/34 IPC थानाः अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 404/2019 U/S: 498A/406/34 IPC थानाः अमन विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नेहा गोयल
एमएम महिला कोर्ट–02, कमरा नंबर 18
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14225/RD/2026
(Court Matter)

कार्यालय : जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम

नीलामी सूचना

दिए गए कार्यक्रम अनुसार जो जहां है-जैसा है के आधार पर जर्जर भवन/कमरों को तोड़ने, सल्वेज्ड मैटीरियल को अधिकार में लाने सहित मौजूदा ढांचे की डिसमेंटलिंग सामग्री की स्थल से सफाई के उद्देश्य हेतु खण्ड गुरुग्राम जिला गुरुग्राम में निम्नलिखित पुरानी व असुरक्षित ईमारतों/कमरों की नीलामी

Sr. No.	Block	Name of School	Name of Village	No. of Rooms/ Building	Estimate Cost	नीलामी तिथि, समय और स्थान
1	Gurugram	GPS Hamirpur	Hamirpur	01 Room	14900/-	13/10/2026, 11-00 AM, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गुरुग्राम
2	Gurugram	GPS Dhorka	Dhorka	02 Rooms	20500/-	
3	Gurugram	GPS Gopalpur	Gopalpur	01 Room	15600/-	
4	Gurugram	GMS Bhamrauli	Bhamrauli	02 Rooms	19800/-	
5	Gurugram	GPS Badha	Badha	01 Room	14000/-	
6	Gurugram	GPS Panwala	Panwala	05 Rooms	74500/-	
7	Gurugram	GPS Dharampur	Dharampur	06 Rooms	82500/-	
8	Gurugram	GMS Dharampur	Dharampur	03 Rooms	42500/-	
9	Gurugram	GPS Chauma	Chauma	04 Rooms	44000/-	
10	Gurugram	GPS Naurangpur	Naurangpur	01 Room	14900/-	
11	Gurugram	GPS Sarai Alawardi	Sarai Alawardi	05 Rooms	44700/-	
12	Gurugram	GPS Panchawali	Panchawali	03 Rooms	24000/-	
13	Gurugram	GPS Bargujjar	Bargujjar	02 Rooms	26500/-	
14	Gurugram	GPS Babupur	Babupur	01 Room	13500/-	
15	Gurugram	GPS Nainwal	Nainwal	02. Rooms	24500/-	
16	Gurugram	GGMS Samspur	Samspur	04 Rooms	57300/-	
17	Gurugram	GPS Makraula	Makraula	01 Room	14900/-	
18	Gurugram	GPS Surat Nagar	Surat Nagar	02 Rooms	26500/-	
19	Gurugram	GPS Bandhwari	Bandhwari	05 Rooms	62500/-	
20	Gurugram	GPS Baliawas	Baliawas	01 Room	13500/-	

प्रत्येक बोलीदाता को अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट के रुप में 25000/- की राशि बोली के लिए योग्यता प्राप्त करने के लिए जमा करवानी होगी जो बोली दाता को छोड़कर नीलामी की समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।

1 सफल बोलीदाता को बोली राशि 100 प्रतिशत हथोड़ा गिरते ही जमा करवानी होगी। असफल रहने पर जमा करवाई गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
2 सफल बोलीदाता को कुल बोली का 10 प्रतिशत जमानत के तौर पर अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में ड्राफ्ट के रुप में जमा करवानी होगी जो कार्य समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।
3 ईमारत अनुमोदन जारी के एक माह में ईमारत तोड़ी जानी चाहिए तथा स्थल मलबा रहित होना चाहिए जिसके असफल रहने पर शेष साल्वेज्ड पर सरकार द्वारा कब्जा ले लिया जाएगा।
4 पार्टियों के मध्य किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्राधिकार गुरुग्राम रहेगा।
5 अगर अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण डिसमेंटलिंग के लिए ईमारत का कब्जा समय में नहीं दिया है तो ठेकेदार को कोई राहत नहीं दी जाएगी। केवल समय बढाया जाएगा।

नोटः- बोली दाता बोली व नीलामी होने से पहले स्थल (विद्यालयों की असुरक्षित ईमारतों/कमरों) को देख सकते हैं।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी
गुरुग्राम।

पीआरडीएच-1132/11/213/2027/49966/88/7 दि. 06.10.26

खबर संक्षेप

रांची के हॉस्टल में छात्रा से रेप, आरोपी गिरफ्तार

रांची। रांची में शर्मनाक घटना सामने आई है। यहां मनोचिकित्सा संस्थान में एक ट्रेनी के साथ रेप का



मामला सामने आया है। यहां पीजी के एक छात्र ने हॉस्टल के कमरे में ट्रेनी युवती काम से गई थी, वहां पानी में नशीली दवा मिला उसके साथ रेप किया। मामले में छात्रा ने पड़ोसी राज्य में जीरो प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। मामले को कांके थाने में ट्रांसफर किए जाने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

चिता से उठाकर शिक्षिका की लाश का पोस्टमार्टम

बरेली। यूपी के बरेली में हॉरर किलिंग की सूचना पर पुलिस ने एक शिक्षिका का अंतिम संस्कार



रुकवा दिया। पुलिस ने शव को चिता से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से शिक्षिका के परिजनों, रिश्तेदारों और अंतिम संस्कार में शामिल होने आए लोग सकते में आ गए। पोस्टमार्टम में जहर के लक्षण मिलने के साथ ही गले में फंदा कसने का भी निशान मिला है।

अखिलेश की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन

कानपुर। दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की



गिरफ्तारी के विरोध में कानपुर में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। मेट्रो स्टेशन पर धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। अध्यक्ष फजल महमूद ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने भाजपा को राजनीतिक लाभ पहुंचाने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया।

उपलब्धियों को साझा करने के निर्देश

राज्यपाल आनंदीबेन ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को जन भवन आदर्श माध्यमिक विद्यालय के विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित किया।

जनपद स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में करीब 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। विद्यालय की कक्षा-6 की छात्रा अंशिका ने 1000 मीटर में प्रथम तथा 500 मीटर में द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा-6 के आलोक और कार्तिक तथा कक्षा-7 के अनमोल ने 500 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

योगी समेत भाजपा के दिग्गज नेता रहे मौजूद

यूपी में राज्यसभा की आठ सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन, निर्विरोध निर्वाचन की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की आठ सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य समेत एक दर्जन से अधिक मंत्री, पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक मौजूद रहे। भाजपा ने सोमवार को उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए आठ उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे। भाजपा ने धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यासागर सोनकर, गोपी कृष्ण पाण्डेय, प्रियंका सिंह रावत, राम प्रताप सिंह चौहान और श्रुति गंगवार को प्रत्याशी बनाया है। उत्तर प्रदेश की कुल 10 राज्यसभा सीटों के लिए 16 अक्टूबर को चुनाव होना निर्धारित है।

> राज्यसभा की आठ सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य समेत एक दर्जन से अधिक मंत्री, पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक मौजूद रहे।



जातीय और क्षेत्रीय संतुलन पर जोर

भाजपा की सूची में सामाजिक प्रतिनिधित्व का संतुलन भी दिखाई देता है। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार आठ प्रत्याशियों में तीन ओबीसी, दो ब्राह्मण, दो दलित और एक ठाकुर समाज से हैं। साथ ही दो महिला प्रत्याशियों—प्रियंका सिंह रावत और श्रुति गंगवार—को भी मौका दिया गया है। नामांकन के बाद उत्तर प्रदेश की सभी 10 राज्यसभा सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन की संभावना भी बन गई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार समाजवादी पार्टी ने दो उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं और तीसरा उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया है। ऐसे में भाजपा के आठ और सपा के दो उम्मीदवारों के निर्विरोध चुने जाने की स्थिति बन सकती है।

एचसीएल टेक 10वें स्थापना दिवस में आईटी सिटी फेज-2 की रखी आधारशिला

एआई, सेमीकंडक्टर साइबर सिक्योरिटी का केंद्र बनेगा लखनऊ, 50 विश्वस्तरीय एआई स्टार्टअप का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

> मुख्यमंत्री योगी ने एचसीएल आईटी सिटी लखनऊ के फेज-2 की आधारशिला रखी और परियोजना मॉडल का उद्घाटन किया। करीब 500 करोड़ रुपए के निवेश वाले दूसरे चरण में लगभग छह हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है...

सीएम योगी ने लखनऊ को एआई, सेमीकंडक्टर, साइबर सिक्योरिटी, कंप्यूटिंग और डीप टेक टेक्नोलॉजी का केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। मंगलवार को एचसीएल टेक लखनऊ के 10वें स्थापना दिवस पर उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में लखनऊ को भारत की अग्रणी एआई इनोवेशन सिटी के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए कम से कम 50 विश्वस्तरीय एआई स्टार्टअप स्थापित कर उन्हें वैश्विक बाजार तक पहुंचाने वाला इनोवेशन इकोसिस्टम तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने एचसीएल को भी अभियान में साथ आने का प्रस्ताव दिया।

मुख्यमंत्री योगी ने एचसीएल आईटी सिटी लखनऊ के फेज-2 की आधारशिला रखी और परियोजना मॉडल का उद्घाटन किया। करीब 500 करोड़ रुपए के निवेश वाले दूसरे चरण में लगभग छह हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। उन्होंने इमर्जिंग टेक स्किलिंग सेंटर का भी शुभारंभ किया। इसके जरिए छात्रों, शिक्षकों, वर्किंग प्रोफेशनल्स और सरकारी अधिकारियों को उभरती तकनीक में प्रशिक्षित किया जाएगा। 100 एकड़ के एचसीएल टेक लखनऊ परिसर में 12,520 से अधिक टेक कर्मचारी कार्यरत हैं और छह हजार से अधिक फ्रेशर्स को नौकरी का अवसर मिला है।

6 हजार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने की उम्मीद



आईटी-आईटीईएस निर्यात एक लाख करोड़ के पार

सीएम ने कहा कि एक दशक पहले आईटी और आईटीईएस के माध्यम से 12 से 15 हजार करोड़ रुपये का निर्यात होता था, जो अब एक लाख करोड़ रुपये से अधिक है। अगले चार वर्ष में इसे 2.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात भी 3,800 करोड़ से बढ़कर 45 हजार करोड़ रुपये हो गया है और 2030 तक इसे दो लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाना है। कहा कि भारत की मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में यूपी की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट में प्रदेश का योगदान 60 प्रतिशत है। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, आगरा में आईटी पार्क चल रहे हैं। सात सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क कार्यरत हैं, जबकि वाराणसी, बरेली, कानपुर और गोरखपुर में नए आईटी पार्क बन रहे हैं। नोएडा व लखनऊ को यू-हब यानी डीप टेक हब के रूप में विकसित करने का भी निर्णय लिया गया है।

यूपी का युवा बना रहा दुनिया के लिए टेक्नोलॉजी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दस वर्ष पहले अच्छी डिग्री लेने वाले यूपी के युवाओं को करियर के लिए दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जाना पड़ता था। अब प्रदेश का युवा लखनऊ में रहकर दुनिया के लिए टेक्नोलॉजी बना रहा है और दुनिया के युवा भी यूपी आ रहे हैं। उन्होंने एचसीएल कर्मचारियों को यूपी का ब्रांड एंबेसडर बताया। कहा कि शिव नादर ने एचसीएल की पांच दशक की यात्रा यूपी से शुरू की थी, जो आज वैश्विक बन चुकी है। दस वर्ष पहले एचसीएल ने लखनऊ को चुना और लखनऊ ने एचसीएल को अपनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10-11 वर्षों में एचसीएल ने अपने कार्यक्रम तीन हजार से अधिक गांवों और 50 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचाए हैं।

सासाराम में सम्राट चौधरी का ऐलान

शाहाबाद में नया एयरपोर्ट रोहतास टाउनशिप बनेगी

एजेंसी ⏭ सासाराम

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को सासाराम में रोहतास जिले के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। सीएम ने कहा कि जिले में नई सैटेलाइट टाउशिप विकसित की जाएगी। उसका नाम रोहतास टाउनशिप होगा। उन्होंने शाहाबाद क्षेत्र में नया एयरपोर्ट विकसित करने का भी भरोसा दिया। सम्राट ने कहा कि मांझरकुंड से गुप्ताधाम तक पर्यटन स्थलों का कायाकल्प कर सड़क, पानी, पार्किंग समेत अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। साथ ही सासाराम और औरंगाबाद तक सोन नदी का पानी आएगा। सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि रोहतास जिले में प्राकृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। मांझरकुंड, गुप्ताधाम, चौसासन मंदिर, ताराचंडी और तुतला भवानी जैसे स्थलों को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल करीब 50 हजार पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन सुविधाएं बढ़ाकर आने वाले सालों में यह संख्या 5 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इसके लिए जल संसाधन, वन और पर्यटन विभाग के माध्यम से योजनाएं चलेंगी।



शाहाबाद को नया एयरपोर्ट मिलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि शाहाबाद क्षेत्र में एयरपोर्ट की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। सरकार एयरपोर्ट विकसित करने की दिशा में काम करेगी। इससे रोहतास समेत पूरे शाहाबाद क्षेत्र में पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

सासाराम और औरंगाबाद तक पहुंचेगा सोन नदी का पानी

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के साथ हुए समझौते के बाद बिहार को सोन नदी के पानी में हिस्सा मिला है। इसका उपयोग रोहतास और आसपास के क्षेत्रों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले मार्च तक सासाराम और औरंगाबाद शहरों में सोन नदी का पानी पहुंचाने की दिशा में काम किया जाएगा।

जेवर पहुंचे स्विस राष्ट्रपति गाय बर्नार्ड पारमेलिन,मंत्री सुनील शर्मा समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नोएडा/लखनऊ

यूपी को वैश्विक निवेश और आधुनिक औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बनाने की योगी सरकार की नीति को आज उस समय एक और अंतरराष्ट्रीय आयाम मिला, जब स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति महामहिम गाय बर्नार्ड पारमेलिन अपने करीब 65 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर पहुंचे। यह दौरा यूपी और स्विट्जरलैंड के बीच आर्थिक, तकनीकी और एविएशन क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यूपी सरकार की ओर से आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, नागरिक उड्डयन विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं आईआईडीसी दीपक कुमार तथा इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद ने राष्ट्रपति पारमेलिन और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

आईटी-इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर जोर



65 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में 40 उद्योगपति

करीब 65 सदस्यीय स्विस प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रपति की पत्नी, स्विस राजदूत, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य, राज्य सचिव और लगभग 40 उद्योगपति शामिल रहे। इस दौरे को संभावित आर्थिक और औद्योगिक सहयोग की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बना दिया। यूपी सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीतियों और आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में किए जा रहे ्रयासों से राज्य में वैश्विक कंपनियों के लिए निवेश का अनुकूल माहौल तैयार हुआ है। ऐसे में स्विस राष्ट्रपति का दौरा एविएशन के अलावा आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, तकनीक और इससे जुड़े क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग और निवेश की संभावनाओं को भी मजबूत कर सकता है।

योगी सरकार की निवेश नीति से वैश्विक साझेदारी को मिल रहा विस्तार

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी, आधुनिक बुनियादी ढांचे और निवेश के अनुकूल वातावरण को अपनी विकास नीति का प्रमुख आधार बनाया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट इसी व्यापक विजन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जेवर में विकसित हो रहा यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश को वैश्विक हवाई संपर्क से जोड़ने के साथ ही क्षेत्र में औद्योगिक, कारोबारी और निवेश गतिविधियों को नई गति देने की क्षमता रखता है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को सम्मानित

पीएम आवास योजना-शहरी में उत्तर प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में सम्मानित किया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के अवसर पर राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा), लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री ए.के. शर्मा ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी।

मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के क्रियान्वयन में यूपी को राष्ट्रीय स्तर



पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में सम्मानित किया जाना प्रदेश के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि का श्रेय विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों को भी जाता है। कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ने प्रदेश के लाखों परिवारों के पक्के घर के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरकार की प्राथमिकता है कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले पात्र परिवारों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध हो।

जौहर ट्रस्ट और शत्रु संपत्ति का मामला

पूर्व मंत्री आजम खां के करीबी विधायक नसीर अहमद से ईडी की 7 घंटे पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

पूर्व मंत्री आजम खां और उनके परिजनों के जौहर ट्रस्ट की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच का दायरा अब उनके करीबी राजनेताओं तक पहुंच गया है। ईडी ने मंगलवार को रामपुर की चमरौआ सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक नसीर अहमद खां से करीब सात घंटे तक पूछताछ की। नसीर जौहर ट्रस्ट के संयुक्त सचिव रहे हैं। इसी वजह से ईडी ने उन्हें समन भेजकर तलब किया था। सूत्रों के मुताबिक, अधिकारियों ने ट्रस्ट में होने वाले फैसलों में उनकी भूमिका, दान दिलाने और जौहर यूनिवर्सिटी के निर्माण कार्यों से जुड़े सवाल पूछे। साथ ही शत्रु संपत्ति प्रकरण में भी उनकी भूमिका को लेकर पूछताछ की गई। अधिकारियों को आशंका है कि ट्रस्ट के कई महत्वपूर्ण फैसलों में नसीर की संलिप्तता रही है। पूछताछ के दौरान नसीर ने ट्रस्ट में अपनी भूमिका से इनकार किया और कई सवालों का जवाब देने से बचते रहे। ईडी ने उन्हें ट्रस्ट के संयुक्त सचिव के रूप में उनकी तैनाती से संबंधित दस्तावेजों के साथ दोबारा तलब किए जाने की हिदायत देकर जाने दिया।

पेज एक का शेष

राहुल, प्रियंका हिरासत ...

डेरेक ओ'ब्रायन, एनसीपी-एसपी की सुप्रिया सुले, शिवसेना यूबीटी के संजय राउत और राजद के मनोज झा समेत कई दलों के सांसद शामिल हुए।

प्रियंका ने ठंडा पेय सूंघा, पिया नहीं: धरने के दौरान माहौल में कुछ हल्के क्षण भी देखने को मिले। वीडियो में राहुल गांधी प्रियंका गांधी को एक ठंडा पेय पेश करते दिखाई दिए और उन्हें पीने के लिए कहा। प्रियंका ने पहले पेय को सूंघकर देखा और बाद में उसे नहीं पिया। सोशल मीडिया पर इस दृश्य को लेकर तरह-तरह की टिप्पणियां की गईं, लेकिन यह पूरे राजनीतिक घटनाक्रम का महज एक हल्का दृश्य रहा।

विपक्ष का पूरे देश में आंदोलन: विपक्ष के इस प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में पिछले कुछ दिनों से एसआईआर और चुनाव आयोग के खिलाफ लगातार आंदोलन चल रहा है। 2 अक्टूबर को दिल्ली समेत कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इसके बाद इंडिया गठबंधन ने 4 से 8 अक्टूबर के बीच जिला स्तर पर पदयात्राओं और प्रदर्शन का कार्यक्रम घोषित किया है। बिहार में तेजस्वी यादव ने 7 अक्टूबर को 'आक्रोश मार्च' और 8 अक्टूबर को जिला मुख्यालयों पर धरने का ऐलान किया है। जम्मू-कश्मीर में भी 7 अक्टूबर को 'सेव डेमोक्रेसी' मार्च की घोषणा की गई है। दिल्ली का मंगलवार का प्रदर्शन इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा क्योंकि यह केवल किसी एक राजनीतिक दल का कार्यक्रम नहीं था। कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी-एसपी, शिवसेना यूबीटी, राजद और अन्य विपक्षी दलों के सांसद इसमें शामिल हुए। बीजद की भागीदारी ने इस मुद्दे पर विपक्षी दायरे को और व्यापक किया, हालांकि आप और डीएमके की अनुपस्थिति ने गठबंधन की पूर्ण एकजुटता पर सवाल भी छोड़े।

'वोट चोरी' से ...

आरोप हैं, जिनका केंद्र सरकार और भाजपा लगातार खंडन करते रहे हैं।

राहुल, प्रियंका ने ...

यही घटनाक्रम इंडिया गठबंधन के भीतर रणनीतिक समन्वय को लेकर भी सवाल खड़े करता है। 30 सितंबर की इंडिया बैठक में 6 अक्टूबर को चुनाव आयोग तक संयुक्त मार्च का फैसला हुआ था। कांग्रेस की ओर से पहले ही बताया गया था कि सभी विपक्षी दलों के सांसद शांतिपूर्ण मार्च में शामिल होंगे। लेकिन आकाशवाणी भवन के अंदर धरना देने का फैसले केो कांग्रेस नेतृत्व की अचानक बदली रणनीति बताया गया है। इंडिया गठबंधन की एकजुटता की तस्वीर भी पूरी तरह एकरूप नहीं रही। बीजद ने पहली बार इस मुद्दे पर विपक्षी प्रदर्शन में अपने सांसदों को भेजा, जबकि आम आदमी पार्टी और डीएमके मंगलवार के इस मार्च में शामिल नहीं हुए। हालांकि दोनों दल चुनावी प्रक्रिया और अपने-अपने राजनीतिक मुद्दों पर अलग-अलग विरोध दर्ज कराते रहे हैं।

'गुजरात मॉडल' से...

गया। वहीं जी20, ब्रिक्स और ग्लोबल साउथ में भारत की भूमिका, वैक्सीन मैत्री और अफ्रीकी संघ को जी20 में शामिल कराने का भी उल्लेख हुआ। प्रस्ताव में जलवायु कार्रवाई, नवीकरणीय ऊर्जा, योग, मिलेट्स, काशी विश्वनाथ धाम और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय आत्मविश्वास से जोड़ते हुए 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को दोहराया गया।

नौसेना के युद्धपोतों ...

इंडियन-आईडीडीएम श्रेणी के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा। यहां बता दें कि ब्रह्मोस मिसाइल को भारत और रूस के संयुक्त उद्यम से तैयार किया गया है। इसकी शुरुआती मारक क्षमता 290 किलोमीटर थी। जिसे बाद में बढ़ाकर करीब 450 से 500 किलोमीटर तक कर दिया गया है। वर्तमान में मिसाइल का उपयोग भारतीय वायुसेना, नौसेना और सेना द्वारा किया जा रहा है।

68% स्वदेशी सामग्री....

क्षमता ही नहीं बढ़ेगी। बल्कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। परियोजना में स्वदेशी सामग्री का आंकड़ा आधे से अधिक होने से रक्षा क्षेत्र की घरेलू कंपनियों को अवसर मिलेंगे। जबकि एमएसएमई कलपुर्जों के निर्माण, असेंबली सहित अन्य सहायक गतिविधियों को पूरा करेंगी।

वायुसेनादिवस...

वायुसेना के जंगी बेड़े में शामिल कई अन्य सैन्य हथियार देखने को मिलेंगे। जिनमें तेजस, सुखोई-30 एमकेआई जैसे लड़ाकू विमानों की गर्जना भी सुनाई देगी। प्रचंड हेलिकॉप्टर अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन करता हुआ नजर आएगा। 8 अक्टूबर को परेड की सलामी वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह करेंगे। जबकि इसके साथ-साथ इस बार वायुसेनादिवस के मौके पर उत्तर-प्रदेश के वाराणसी में फ्लाईपास्ट का आयोजन किया जाएगा। वहां पर भी पहली बार नमो घाट के ऊपर बल के विमान अपने हवाई करतब दिखाते हुए नजर आएंगे।

अपर मुख्य सचिव ने विचार का दिया आश्वासन

श्रमजीवी पत्रकारों को आयुष्मान योजना में शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी श्रेणी के अवकाश प्राप्त पत्रकारों और उनके परिवारों को आयुष्मान योजना में शामिल किए जाने की मांग की है। अभी तक यह लाभ केवल मान्यता प्राप्त पत्रकारों को ही मिल रहा है। यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उनके अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना संजय प्रसाद को दिया। ज्ञापन में मांग की गई है की अवकाश ग्रहण कर चुके ऐसे पत्रकार जिनकी एक निश्चित अवधि तक मान्यता रही है उन्हें अवकाश ग्रहण करने के बाद भी योजना में शामिल किया जाए। इसके अलावा ऐसे अन्य श्रमजीवी पत्रकार जिनके पास ईपीएफओ का पेंशन पेमेंट ऑर्डर हो उन्हें भी योजना में स्थान दिया जाए। अन्य श्रमजीवी पत्रकारों के लिए अलग से नियमावली बनाई जाए। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के प्रादेशिक महामंत्री देवराज सिंह, लखनऊ मंडल के अध्यक्ष शिवशरन सिंह, अविनाश शुक्ला, शिव विजय सिंह, टीएन मिश्रा, डीपी शुक्ला, अनिल सैनी शामिल थे।

प्रेस मान्यता समिति के गठन की भी मांग

अपर मुख्य सचिव को यूनियन के महोबा में आयोजित प्रादेशिक प्रतिनिधि सम्मेलन में पत्रकारों को पेंशन, पी जी आई सुविधा के सरलीकरण, सस्ती दर पर आवास एवं प्लॉट आवंटन, पत्रकार सुरक्षा कानून और प्रेस मान्यता समिति के गठन की मांग संबंधी प्रस्ताव भी दिए गए।

MAX Healthcare | 25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE

सार्वजनिक सूचना

उन परिवारों के लिए जिनकी वार्षिक आय ₹5,00,000/- से कम है

आम जनता को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (DGHS) द्वारा 02.01.2026 को जारी आदेश संख्या F.13 (906) /DGHS/HQ/EWS /2025/13-19 के अनुसार, और माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में, मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल (ए यूनिट ऑफ़ गुजरमल मोदी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर फॉर मेडिकल साइंसेज़) EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) श्रेणी के उन रोगियों को मुफ्त ओ.पी.डी. और आई.पी.डी. उपचार प्रदान कर रहा है जिनकी वार्षिक आय 5,00,000/- रुपये से कम है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया नीचे दिए गए नंबर पर हॉस्पिटल के नोडल ऑफिसर से संपर्क करें

मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत
(ए यूनिट ऑफ़ गुजरमल मोदी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर फॉर मेडिकल साइंसेज़)
मंदिर मार्ग, प्रेस एन्क्लेव रोड, साकेत, नई दिल्ली -110017
श्री हंसराज (नोडल ऑफिसर)
9810 243 328



रजनीकांत की जेलर 2 में ऋतिक का होगा कैमियो

नई दिल्ली। जेलर 2 के ट्रेलर को लेकर सुर्खियां इस वजह से भी तेज हैं, क्योंकि इसमें एक बॉलीवुड सुपरस्टार के कैमियो की सीक्रेट झलक देखने को मिली है। फिल्मी सितारों का मूवीज में कैमियो करने का चलन सिनेमा जगत में लंबे अरसे से चला रहा है। अब इस मामले में नया नाम वॉर फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन का शामिल हो रहा है। जी हां ऋतिक ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार हैं, जो रजनीकांत की अपकमिंग मूवी जेलर 2 में कैमियो रोल प्ले करते दिखेंगे। जेलर 2 के ट्रेलर में ऋतिक की बैक साइड से हल्की सी झलक देखने को मिली है। लेकिन उनकी कद-काठी और स्टाइल को देखकर ये साफ पता चल रहा है कि वह ऋतिक हैं।

लाइफ Style


तमन्ना

बार-बार सर्च करती हैं अपना नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म इंडस्ट्री में मात्र 15 साल की कम उम्र से अपने अभिनय सफर की शुरुआत करने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने अब तक के लंबे करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वर्ष 2005 की अपनी शुरुआती तस्वीरों से लेकर आज तक की इस पूरी विकास यात्रा को वह अपनी फिल्मों में जीवंत रूप से दर्ज होते हुए देखती हैं।

इस दौरान उन्हें इस बात का थोड़ा अफसोस भी है कि व्यस्त दिनचर्या के कारण उन्होंने कभी खुद के लिए पर्याप्त वक्त नहीं निकाला। एक विशेष साक्षात्कार में तमन्ना ने अपने इसी सिनेमैटिक सफर के कई अनछुए और दिलचस्प पहलू साझा किए। साक्षात्कार में जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह इंटरनेट पर खुद के बारे में सर्च (गूगल) करती हैं, तो उन्होंने बिना झिझक के स्वीकार किया, 'हर समय। मैं पूरे दिन खुद के बारे में गूगल करती रहती हूँ। मैं यह देखना और जानना चाहती हूँ कि लोग मेरे बारे में क्या बात कर रहे हैं। कभी-कभी सर्च करते वक्त बहुत ही मजेदार और फनी चीजें भी देखने को मिल जाती हैं।' इंटरनेट पर अपने बारे में लिखी जाने वाली बातों का जिक्र करते हुए वह निष्कर्ष देती हैं, 'कभी-कभी ऑनलाइन इतनी बेहतरीन और शानदार स्क्रिप्ट्स या समीक्षाएं पढ़ने को मिलती हैं, जिन्हें देखकर मन में आता है कि काश हमारी फिल्मों के लिए भी कोई ऐसे ही कमाल के लेखक दो-तीन अच्छी लाइनें लिख दें। लेकिन हाँ, यह सच है कि मैं हमेशा अपना नाम गूगल पर चेक करती रहती हूं।' अपने इस लंबे और व्यस्त कॅरियर को पीछे मुड़कर देखने पर अभिनेत्री को सबसे बड़ा मलाल खुद के लिए समय न निकाल पाने का है।




हॉलीवुड मसाला



द बैटमैन पार्ट-2 की शूटिंग ठप


लॉस एंजिल्स। निर्देशक मैट रीव्स की परिवारिक कारणों की वजह से फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग रोक दी गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने हाल ही में फैंस के साथ साझा की। फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग कुछ दिनों से लंदन में चल रही थी। मगर अब इसे रोक दिया गया है। फिल्म के निर्माता वार्नर ब्रदर्स और डीसी स्टूडियोज ने सोमवार को इसकी पुष्टि की जिससे इस सीक्वल को लेकर एक और नया मोड़ आ गया है, जिसकी रिलीज डेट पहले ही कई बार आगे बढ़ाई जा चुकी है।





नई नवेली का दूसरा गाना फटा पटाखा रिलीज

मुंबई। यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' का नया और दूसरा गाना 'फटा पटाखा' रिलीज हो चुका है। इससे पहले इसी फिल्म से 'भाभी तबाही' सॉन्ग रिलीज किया गया था। यामी गौतम धर की ये फिल्म 'दशहरा' पर रिलीज हो रही है। अब 6 अक्टूबर को फिल्म का ये नया गाना 'फटा पटाखा' रिलीज किया गया है जिसमें बहुत सारी मस्ती, मिस्ट्री के साथ बहुत सारा एंटरटेनमेंट का मसाला भी है। कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाली यामी गौतम धर पहली बार इस तरह के रोल में दिख रही हैं, जो इससे पहले उन्होंने कभी नहीं निभाया है। मेकर्स के मुताबिक उनकी इस फिल्म की कहानी इंडियन फैंटेसी फैमिली-एंटरटेनर की दुनिया को जिंदा करती है। 'फटा पटाखा' गाने की काफी लोगों ने तारीफ की है।



15 साल बाद एक साथ करीना-शाहरुख

नई दिल्ली। एक्ट्रेस करीना कपूर खान करीब 15 साल बाद शाह रुख खान के साथ फिर से स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। खबर है कि एक्ट्रेस शाह रुख की आने वाली एक्शन-एंटरटेनर फिल्म 'किंग' में एक स्पेशल अपीयरेंस देंगी। करीना 'डैडी कूल' नाम के गाने में सुपरस्टार के साथ नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीना इस महीने के आखिर में साउथ अफ्रीका में शाह रुख के साथ इस स्पेशल गाने की शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि उन्होंने शूटिंग के लिए पांच दिन दिए हैं, और इसे बहुत बड़े पैमाने पर शूट करने की प्लानिंग है। 'डैडी कूल को एक बहुत ही खास गाने के तौर पर तैयार किया जा रहा है और इसमें शाह रुख और करीना को ऐसे अंदाज में साथ लाया जाएगा जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा।

अवेंजर्स डूम्सडे का नया पोस्टर मचा रहा खलबली

नई दिल्ली। 4600 करोड़ के बजट वाली फिल्म के खतरनाक विलेन का हैरतअंगज लुक रिलीज हो गया है। इस सुपरविलेन से लड़ने का काम 23 से ज्यादा सुपरहीरो करेंगे। हम बात कर रहे हैं अवेंजर्स डूम्सडे मूवी की. मलागा के कॉमिक-कॉन में अवेंजर्स डूम्सडे के डॉक्टर डूम और उनके दो साथियों का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए मार्वल स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'सीधा मलागा कॉमिक कॉन से. चुड़ैलों का सीजन आ गया है। 18 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के थिएटर्स में आ रही है अवेंजर्स डूम्सडे.' इस पोस्टर में डॉक्टर डूम के साथ उनकी बाकी साथी भी नजर आ रही हैं। अवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीवी मसाला




सारा और बिग बी के बीच हुई शेरों शायरी की जुगलबंदी

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान जल्द ही फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आएंगे। दोनों सितारे इस स्पाई कॉमेडी फिल्म का प्रमोशन करने अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में पहुंचे। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने आयुष्मान की खूब तारीफ की। वहीं, सारा अली खान और बिग बी के बीच शेरों शायरी की जुगलबंदी देखने को मिली। बिग बी ने फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने का किस्सा शेयर किया। आयुष्मान की तारीफ में अमिताभ बच्चन ने कहा, 'हमने इनके साथ एक फिल्म की थी 'गुलाबो सिताबो'। बहुत ही तैयारी करके ये आते थे। हमको लाइन याद करने में तकलीफ होती थी। एक तो हमें बूढ़ा बना दिया। डायरेक्टर ने कहा कि पूरी पिक्चर में आपको झुककर चलना है तो वैसे ही हम अपनी लाइन भूल रहे थे। मगर, इनमें इतना धैर्य था कि 'चलो यार बुढ़ऊ है, थोड़ा समय दे देते हैं। इनकी तरफ से कहीं भी गलती नहीं देखिएगा, इतना सुंदर अभिनय था इनका'। बिग बी से अपने लिए तारीफ के ये शब्द सुनकर आयुष्मान खुराना मुस्कुराने लगे और शुक्रिया की मुद्रा में हाथ जोड़ने लगे। इसके बाद आयुष्मान खुराना ने अमिताभ बच्चन और सारा अली खान के बीच शेरों-शायरी की महफिल सजवाई। दरअसल, एक्टर ने अमिताभ बच्चन से कहा, 'आपकी लेगेसी है, जहां से आप आए हैं। आप हरिवांश राय बच्चन जी के सुपुत्र हैं। महान कवि थे वे।


सुसाइड की कोशिश में कलाई की नस काट ली थी

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल शो के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने अपनी लाइफ के एक डिफिकल्ट टाइम के बारे में बात की, उन्होंने बताया कि एक समय पर वो इतनी ज्यादा परेशान हो गई थीं कि उन्होंने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट निहारिका तिवारी ने काजल के हाथ पर कलाई कटने का निशान देखा और उसके बारे में पूछा। तब काजल ने बताया, 'मैंने सुसाइड करते समय अपने हाथ की कलाई की नस काटी थी।' काजल राघवानी की इस बात ने वहां मौजूद सभी कंटेस्टेंट को चौंका दिया। वहीं, काजल की बात सुनते ही मनीष कश्यप उनसे कहते हैं, 'मैं इंजेक्शन से डरता हूं, यहां लड़कियां हाथ काट लेती हैं। आप लोगों को इतनी हिम्मत आ कहां से रही है। शिद्दत से प्यार करिए लेकिन अगर कोई भूल रहा है, तो उसे भूल जाओ।' हालांकि, काजल ने साफ किया कि ऐसा उन्होंने किसी के छोड़ जाने या प्यार में नहीं किया था बल्कि अपने लिए किया था।



साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर जारी

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही फिल्म 'तू है मेरी किरण' में नजर आएंगे। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही पर्दे पर साथ काम करने नजर आएंगे। फिल्म का नाम है- 'तू है मेरी किरण'। यह एक रोमांटिक-साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। जहीर इकबाल एक जुनूनी आशिक के रोल में नजर आए हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरा है। कहानी प्यार-मोहब्बत वाली है, मगर यह प्यार एकतरफा है। एक तरफा प्यार, दूसरे के लिए आफत बनता है। कुछ ऐसा ही इस ट्रेलर में देखने को मिला है। जहीर इकबार सनकी आशिक के रोल में हैं। सोनाक्षी सिन्हा को वो इस कदर परेशान कर देते हैं कि वह अकेले छोड़ देने की गुजारिश करती हैं। ट्रेलर में जहीर इकबाल सोनाक्षी से कहते हैं, 'तुम जैसी लड़की के लिए मुझ जैसे लड़के के लिए प्यार करना बहुत मुश्किल है'। दोनों में जान-पहचान होती है। बातें होती हैं। एक दिन जहीर का किरदार प्रपोज कर देता है और कहता है, 'आई लव यू किरण'। सोनाक्षी का किरदार चौंकता है और हद



में रहने को कहता है। जहीर का जवाब होता है, 'अगर यह एकतरफा प्यार हुआ तो दिल टूट जाएगा मेरा। तुम्हें भी मुझसे प्यार करना होगा किरण'। जुनूनी आशिक से तंग आकर सोनाक्षी कहती हैं, 'तुम्हें जो चाहिए, सब ले लो। मुझे अकेला छोड़ दो प्लीज'। किरण के साथ बहुत अजीब-अजीब घटनाएं घटती हैं। ट्रेलर में कुछ सस्पेंस भी है। हालांकि, इसका राज नहीं खुला है। क्या सस्पेंस है, यह फिल्म देखकर ही पता चलेगा। मगर, ट्रेलर काफी दिलचस्प है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल ट्रेलर पर दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है।

राजू ने याद किए बुरे दिन, चैनल बंद होने से डूब गए थे सारे पैसे, नहीं था कोई सहारा

नई दिल्ली। अभिनेता- निर्देशक राजू खेर ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अपने पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, 'एक समय था जब मैं बुरे दौर से गुजर रहा था। मैंने अपना घर बेच दिया था क्योंकि एक नया चैनल आने वाला था, इसलिए मैंने कहीं और एक फ्लैट खरीद लिया था। नया चैनल लॉन्च होने वाला था और कई लोग पायलट प्रोजेक्ट बना रहे थे, समझौते भी हो चुके थे। मैंने भी 'लाइफ के लिए कुछ भी करेगा' नाम का एक कार्यक्रम बनाया था। अचानक मुझे पता चला कि वह चैनल बंद हो गया है। फ्लैट बेचकर जो पैसे मिले थे, मैंने उस कार्यक्रम में लगा दिए थे। मुझे लगा था कि मेरी जिंदगी शानदार है, चार बेडरूम का घर है, परिवार के लिए सब कुछ तैयार है। फिर, चैनल गायब हो गया और किसी को पता नहीं चला कि क्या हुआ। उनके दरवाजे पर बस एक ताला लगा हुआ था।'



फिल्म और टेलीविजन में किया काम

राजू खेर ने फिल्म और टेलीविजन दोनों में अभिनेता और निर्देशक के रूप में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में अभिनय शुरू किया और गुलाम, जंगल, ओम जय जगदीश, शूटआउट एट वडाला, कृष 3, मैं तेरा हीरो, ऊंची और पटना शुक्ला जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने कई टेलीविजन शो का निर्देशन भी किया है। 1999 का सीरियल संस्कार, साथ ही मंजिल, अभिलाषा और रेत का दरिया के लिए वह काफी मशहूर हुए।

लगा भाई अनुपम ने नहीं की मदद

आगे अपने इंटरव्यू में राजू ने कहा, 'मुझे भी किराया चुकाने का दबाव महसूस हो रहा था। मेरे पास कोई और सहारा नहीं था, मैं सिर्फ अपने भाई से बात कर सकता था, और मुझे लगा कि वह मेरी मदद करेगा। लेकिन, उस समय उसने भी काम करना बंद कर दिया था। कारण यह था कि वह उन अजीबोगरीब फिल्मों में काम नहीं करना चाहता था, वह सार्थक भूमिकाएं चाहता था। इसलिए, मुझे लगा कि मेरे भाई ने मेरी मदद नहीं की। वह कर सकता था, यही मेरा उस समय का विचार था।'राजू ने आगे बताया कि अनुपम खेर उस वक्त खुद निजी संघर्षों से गुजर रहे थे। इस वजह से वह राजू की मदद नहीं कर सके। मगर इस बात का एहसास राजू को कई साल बाद हुआ।

मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है यह फिल्म, जिम्मी और दिव्या आएंगे नजर

'तुम रहे ना तुम' का टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

नई दिल्ली। जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता स्टारर फिल्म 'तुम रहे ना तुम' का वर्ल्ड प्रीमियर 10 अक्टूबर को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो में होगा। फिल्म का प्रीमियर गाला स्क्रीनिंग के तौर पर मिसिसॉगा के सिनेप्लेक्स सिनेमाज कोर्टनी पार्क में किया जाएगा। प्रेम प्रकाश मोदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है। फिल्म में जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तनिष्का तिवारी, हर्ष छाया, जरीना वहाब और राजेश जैसे अहम किरदारों में नजर आएंगे।

नाटक 'द फादर' से प्रेरित फिल्म

फिल्म की पटकथा राकेश कुमार त्रिपाठी ने लिखी है। विक्रमजीत रॉय इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं, जबकि दीपांकर 'जोजो' चाकी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के साथ फिल्म के साउंड डिजाइनर भी हैं। फिल्म का निर्माण विन्नी चावला, डॉ. वृंदा चावला और सोनू कटियाल ने फैनैटिकली फिल्मी प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'तुम रहे ना तुम' स्वीडिश नाटककार ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग के चर्चित नाटक "द फादर" से प्रेरित है। कहानी को भारतीय पारिवारिक परिवेश में रखा गया है और उत्तराखंड के एक पहाड़ी शहर की पृष्ठभूमि में एक पति-पत्नी के बीच अपनी बेटी के भविष्य को लेकर शुरू हुए टकराव को दिखाया गया है। धीरे-धीरे यह विवाद सिर्फ बेटी के फैसले तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार के भीतर सत्ता, पहचान, भरोसे और रिश्तों को लेकर गहरे संघर्ष में बदल जाता है।

बच्चे की भविष्य पर सवाल

फिल्म परिवार और रिश्तों के जरिए यह सवाल भी उठाती है कि आखिर किसी बच्चे के भविष्य को तय करने का अधिकार किसके पास होना चाहिए। कहानी में पितृसत्ता, असुरक्षा, विरासत और माता-पिता की अपेक्षाओं के साथ-साथ उन भावनात्मक जख्मों को भी जगह दी गई है, जो लंबे समय में रिश्तों को प्रभावित करते हैं। फिल्म किसी एक किरदार को पूरी तरह सही या गलत ठहराने के बजाय दो ऐसे लोगों के बीच के संघर्ष को सामने रखती है, जिनकी अपनी कमियां और असुरक्षाएं हैं।

भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी फिल्म

फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर को लेकर जिम्मी शेरगिल ने कहा, 'तुम रहे ना तुम' की शुरुआत IFFSA टोरंटो में वर्ल्ड प्रीमियर के साथ होना मेरे लिए बेहद खास है। कहानी एक भारतीय परिवार से जुड़ी है, लेकिन इसमें मौजूद भावनाएं सार्वभौमिक हैं। मुझे उम्मीद है कि भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे यह फिल्म लोगों से जुड़ पाएगी। निर्देशक प्रेम प्रकाश मोदी ने कहा कि एक सदी से भी पहले लिखी गई कहानी का आज भी प्रासंगिक महसूस होना अपने आप में खास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो के जरिए फिल्म भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी। वहीं, दिव्या दत्ता ने कहा कि परिवार, प्यार और उम्मीदों को लेकर हर संस्कृति में अपनी समानताएं होती हैं। उनके मुताबिक, फिल्म में रिश्तों को जिस तरह से दिखाया गया है, उसमें दुनिया भर के दर्शक अपनी जिंदगी की कोई न कोई झलक देख सकते हैं।

प्रदेश में हवाई सुविधाओं का विस्तार, अब होंगे हर 150 किलोमीटर पर एयरपोर्ट, 75 किमी पर एयर स्ट्रिप और हर 45 किमी पर हेलीपैड

मप्र में होंगे 10 एयरपोर्ट, सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में स्थाई हेलीपैड

- पीएमश्री एयर एम्बुलेंस, हेली पर्यटन सेवा और नई उड़ानों से मिल रही हैं नागरिकों को सुविधाएं
- मप्र से निरंतर बढ़ रही हैं अंतरराष्ट्रीय उड़ानें
- प्रदेश को मिलेगा एक शासकीय विमान, चार्टर्ड विमान पर निर्भरता होगी समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में विमानन सेवाओं और अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नागरिकों को बेहतर हवाई कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के साथ ही आपातकालीन सेवाओं, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करने के लिए एयरपोर्ट, एयरस्ट्रिप और हेलीपैड



के नेटवर्क का नागरिक विमानन नीति-2025 के अंतर्गत विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश में एयरपोर्ट बढ़कर 8 हो गए हैं और शीघ्र ही इनकी संख्या 10 हो जाएगी। इसी तरह से प्रदेश से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है। पहले दुबई और अब अबूधाबी के साथ इंदौर का हवाई संपर्क स्थापित हुआ है। सिंहस्थ-2028 के लिए भी दताना-मताना एयरपोर्ट का विस्तार हो रहा है। नए एयरपोर्ट के विकास, सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थायी हेलीपैड का निर्माण और पीएमश्री एयर एम्बुलेंस एवं पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा से प्रदेश में हवाई सुविधाएं अधिक सुगम और व्यापक हो रही हैं।

प्रदेश में सुदृढ़ हो रहा विमानन नेटवर्क

मप्र में वर्तमान में 8 एयरपोर्ट, 20 से अधिक एयरस्ट्रिप और 220 हेलीपैड हैं। वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 5 प्रमुख एयरपोर्ट इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और खजुराहो संचालित थे। वर्ष 2024-25 में रीवा, दतिया और सतना को जोड़कर एयरपोर्ट की संख्या 8 हो गई है। उज्जैन और शिवपुरी में एयरपोर्ट के विकास का कार्य प्रगति पर है। प्रदेश में हवाई सुविधाओं को और व्यापक बनाने के लिए हर 150 किलोमीटर पर एयरपोर्ट, हर 75 किलोमीटर पर एयरस्ट्रिप और हर 45 किलोमीटर पर हेलीपैड विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में स्थायी हेलीपैड विकसित करने की योजना है।

पांच नए एयरपोर्ट की स्वीकृति प्रक्रियाधीन, सिंगरौली को प्राथमिकता

प्रदेश में पांच नए एयरपोर्ट के विकास की स्वीकृति केंद्र सरकार के स्तर पर प्रक्रियाधीन है। इनमें सिंगरौली को प्राथमिकता दी गई है। इसके साथ ही उड़ान योजना अंतर्गत प्रदेश की 10 एयरस्ट्रिप को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। इनमें सिंगरौली, सागर, नीमच, छिंदवाड़ा, मंडला, खंडवा, रतलाम, मंदसौर, उमरिया और शहडोल शामिल हैं।

राज्य सरकार को मिल रहा नया विमान-व्यय रह जाएगा एक तिहाई

प्रदेश में विमानन और वायु सेवाओं का विकास हो रहा है तथा राज्य शासन को नया शासकीय विमान मिल रहा है। देश में कई राज्यों जैसे- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, छत्तीसगढ़ इत्यादि में स्वयं के विमान एवं हेलीकॉप्टर हैं। भौगोलिक दृष्टि से बड़ा राज्य होने के कारण मप्र में त्वरित पहुंच एवं आकस्मिक परिस्थितियों में विमान एवं हेलीकॉप्टर की तुलनात्मक रूप से अधिक आवश्यकता रहती है। कोविड-19 के दौरान प्रदेश सरकार का विमान कोविड की अत्यन्त महत्वपूर्ण दवा रेमडेसिविर को प्रदेश के विभिन्न स्थानों में ले जाते हुए ग्वालियर में क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद से लगातार चार्टर्ड (किराए) के विमान का उपयोग किया जा रहा है। शासकीय विमान आने से राज्य सरकार का व्यय प्रतिमाह एक तिहाई ही रह जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सिंगापुर दौरे का तीसरा दिन

सिंगापुर हरियाणा में करेगा 5500 करोड़ का निवेश, रोजगार व विकास को मिलेगी रफ्तार

- सिंगापुर दौरा विकसित हरियाणा-विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने वाला साबित होगा : सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा को वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूत पहचान दिलाने की दिशा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सिंगापुर दौरा महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ संपन्न हुआ। दौरे के दौरान विभिन्न कंपनियों और संस्थानों ने हरियाणा में करीब 5,500 करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर सहमति जताई। इन निवेश प्रस्तावों से प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं, जल प्रबंधन, शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसरों को गति मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सिंगापुर दौरा 'विकसित हरियाणा-विकसित भारत' के संकल्प को मजबूत करने वाला साबित होगा। हरियाणा के प्रति वैश्विक निवेशकों की बढ़ती रुचि दर्शाती है कि प्रदेश निवेश, नवाचार और उद्योग के लिए एक भरोसेमंद एवं आकर्षक गंतव्य के रूप में तेजी से उभर रहा है।

एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सिंगापुर दौरे के दौरान विभिन्न कंपनियों के साथ हरियाणा में करीब 5,500 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह के साथ।

हेल्थ एवं वेलनेस में 3,000 करोड़ के निवेश

हरियाणा में हेल्थ एवं वेलनेस क्षेत्र में करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी है। इससे अत्याधुनिक अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र, वेलनेस सुविधाएं और चिकित्सा अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा।

जल प्रबंधन में 1,500 करोड़

जल उपचार एवं प्रबंधन क्षेत्र में करीब 1,500 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी है। इससे आधुनिक जल उपचार संयंत्र, सीवेज ट्रीटमेंट, जल पुनः उपयोग और स्मार्ट जल प्रबंधन प्रणालियों को बढ़ावा मिलेगा।

शिक्षा-कौशल विकास में 1,000 करोड़ निवेश

शिक्षा क्षेत्र में करीब 1,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी है। इससे आधुनिक शैक्षणिक संस्थानों, कौशल विकास केंद्रों, तकनीकी शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण सुविधाओं का विस्तार होगा।

मुख्यमंत्री सैनी ने सुरबाना जुरोंग का दौरा किया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंगापुर स्थित शहरी विकास एवं अवसंरचना क्षेत्र की प्रमुख संस्था सुरबाना जुरोंग का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा में प्रस्तावित नई औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) के लिए आधुनिक, एकीकृत और भविष्योन्मुखी व्यवस्थाओं का अध्ययन किया।मुख्यमंत्री ने अलग-अलग व्यावसायिक इकाइयों को एक ही स्थान पर विकसित करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। जल शोधन, यातायात प्रबंधन और औद्योगिक क्षेत्रों में बेहतर सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं को समझा। साथ ही, उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए सुविधाजनक और बेहतर कार्य वातावरण तैयार करने के उपायों पर भी चर्चा की।

सिंगापुर के विदेश मंत्री डॉ. बालाकृष्णन से मिले सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सिंगापुर के विदेश मंत्री डॉ. विवियन बालाकृष्णन ने मंगलवार को मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच हरियाणा और सिंगापुर के बीच सहयोग के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। शिक्षा, कौशल विकास, जल प्रबंधन, शहरी विकास, तकनीकी नवाचार और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।मुख्यमंत्री ने सिंगापुर सरकार की मेजबानी के लिए विदेश मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि सिंगापुर ने आधुनिक शहरी विकास, जल प्रबंधन और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय अनुभव हासिल किया है। इससे हरियाणा को भी लाभ मिल सकता है। जल उपचार, जल संरक्षण, शहरी नियोजन और आधुनिक तकनीकी समाधानों को अपनाने में मदद मिलेगी।

सेमीकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी, डेटा सेंटर और लॉजिस्टिक्स में निवेश पर चर्चा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सिंगापुर दौरे के तीसरे दिन मंगलवार को सिंगापुर बिजनेस फोरम के तहत राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें मुख्यमंत्री ने एक दर्जन से अधिक सिंगापुर की कंपनियों के प्रतिनिधियों, सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन के पदाधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों, निवेशकों और बिजनेस लीडर्स के साथ विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा का लक्ष्य सिंगापुर की कंपनियों के सहयोग से सेमीकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी, वेयरहाउसिंग और आधारभूत ढांचे के क्षेत्रों में निवेश बढ़ाना है। गुरुग्राम के अलावा पंचकूला, करनाल, हिसार, सोनीपत और रोहतक जैसे शहरों को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) तथा तकनीक आधारित कारोबार के अगले ग्रोथ सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए राज्य सरकार ने डेटा सेंटर पॉलिसी-2026 भी तैयार की है। सैनी ने कहा कि सिंगापुर और हरियाणा भौगोलिक रूप से भले ही अलग हैं, लेकिन दोनों की प्राथमिकताएं कई स्तरों पर समान हैं। सिंगापुर नवाचार, दक्षता और वैश्विक कनेक्टिविटी का केंद्र है, जबकि हरियाणा उद्योग, विनिर्माण और बाजार तक पहुंच की क्षमता रखता है। दोनों की क्षमताओं का मेल आर्थिक साझेदारी को नई ऊंचाई दे सकता है।उन्होंने कहा कि गुरुग्राम देश के प्रमुख कॉरपोरेट और टेक्नोलॉजी हब में शामिल है। अब पंचकूला, करनाल, हिसार, सोनीपत और रोहतक जैसे शहरों को भी जीसीसी और तकनीक आधारित कारोबार के लिए तैयार किया जा रहा है।

'जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा' का मप्र में हुआ समापन, गांव-गांव की सेवा

17 हजार किमी की यात्रा, 53 जिलों में 700 से अधिक सेवा कार्यक्रम हुए


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित 'वडनगर से वाराणसी एवं वाराणसी से वडनगर जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा' का मध्यप्रदेश में सोमवार को समापन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के निरंतर जनसेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से भजापा द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित यह यात्रा 18 सितंबर से 5 अक्टूबर तक मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में पहुंची। यात्रा ने गांव-गांव तक पहुंचकर युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को सेवा कार्यों से जोड़ा।

राष्ट्र निर्माण की भावना को जागृत करने का व्यापक जनअभियान बनी यात्राः कोठारी

प्रदेश संयोजक राहुल कोठारी ने कहा कि यह यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि पूरे मप्र में सेवा, समर्पण, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना को जागृत करने वाला व्यापक जनअभियान बनी। यात्रा के कारण पूरे प्रदेश में सेवा का उत्साहपूर्ण वातावरण बना और अनेक स्थानों पर नागरिकों ने स्वेच्छा से सेवा गतिविधियों में सहभागिता कर इसे जनभागीदारी का स्वरूप दिया। यात्रा के दौरान हजारों युवा सेवा यात्रियों, भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्वच्छता अभियान, नदी एवं तालाबों की सफाई, गौसेवा, स्वास्थ्य शिविर, सफाई मित्रों का सम्मान, दिव्यांगजनों का सम्मान एवं उपकरण वितरण, विद्यार्थियों से संवाद, लाभार्थी संवाद, पोषण किट वितरण, जरूरतमंदों को खाद्यान्न सामग्री, नशामुक्ति एवं जनजागरूकता सहित अनेक सेवा गतिविधियों में सहभागिता की।

यात्रा का समापन, लेकिन सेवा का संकल्प समाप्त नहीं

राहुल कोठारी ने कहा कि जब समाज, कार्यकर्ता और युवा शक्ति मिलकर सेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं, तो सेवा का कार्य जनअभियान का रूप ले लेता है। 'जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा' ने मध्यप्रदेश में इसी भावना को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में यात्रा का समापन सेवा के संकल्प का अंत नहीं, बल्कि इसे निरंतर समाज के बीच आगे बढ़ाने की शुरुआत है।

धूप होने से लगातार बढ़ रही गर्मी, उमस से लोग परेशान

मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के आठ जिलों में बारिश को लेकर जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ से मानसून की विदाई का दौर जारी है। ऐसे में प्रदेश में शुष्क मौसम बना हुआ है। तेज धूप होने से लगातार गर्मी बढ़ रही है। उसम भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। रायपुर से मानसून की विदाई हो चुकी है। अगले कुछ दिनों में पूरे छत्तीसगढ़ से मानसून की विदाई हो जायेगी।

- 30-40 प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की बनी हुई हैं संभावनाएं

मौसम विभाग ने प्रदेश के आठ जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है।

जिन आठ जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है, उनमें रायगढ़, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरया, बलरामपुर शामिल हैं। यहां पर बादल के गरजने, आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। वहीं 30-40 प्रति घंटे की रफ्तार से हवायें चल सकती हैं। रायपुर में बारिश थमने के बाद पारा बढ़ा हुआ है। दिन के साथ ही रात में भी राहत नहीं मिल रही है। गर्मी जैसे हालात से लोग बेहाल हैं।

मंगलवार को मौसम विभाग ने आकाश साफ रहने की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।

मानसून की वापसी जैसी संभावनाएं



मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो-तीन दिनों में प्रदेश के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने की संभावना है। दो दिन के बाद हल्की बारिश और गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की वापसी की रेखा सुपौल, रांची, रायपुर, ब्रह्मपुरी, परभणी, बारामती, हरनाई से होकर गुजर रही है। पश्चिम बंगाल से मध्य महाराष्ट्र तक–झारखंड, ओडिशा के अंदरूनी इलाकों, छत्तीसगढ़, विदर्भ और मराठवाड़ा से होते हुए एक द्रोणिका बना हुआ है। इसके अतिरिक्त उत्तर-मध्य बिहार से उत्तरी ओडिशा तक झारखंड और गंगा के मैदानी इलाकों वाले पश्चिम बंगाल से होते हुए एक द्रोणिका बना हुआ है।

बीते 24 घंटों से शुष्क बना है मौसम


प्रदेश में पिछले 24 घंटों में मौसम शुष्क बना हुआ है। किसी भी स्थान पर वर्षा दर्ज नहीं की गई है। राजधानी में 34.4 डिग्री सेल्सियस तो राजनांदगांव में सबसे अधिक 35 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतर जिलों में तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। प्रदेश में तापमान की बात करें तो पेंड्रारोड में 33. 8 डिग्री, बिलासपुर में 33.6 डिग्री, दुर्ग में 33. 5 डिग्री, जगदलपुर में 33.3 डिग्री और अंबिकापुर में 32 डिग्री सेल्सियस रहा। छत्तीसगढ़, विदर्भ और मराठवाड़ा होते हुए एक द्रोणिका बनी हुई है, जिसके प्रभाव से कुछ एक क्षेत्रों में हल्की बारिश हो सकती है।

प्रेरणादायी है रानी दुर्गावती का जीवनः रंजना चितले

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि के एसटी, एससी सेल द्वारा रानी दुर्गावती जयंती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनजातीय विशेषज्ञ रंजना चितले ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन महिला सशक्तिकरण की अनुपम मिसाल हैं। उन्होंने कभी भी अपनी अस्मिता, अस्तित्व से समझौता नहीं किया। संयोजक डॉ गजेंद्र सिंह अवास्या ने मुख्य अतिथि रंजना चितले को पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। रंजना चितले ने रानी दुर्गावती के जीवन और उनके व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रानी दुर्गावती गोंडवाना की वीर और साहसी शासिका थीं, जिन्होंने अपने जीवन में स्वतंत्रता, स्वराज और नारी सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत किया। पति की मृत्यु के बाद रानी दुर्गावती ने राज्य की बागडोर संभाली और कुशलता से शासन किया।

कटघोरा थाना क्षेत्र के कसनिया के जटगा मोड़ की घटना

तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में तेज रफ्तार ट्रेलर वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले कुछ ही घंटों में यह दूसरी बड़ी एक्सीडेंट की घटना सामने आई है। ताजा हादसा कटघोरा थाना क्षेत्र के कसनिया के जटगा मोड़ में हुआ है।

जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने ओवरटेक के चक्कर में बाइक सवार को रौंद दिया। हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक ने हेलमेट पहना हुआ था, उसके बावजूद ट्रेलर का पहिया हेलमेट के ऊपर से चढ़ गया और हेलमेट चकनाचूर हो गया। सिर में गंभीर चोट लगने से बाइक सवार ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस बाइक नंबर के आधार पर मृतक की पहचान करने की कार्रवाई में जुटी हुई है।

वाहन जब्त कर ड्राइवर की तलाश जारी

घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही डायल 112 और कटघोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रेलर वाहन को जब्त कर लिया है, जबकि उसका चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है। गौरतलब है कि इसके कुछ घंटे पहले ही सोमवार रात में बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में भी तेज रफ्तार ट्रेलर ने दो अलग-अलग दोपहिया वाहनों को चपेट में ले लिया था, जिसमें दो लोगो की मौत हो गई थी और दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। उस हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने चक्का जाम कर दिया था, जो देर रात समझाइश के बाद समाप्त हुआ था। लगातार हो रहे एक्सीडेंट और हादसों में मौत को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है।

बालोद के आमापारा इलाके की घटना, घटना के बाद इलाके में हड़कंप

ई-लाइब्रेरी से पढ़ाई कर घर लौट रही छात्रा पर युवक ने किया एसिड अटैक, पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा

आरोपी पर एकतरफा प्रेम करने का संदेह

- पीड़िता का जिला अस्पताल के बर्न यूनिट में इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कानून-व्यवस्था को सीधी चुनौती देते हुए दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। आमापारा इलाके में ई-लाइब्रेरी से पढ़ाई कर घर लौट रही 22 वर्षीय छात्रा पर एक अज्ञात युवक ने पीछे से एसिड फेंक दिया। हमले में छात्रा का चेहरा और दोनों हाथ गंभीर रूप से झुलस गए हैं। लहूलुहान और झुलसी हालत में छात्रा को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बर्न यूनिट में डॉक्टरों की टीम ने उसका प्राथमिक इलाज किया फिर उसे रायपुर भेज दिया गया। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। पीड़िता हवलदार (वाहन चालक) की पुत्री है। वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी।



फिलहाल, पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि युवती रोजाना की तरह ई-लाइब्रेरी में पढ़ाई करने के बाद पैदल अपने घर लौट रही थी। आमापारा के समीप सुनसान मोड़ पर पीछे से तेजी से आए हमलावर युवक ने अचानक उस पर तेजाब उड़ेल दिया। हमले के बाद छात्रा ने अदम्य साहस दिखाते हुए मौके से दौड़कर अपनी जान बचाई।

सायबर सेल और पुलिस की अलग-अलग टीमें मामले की जांच पड़ताल कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि बालोद का आरोपी युवक युवती से एकतरफा प्रेम करता था। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी की करण कुंजाम युवक से दोस्ती है। सोमवार की सुबह करण अपनी महिला मित्र के साथ बीजापुर से बालोद पहुंचा और दोनों ने यहां प्रेम विवाह किया। इस दौरान करण के दोस्त ने उसे युवती से अपने एकतरफा प्रेम के बारे में बताया। उसने दोस्ती का हवाला देकर उससे मदद मांगी। इसके बाद करण ने युवती पर एसिड फेंकने की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद वह अपनी महिला मित्र के साथ बालोद से भाग निकला।

पुलिसकर्मी की बेटी है पीड़ित छात्रा

हवलदार की बेटी पर दिनदहाड़े हुए इस जानलेवा हमले की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक समेत जिले के आला अधिकारी तत्काल मामले को सुलझाने ग्राउंड पर उतरे। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। विभाग ने चिकित्सकों से पीड़िता के स्वास्थ्य की जानकारी ली। पुलिस ने पीड़िता का प्रारंभिक बयान दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के बाद से आम नागरिकों, विशेषकर छात्राओं और कामकाजी महिलाओं में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। वारदात के तुरंत बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने आमापारा और शहर के सभी प्रवेश-निकास द्वारों पर नाकेबंदी कर दी है। घटनास्थल के आसपास दुकानों और घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

नगर पालिका परिषद वारासिवनी भी राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत

नगरीय निकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीएम के 'सभी के लिए आवास' के संकल्प को मप्र की धरा पर साकार करने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता और प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। मप्र को 'प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी पुरस्कार-2026' से पुरस्कृत किया गया है। विश्व आवास दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। राज्य शासन की ओर से नगरीय विकास एवं आवास विभाग आयुक्त संकेत भोंडवे तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के राज्य मिशन संचालक शिशिर गेमावत ने पुरूस्कार प्राप्त किया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/
धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जितेंद्र गुप्ता उर्फ ललुआ पुत्र हरिशंकर पताः के–276, शकुरपुर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 178/26 दिनांक 05.04.2026 धारा 109(1)/115(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023 के तहत** थानाः सुभाष प्लेस, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जितेंद्र गुप्ता उर्फ ललुआ** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जितेंद्र गुप्ता उर्फ ललुआ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 178/26 दिनांक 05.04.2026 धारा 109(1)/115(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023 के तहत थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली के उक्त जितेंद्र गुप्ता उर्फ ललुआ** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
उपासना सतीजा
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तरी पश्चिम, कमरा नं.108, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13890/NW/2026

चिंतन

प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर जरूरी

दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के बाद सामने आए एक वीडियो ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। इसमें दिल्ली पुलिस के एसीपी को एक महिला के साथ कथित रूप से अनुचित व्यवहार करते हुए दिखाया गया। पुलिस की जांच में यह वीडियो वास्तविक सीसीटीवी फुटेज नहीं, बल्कि एआई तकनीक से तैयार किया गया फर्जी वीडियो निकला। इस मामले में हरियाणा के पलवल निवासी 24 वर्षीय नदीम अहमद को गिरफ्तार किया गया है। यह दिखाता है कि कुछ लोग फर्जी पत्रकार बनकर अपना एजेंडा चला रहे हैं और मीडिया को बदनाम कर रहे हैं। ऐसे में प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर को समझना जरूरी हो गया है। ऐसे प्रोपेगेंडाधारी आंदोलनों में पुलिस कर्मचारियों को उकसाते हैं। उनके सवालों और बयानबाजी से लगता है कि वे किसी एजेंडे के तहत ऐसा कर रहे हैं। एआई के जरिये वीडियो तैयार करते हैं और फिर इसे किसी विशेष दल द्वारा प्रसारित किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट की भी गाइडलाइन है कि एजेंडा आधारित पत्रकारिता न की जाए और जब भी मौके पर जाएं तो पत्रकार अपने आईडीकार्ड साथ लेकर जाएं। बता दें कि नदीम ने मदरसे से पढ़ाई की है और वह खुद को एक स्वतंत्र पत्रकार बताता है। उसने 10वीं तक पास नहीं की है। वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हो गए हैं। भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने राहुल गांधी और कांग्रेस से जुड़े लोगों पर इस वीडियो को प्रसारित कर दिल्ली पुलिस के खिलाफ गलत नैरेटिव बनाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वीडियो के फर्जी पाए जाने के बाद इसे साझा करने वालों को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। इस पूरे विवाद में सबसे महत्वपूर्ण बात राजनीतिक दलों से भी आगे जाकर मीडिया की विश्वसनीयता की है। पत्रकारिता का पहला धर्म किसी दावे को इसलिए सच मान लेना नहीं है, क्योंकि वह वीडियो के रूप में सामने आया है। वीडियो प्रमाण का मजबूत माध्यम जरूर है, लेकिन एआई और डीपफेक तकनीक के दौर में केवल वीडियो का होना उसकी सत्यता की गारंटी नहीं रह गया है। हालांकि महिला पत्रकारों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायतें की हैं और इन शिकायतों की जांच चल रही है। यही वह बिंदु है जहां प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर जरूरी हो जाता है। प्रोपेगेंडा का उद्देश्य किसी धारणा को मजबूत करना हो सकता है, जबकि पत्रकारिता का उद्देश्य तथ्य की पड़ताल करना है। प्रोपेगेंडा पहले निष्कर्ष तय करता है और उसके अनुकूल सामग्री तलाशता है। पत्रकारिता इसके उलट सवाल से शुरू होती है और प्रमाण के आधार पर निष्कर्ष तक पहुंचती है। एआई युग में पत्रकारिता को गति से ज्यादा सत्यापन को महत्व देना होगा। स्रोत, मूल फुटेज, समय, स्थान, मेटाडाटा और स्वतंत्र प्रत्यक्ष प्रमाण इन सभी की पड़ताल जरूरी होगी। लोकतंत्र में पुलिस से सवाल भी होने चाहिए और मीडिया से सवाल भी। किसी महिला पत्रकार के आरोप की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और किसी पुलिस अधिकारी को फर्जी वीडियो के आधार पर दोषी भी नहीं ठहराया जाना चाहिए। दोनों प्रक्रियाओं के बीच यही संतुलन लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखेगा। आज आवश्यकता किसी एक पक्ष के नैरेटिव को आगे बढ़ाने की नहीं, बल्कि सच और प्रचार के बीच स्पष्ट रेखा खींचने की है। आने वाले समय में विश्वसनीय मीडिया वही होगा, जो सबसे पहले खबर देने की होड़ से ऊपर उठकर सबसे पहले सही खबर देने को प्राथमिकता देगा।



25 वर्ष की जनसेवा

सरोज पांडेय

राष्ट्रसेवा का एक अविराम संकल्प

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष केवल एक राजनीतिक सफर नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की कहानी हैं। एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक दायित्व तक पहुंचना अपने आप में प्रेरणादायी है। इन वर्षों में उन्होंने सत्ता को केवल अधिकार नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम मानने का संदेश दिया। कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने का साहस हो या देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का संकल्प- उनकी कार्यशैली में राष्ट्र प्रथम की भावना दिखाई देती है। इन 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि शायद यह है कि उन्होंने करोड़ों भारतीयों के मन में यह विश्वास जगाया कि भारत केवल संभावनाओं का देश नहीं, बल्कि अपनी क्षमता के बल पर विश्व का नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बन सकता है। पच्चीस वर्षों की यह यात्रा हमें यह संदेश देती है कि सार्वजनिक जीवन में पद से बड़ा उद्देश्य होता है और राजनीति से बड़ी राष्ट्रनीति। यह केवल 25 वर्षों का पड़ाव नहीं, बल्कि उस संकल्प का उत्सव है, जिसमें भारत की प्रगति, गरीब का सम्मान और राष्ट्र का गौरव सर्वोपरि है। पच्चीस वर्ष किसी व्यक्ति के जीवन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव होते हैं, लेकिन जब ये पच्चीस वर्ष राष्ट्र और समाज की सेवा को समर्पित हों, तो उनका महत्व और भी बढ़ जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की यह यात्रा केवल एक राजनीतिक सफर नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, संकल्प, परिश्रम और राष्ट्र के प्रति समर्पण की ऐसी यात्रा है, जिसने भारतीय राजनीति और जनसेवा की कार्यशैली पर अपनी अलग छाप छोड़ी है। एक सामान्य परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक दायित्व तक पहुंचना अपने आप में एक असाधारण यात्रा है।

इस यात्रा में अनेक उतार-चढ़ाव आए, चुनौतियां सामने आईं और कठिन निर्णयों की परिस्थितियां भी बनीं। लेकिन निरंतर काम करते रहने की प्रवृत्ति और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का भाव इस पूरे सफर की प्रमुख विशेषता रहा है। नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन को समझने के लिए केवल उनके पदों को देखना पर्याप्त नहीं है। उनके राजनीतिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि उन्होंने संगठन और जनसंपर्क को अपनी कार्यशैली का आधार बनाया। देश के अलग-अलग हिस्सों में सामान्य नागरिकों से संवाद, उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास और विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की सोच उनके सार्वजनिक जीवन में लगातार दिखाई देती रही है। पिछले वर्षों में भारत ने अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन का अनुभव किया है। बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से लेकर डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग तक, गरीब और वंचित वर्गों के लिए विभिन्न योजनाओं से लेकर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों तक-विकास की चर्चा अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रही। देश के छोटे कस्बों, गांवों और सामान्य परिवारों की आकांक्षाएं भी राष्ट्रीय विकास की चर्चा का हिस्सा बनी हैं। इन वर्षों में आत्मनिर्भर भारत का विचार भी व्यापक रूप से सामने आया। भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में नहीं, बल्कि उत्पादन,



नवाचार, तकनीक और वैश्विक नेतृत्व की क्षमता रखने वाले देश के रूप में देखने की सोच मजबूत हुई। आज दुनिया में भारत की भूमिका पर होने वाली चर्चाओं में उसकी आर्थिक क्षमता, तकनीकी सामर्थ्य और युवा शक्ति का विशेष उल्लेख होता है। लेकिन किसी भी जननेता की वास्तविक परीक्षा केवल उपलब्धियों से नहीं होती। लोकतंत्र में जनता की अपेक्षाएं निरंतर बढ़ती रहती हैं। करोड़ों लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को साथ लेकर चलना अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए 25 वर्षों की यह यात्रा उपलब्धियों के साथ-साथ जिम्मेदारियों की भी यात्रा है। नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की एक विशेष पहचान उनका संवाद का तरीका भी रहा है। उन्होंने देश के सामान्य नागरिक से सीधे संवाद को महत्व दिया। रेडियो, डिजिटल माध्यमों और सार्वजनिक कार्यक्रमों के जरिए उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ने का प्रयास किया। इस संवाद ने राजनीति और जनता के बीच की दूरी को कम करने की एक नई शैली को जन्म दिया।

महिलाओं की भूमिका, युवाओं की ऊर्जा, किसानों की मेहनत, गरीबों की गरिमा और देश के छोटे उद्यमियों की क्षमता को राष्ट्रीय विकास से जोड़ना आज के भारत की चर्चा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। यह बदलाव केवल योजनाओं या नीतियों का विषय नहीं है; इसके पीछे देश के नागरिकों की बदलती आकांक्षाएं भी हैं। एक बात स्पष्ट दिखाई देती है कि सार्वजनिक जीवन लंबी दौड़ है। इसमें केवल चुनाव जीतना ही पर्याप्त नहीं होता। जनता का विश्वास बनाए रखना, लगातार काम करते रहना और बदलते समय के साथ देश की आवश्यकताओं को समझना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। नरेंद्र मोदी की राजनीतिक यात्रा का सबसे बड़ा संदेश शायद यही है कि राजनीति को यदि जनसेवा का माध्यम माना जाए तो पद साधन बन जाता है और उद्देश्य राष्ट्रनिर्माण। उनके समर्थक उनकी इसी कार्यशैली को उनकी सबसे बड़ी शक्ति मानते हैं। पच्चीस वर्ष की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमें याद दिलाती है कि राष्ट्रनिर्माण किसी एक दिन या एक सरकार का कार्य नहीं होता। यह करोड़ों नागरिकों के परिश्रम, विश्वास और सहभागिता से निर्मित होने वाली सतत प्रक्रिया है। जननेता उस प्रक्रिया को दिशा दे सकता है, लेकिन उसकी सफलता अंततः जनता की भागीदारी से ही संभव होती है। यह आने वाले वर्षों के लिए नए संकल्प लेने का भी अवसर है।

भारत आज जिस आत्मविश्वास के साथ विश्व के सामने खड़ा है, उसके सामने नई चुनौतियां भी हैं और नई संभावनाएं भी। एक जनसेवक के लिए इससे बड़ी उपलब्धि क्या हो सकती है कि उसके जीवन का एक बड़ा हिस्सा देश के नाम समर्पित हो जाए और उसके कार्यों के केंद्र में भारत की जनता बनी रहे। यह यात्रा उस भारत की ओर बढ़ती रहे, जहां विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, हर नागरिक को सम्मान मिले और आने वाली पीढ़ियां एक सशक्त, आत्मनिर्भर और गौरवशाली भारत का निर्माण करें। यही पच्चीस वर्षों की जनसेवा का सबसे सुंदर अर्थ है, व्यक्ति से बड़ा राष्ट्र, पद से बड़ा दायित्व और राजनीति से बड़ा जनसेवा का संकल्प। कुछ यात्राएं केवल समय के साथ पूरी नहीं होतीं, वे इतिहास के पन्नों पर अपनी छाप छोड़ जाती हैं। इन 25 वर्षों में एक कार्यकर्ता से देश के प्रधानमंत्री तक का सफर तय करने वाले नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक जीवन में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इन वर्षों को केवल राजनीतिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उस विश्वास से भी मापा जाना चाहिए जो करोड़ों भारतीयों ने उनके नेतृत्व में देश के भविष्य को लेकर महसूस किया है। राष्ट्रसेवा की यह यात्रा यूं ही निरंतर आगे बढ़ती रहे- यही शुभकामना है।

(लेखिका भाजपा की पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सियासत

राज कुमार सिन्हा




चुनाव आयोग पर सवालों से विपक्ष को संजीवनी

दिल्ली के जंतर-मंतर और मुंबई समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी बीच कल सुप्रीम कोर्ट में ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त पद से हटाने और अंतरिम रूप से सस्पेंड करने और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े कथित एकतरफा फैसलों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अहम सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने साफ किया कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 में किसी भी बदलाव को मंजूरी नहीं दी है। सीजेआई का यह टिप्पणी, इसलिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के निर्वाचन आयोग ने 26 सितंबर को दावा किया था कि एसआईआर प्रक्रिया के लिए मदताओं का नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के साथ जोड़े गए नए घोषणा-पत्र को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी है। मामला दाखिल याचिकाओं के बाद सामने आया, जिनमें दावा किया गया कि एसआईआर से जुड़े करीब 14 महत्वपूर्ण फैसलों पर दोनों चुनाव आयुक्तों ने आपत्तियां दर्ज की थी, जबकि फैसले भारत के निर्वाचन आयोग के नाम से आगे बढ़े थे। याचिकाकर्ता का कहना है कि बहुसदस्यीय चुनाव आयोग के फैसले मुख्य चुनाव आयुक्त अकेले नहीं ले सकते हैं। दरअसल, फार्म-6 में बदलाव के जरिए जोड़े गए नए घोषणा-पत्र को लेकर राजनीतिक दलों का विरोध तब और बढ़ गया जब यह बात सामने आई कि निर्वाचन आयोग के अन्य निर्वाचन आयुक्तों की आपत्ति के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अकेले यह निर्णय लिया है। अन्य निर्वाचन आयुक्तों ने यह कहते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी कि केंद्र सरकार द्वारा मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 में संशोधन किए बगैर फार्म-6 में बदलाव नहीं किए जा सकते हैं। बेंच ने ज्ञानेश कुमार को फिलहाल एक्स पार्टी सस्पेंड करने से इनकार किया है, लेकिन मामला खारिज नहीं किया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी समेत संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। इस पूरे घटनाक्रम का असर केवल चुनाव आयोग और अदालत के बीच चल रही कानूनी प्रक्रिया तक सीमित रहने की संभावना नहीं है। इसका सीधा संबंध देश की राजनीति, चुनावी संस्थाओं की विश्वसनीयता और सत्तापक्ष तथा विपक्ष के बीच बढ़ते अविश्वास से भी है। यदि चुनाव आयोग के निर्णय लेने की प्रक्रिया, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया को लेकर उठे सवाल लंबे समय तक बने रहते हैं, तो यह विपक्ष के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक मुद्दा बन सकता है। भारतीय लोकतंत्र में चुनाव आयोग की भूमिका सामान्य प्रशासनिक संस्था से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। चुनाव आयोग के फैसलों पर राजनीतिक दलों और मतदाताओं का विश्वास चुनाव की निष्पक्षता की बुनियादी शर्त है। इसलिए जब आयोग के भीतर ही किसी निर्णय को लेकर मतभेद या असहमति की बात सामने आती है और यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचता है, तो उसका राजनीतिक महत्व स्वाभाविक रूप से बढ़ जाता है। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या बहुसदस्यीय चुनाव आयोग में किसी बड़े नीतिगत या चुनावी फैसले को मुख्य चुनाव आयुक्त अकेले आगे बढ़ा सकते हैं? यदि इस प्रश्न पर न्यायिक परीक्षण होता है और भविष्य में न्यायालय कोई स्पष्ट व्यवस्था देता है, तो इसका असर केवल मौजूदा विवाद पर नहीं, बल्कि चुनाव आयोग की भविष्य की कार्यप्रणाली पर भी पड़ सकता है। इससे यह तय करने में मदद मिल सकती है कि आयोग के भीतर सामूहिक निर्णय प्रक्रिया कितनी महत्वपूर्ण है और मुख्य चुनाव आयुक्त तथा अन्य निर्वाचन आयुक्तों की संवैधानिक भूमिका का संतुलन किस प्रकार कायम किया जाना चाहिए। इस विवाद की असली परीक्षा यही होगी कि क्या देश की चुनावी संस्थाएं और राजनीतिक दलों के बीच विश्वास का केंद्र बनी रह सकती है। यदि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल लगातार बढ़ते हैं, तो इसका नुकसान किसी एक राजनीतिक दल को नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता को होगा।इसलिए मौजूदा विवाद को केवल "ज्ञानेश कुमार बनाम विपक्ष" के रूप में देखना उचित नहीं होगा। असली सवाल इससे कहीं बड़ा है कि क्या भारत की चुनावी व्यवस्था ऐसी बनी रहेगी जिस पर चुनाव हारने वाला भी भरोसा करे और चुनाव जीतने वाला भी? यही सवाल आने वाले समय में भारतीय राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

धन तो कमा लिया, पर क्या आप सफल हैं?




संकलित

दर्शन

सफलता क्या है? वह मुस्कान जो कभी समाप्त न हो, सफलता की निशानी है। ऐसा आत्मविश्वास, जिसे कोई भी हिला न सके वह सफलता का संकेत है। जीवन में निडरता भी सफलता का संकेत है। एक सफल व्यक्ति कभी चोरी नहीं करेगा, क्योंकि वह जानता है कि वह कहीं भी जाए, समृद्धि प्राप्त कर सकता है। जब यह विश्वास होता है कि "मैं कहीं भी समृद्धि प्राप्त कर सकता हूँ", तो वह चोरी, कर-चोरी, भ्रष्टाचार आदि कोई भी ऐसा काम नहीं करेगा जिसका परिणाम अंततः कारागृह हो। खुशी और सफलता एक दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए - किसी व्यक्ति को देखिए। क्या वह जीवंत है? क्या उसके अंदर पर्याप्त प्राण (ऊर्जा) है? या वह इतना थका-हारा और टूटा हुआ दिखता है कि किसी काम का नहीं लगता? हो सकता है आपके पास बहुत धन हो, लेकिन आपको मधुमेह (डायबिटीज) है, कोलेस्ट्रॉल है, अनिद्रा है, उच्च रक्तचाप है तब आप सुख-सुविधाओं का आनंद भी नहीं ले पाते। हम अपनी आधी सेहत धन कमाने में खर्च कर देते हैं, और फिर आधा धन सेहत वापस पाने में लगा देते हैं। यह अर्थव्यवस्था का बुद्धिमत्तापूर्ण तरीका नहीं है। खुशी और सफलता एक-दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए।प्रतिकूल परिस्थितियों में व्यक्तित्व की परीक्षा : जब कभी व्यक्ति, स्थान या परिस्थितियाँ आपके विपरीत होती हैं, तब मनुष्य अक्सर उनसे प्रभावित होकर स्वयं भी दबाव में आ जाता है। व्यक्तियों परिस्थितियों से घिरकर हम कभी-कभी भीतर से बोझिल महसूस करने लगते हैं।

क्रोध में हम, चिल्लाते क्यों हैं?



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने शिष्यों से पूछा- हम गुस्से में चिल्लाते क्यो हैं? जब हम खिन्न होते हैं, तो एक दूसरे पर चिल्लाते क्यों हैं? शिष्यों ने कुछ समय विचार किया और उनमें से एक शिष्य ने कहा- हम अपनी शांति खो देते हैं इसलिए चिल्लाते हैं। संत ने पूछा- पर जब दूसरा व्यक्ति आपके पास ही खड़ा हों तो इतना चिल्लाना क्यों? क्या यह संभव नहीं कि हम उस व्यक्ति से नरम आवाज में बात करें? हम एक दूसरे पर क्यों चिल्लाते हैं जब हम क्रोधित होते हैं? शिष्यों ने कई जवाब दिए पर किसी भी जवाब से संत संतुष्ट ना दिखाई दिए। अंत में उसने कहा, जब दो व्यक्ति एक दूसरे पर क्रोधित हों तो उनका हृदय बहुत दूर हों जाते हैं। इस दूरी को तय करने हेतु उन्हें चिल्लाना होता है ताकि वे एक दूसरे को सुन सके। वो जितना अधिक क्रोधित होते हैं उन्हें अपने हृदय की दूरी तय करने के लिए उतना ही चिल्लाना पड़ता हैं फिर संत ने पूछा, क्या होता है जब दो लोग एक दूसरे से प्रेम करते हैं? वे एक दूसरे पर चिल्लाते नहीं बल्कि सौम्यता से बात करते हैं, क्योंकि उनका हृदय बहुत करीब होता है। उनके बीच की दूरी बहुत कम होती हैं। संत ने आगे कहा- जब वे लोग एक दूसरे से और ज्यादा प्रेम करते तब क्या होता हैं? वे कुछ बोलते नहीं बस फुसफुसाते हैं और एक दूसरे के प्रेम में और करीब आते जाते हैं। अंत में उन्हें फुसफुसाने की भी जरूरत नहीं होती, बस एक दूसरे को देखते हैं। इस तरह लोग करीब होते हैं जब वे एक दूसरे से प्रेम करते हैं। जब आप किसी से बहस करें तो इसका ध्यान रखें।

अंतर्मन



आज की पाती

खेलों की संस्कृति विकसित हो

जापान के नगोया में आयोजित एशियन गेम्स-2026 के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य समेत 85 पदक जीते। मेडल की सूची में भारत ने चौथा स्थान हासिल किया। भारतीय खिलाड़ियों की सफलता पर पूरा देश गर्व करता है। एशियन गेम्स में खिलाड़ियों के पदक नई पीढ़ी को मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का संदेश देते हैं। इतिहास में पहली बार हुआ जब भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीम ने एक साथ एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। कई अन्य खेलों में भी भारत का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। इसके बावजूद भारत को अभी खेलों में लंबा सफर तय करना है। इसके लिए देश में खेल संस्कृति को विकसित करना होगा। - *कमल साहू, गरियाबंद*

ट्रेंड

स्पेशल पर्पस व्हीकल



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स अथॉरिटी' के गठन को मंजूरी दी है। इसे एक 'स्पेशल पर्पस व्हीकल' के तौर पर बनाया जाएगा, ताकि ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में रिसर्च, प्लानिंग, आदि की प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके।
-**जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

दोहरा रवैया नहीं चलेगा



कांग्रेस को फर्जी वोटों से इतना लगाव क्यों है? एक सही वोटर लिस्ट लोकतंत्र की आत्मा होती है। अगर वे जीतते हैं तो लोकतंत्र ठीक, वोटर लिस्ट भी ठीक, लेकिन अगर वे हारते हैं तो इसे वोटों की चोरी कहा जाता है। यह दोहरा रवैया नहीं चलेगा।
-**शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषिमंत्री

चुनाव आयुक्त



आज 300 से ज्यादा विपक्षी सांसदों ने चुनाव आयुक्तों से मिलने के लिए संसद से चुनाव आयोग तक मार्च किया। हम करोड़ों भारतीयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। चुनाव आयुक्त हमसे क्यों नहीं मिल रहे, पुलिस हमें क्यों रोक रही है और धमका रही है?
-**राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

लोकतंत्र का मज़ाक



पूरा देश ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर एकजुट है। कुछ सालों से, ये लोग असली वोट कटवाकर और फर्जी वोट जुड़वाकर चुनाव जीत रहे हैं। इन्होंने लोकतंत्र का मज़ाक बना दिया है। मैं देश में वोट की चोरी के खिलाफ़ चल रहे आंदोलन का समर्थन करता हूं।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

केन्या ने कांगो से आए इबोला के पहले मामले की पुष्टि की



केन्या के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को देश में कांगो से आए इबोला के पहले मामले की पुष्टि की। स्वास्थ्य मंत्री एडेन डुएले ने बताया कि कांगो से युगांडा होते हुए शनिवार को देश पहुंचे एक केन्याई नागरिक को उपचार के दौरान नैरोबी के अस्पताल में पृथक-वास में रखा गया था। हेमोरेजिक फीवर (रक्तस्रावी बुखार) जैसे लक्षण दिखने के बाद जांच में मरीज के इबोला वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। इलाज के दौरान सोमवार देर रात मरीज की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने देश को 'हाई अलर्ट' पर रखा है और संभावित रूप से सामने आने वाले अन्य मामलों पर नजर रखी जा रही है। डुएले ने बताया कि 28 लोगों की पहचान की गई है जो मरीजों के संपर्क में आए थे; इनमें परिवार के सदस्य और मरीजों की देखभाल करने वाले स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। युगांडा से उसी उड़ान में यात्रा करने वाले 23 अन्य यात्रियों का भी पता लगाया जा रहा है। केन्या चौथा ऐसा देश है जहां मौजूदा इबोला प्रकोप में संक्रमण का मामला सामने आया है। इस प्रकोप की घोषणा मई के मध्य में कांगो के पूर्वी हिस्से में की गई थी। युगांडा में 20 मामले और फ्रांस में एक मामला सामने आया है।

ऑफ बीट

ब्रह्मांड में जीवन के लिए सबसे अनुकूल जगहें कौन-सी हैं?



पृथ्वी पर इस समय भले ही काफी उथल-पुथल मची हो, लेकिन कम से कम हमारे आसपास का अंतरिक्ष शांत दिखाई देता है। मगर ब्रह्मांड के हर हिस्से में ऐसा नहीं है। कहीं विस्फोट हो रहे हैं, कहीं खगोलीय पिंड टकरा रहे हैं और कहीं दूसरे तरह के खतरे मंडरा रहे हैं पत्रिका 'मंथली नोटिसेज ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी' में प्रकाशित नए शोध में हमने कृत्रिम रूप से तैयार किए गए ब्रह्मांडों की पड़ताल की, ताकि यह पता लगाया जा सके कि जीवन के लिए सबसे अनुकूल स्थान कौन-से हैं। हमें एक राहत देने वाली बात पता चली कि आकाशगंगा के बाहरी हिस्से में स्थित हमारा सूर्य जीवन के लिए उपलब्ध सबसे अनुकूल जगहों में से एक है। जीवन के लिए ब्रह्मांड में मौजूद अनुकूल क्षेत्र को 'गोल्डीलॉक्स क्षेत्र' कहा जाता है-यानी ऐसी जगहें जहां परिस्थितियां न बहुत गर्म होती हैं, न बहुत ठंडी, बल्कि बिल्कुल अनुकूल होती हैं। हालांकि, वहां वास्तव में जीवन मौजूद है या नहीं, यह अलग सवाल है। खगोल विज्ञानी और जीवविज्ञानी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि सौरमंडल के बाहर मौजूद ग्रहों पर जीवन कैसे विकसित हो सकता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन पर भाजपा का जोरदार हमला

आज कामचोर मचा रहा शोर, किसे लाभ पहुंचाना चाह रहे, अब तक किसी भी 'संस्था' को नहीं छोड़ा

भाजपा सांसद सुधांशु ने की प्रेस वार्ता की, डुप्लीकेट वोटरों को वोटिंग का हक क्यों मांग रहे? वायु सेना, देश की सुरक्षा, वैक्सीन और न्यायपालिका को नहीं बख्शा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन पर भाजपा लगातार हमलावर हो रही है। मंगलवार को भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी की प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसी सांविधानिक संस्था को नहीं छोड़ा है। कांग्रेस से कई सवाल पूछें। चुनाव आयोग तक इंडिया गठबंधन के सांसदों के विरोध मार्च पर त्रिवेदी ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस ने अब तक देश की कितनी संस्थाओं पर आरोप लगाए हैं? एक दर्जन? आधा दर्जन? 2 दर्जन? भारतीय सेना से लेकर भारतीय वायु सेना, देश की सुरक्षा, एलआईसी, एचएएल, एसबीआई, एसईबीआई, वैक्सीन, न्यायपालिका और भारतीय मीडिया तक इस बात पर एक क्विज प्रतियोगिता होनी चाहिए कि कांग्रेस, और राहुल ने भारत की कितनी संस्थाओं पर आरोप लगाए हैं। वे विदेश जाकर ये सब बातें कहते हैं।

4 पीढ़ियों से लोकतंत्र की आड़ में राजशाही

त्रिवेदी ने कहा कि हमारी मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस का पहला परिवार पिछले चार पीढ़ियों से लोकतंत्र की आड़ में राजशाही चला रहा है, और असल में लोकतंत्र का गला घोंट रहा है। आज उन्होंने आकाशवाणी में घुसपैठ करने की कोशिश की। मैं कांग्रेस से साफ तौर पर पूछना चाहता हूं। वे बिना किसी जांच-पड़ताल के अनुपस्थित, दूसरी जगह चले गए, मृत और डुप्लिकेट वोटरों को वोटिंग का अधिकार देकर किसे फायदा पहुंचाना चाहते हैं? क्या कांग्रेस ऐसा करके किसी को फायदा पहुंचाना चाहती है?

मार्च पर शिवराज का तंज

राहुल की फिर से 'लॉन्चिंग' केरल, कर्नाटक में सब ठीक



मार्च की आलोचना करते हुए दावा किया कि यह कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा अराजकता पैदा करने तथा राहुल गांधी को फिर से 'लॉन्च' करने का एक और प्रयास था। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इस मार्च के जरिए वे बेबुनियाद आरोप लगा रहे। क्या कर्नाटक, केरल और हिमाचल में एसआईआर ठीक था।

रविशंकर ने प्रेस कांफ्रेंस की

अराजकता फैला रहा सारा विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं का अपमान



भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रदर्शनों पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल और विपक्षी दल सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग और सेना जैसी संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान नहीं करते। प्रसाद ने कहा कि विपक्ष देश में अराजकता फैलाना चाहता है।

संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश कर रही कांग्रेस



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत की संवैधानिक संस्थाओं के प्रति लोगों में अविश्वास उत्पन्न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन संविधान को कमजोर करने की 'साजिश' का हिस्सा है।

विपक्षी सांसद बोले

सीईसी ने एकतरफा फैसले लेकर संविधान के खिलाफ काम किया



एमडीएसके सांसद दुरई वाइको ने सीईसीके इस्तीफे की मांग की। वाइको ने आरोप लगाया कि सीईसी ने एकतरफा फैसले लेकर संविधान के खिलाफ काम किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पष्ट किया है कि उसने फॉर्म-6 में बदलाव को लेकर कोई मंजूरी नहीं दी है। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को लेकर विपक्ष की आपत्तियां दोहराईं।

वोट और संवैधानिक अधिकार छीने जा रहेः रेणुका



कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के आम लोगों के वोट और संवैधानिक अधिकार छीने जा रहे हैं। रेणुका चौधरी ने कहा कि सांसदों की जिम्मेदारी है कि वे आम लोगों की आवाज उठाएं। उन्होंने पश्चिम बंगाल में लाखों लोगों के नाम हटाए जाने का भी दावा किया।

ज्ञानेश कुमार ने न्यायालय को गुमराह कियाः राउत



शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत नेकहा कि सीईसी को उच्चतम न्यायालय के इस स्पष्टीकरण के बाद पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है कि उसने कभी मतदाता पंजीकरण फॉर्म में बदलाव की मंजूरी नहीं दी। सीईसी पर एसआईआर के बारे में शीर्ष अदालत और जनता दोनों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री और गृहमंत्री डर रहेः खेड़ा



कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को निर्वाचन आयोग के दफ्तर में जाने से रोका जा रहा है, हमें बस वहां जाकर अपना ज्ञापन सौंपना है, लेकिन उन्हें रोका जा रहा है। हम भी हार नहीं मानेंगे और यहीं इंतजार करेंगे। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री डर गए हैं।

ये सिलसिला चलता रहेगाः उमर



मार्च पर जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि ये सिलसिला चलता रहेगा। गठबंधन की बैठक हुई थी उसी में इस महीने का पूरा कैलेंडर तैयार किया गया। उसी में ये तय हुआ था 6 अक्टूबर को ईसी दफ्तर तक मार्च करेंगे।



नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन को ईसीआई कार्यालय की ओर 'इंडिया ब्लॉक' के विरोध मार्च के दौरान सुरक्षाकर्मियों द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद एक पुलिस बस के अंदर देखा गया।



मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करते हुए संसद से भारत निर्वाचन आयोग कार्यालय तक विरोध मार्च के दौरान कांग्रेस सांसद के.सी. वेणुगोपाल।



राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, (ईसीआई कार्यालय की ओर 'इंडिया ब्लॉक' के विरोध मार्च के दौरान पार्टी नेताओं और समर्थकों के बीच बैठे हैं, जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की गई है।



टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए संसद से भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) कार्यालय की ओर विरोध मार्च निकाला।

खबर संक्षेप

असम में सड़क हादसे में परिवार के 3 की मौत

गुवाहाटी। असम के कामरूप महानगर जिले में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर एक तेज रफ्तार कार के सड़क की रेलिंग से टकराने से एक महिला समेत एक परिवार के3 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य गंभीर घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हादसा खेतड़ी इलाके में हुआ, जब कार गुवाहाटी से नगांव जा रही थी। पुलिस ने प्रकरण कायम कर जांच शुरू कर दी है।



नवीन आज वाराणसी में रैली को संबोधित करेंगे

वाराणसी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बुधवार कोरोहनिया स्थित जगतपुर इंटर कॉलेज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यह सभा वडनगर से वाराणसी तक निकाली गई मोटरसाइकिल 'सेवा यात्रा' के समापन के अवसर पर आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर जगतपुर इंटर कॉलेज के मैदान में बड़ी जनसभा का आयोजन है।



मान के कैंप ऑफिस पर सीबीआई का छापा

चंडीगढ़। सीबीआई ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के ओएसडी राजबीर घुमन्न के संगरूर स्थित घर और उनके भाई के मोहाली स्थित घर पर छापेमारी की है। सीबीआई की टीम ने मोहाली के फेज-11 में गुरकिरपाल सिंह थिंद (ओएसडी राजबीर घुमन्न के भाई) के घर पर भी छापा मारा है। इसके साथ ही, सीबीआई की टीम मुख्यमंत्री कार्यालय में भी पहुंची हुई है।



चिकित्सकों का कर्तव्य मरीजों के प्रति करुणा भी हो

बिलासपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हिमाचल प्रदेश में एम्स बिलासपुर के पहले दीक्षांत समारोह में कहा कि चिकित्सा पेशा केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि करुणा, संवेदनशीलता और समाज की निस्वार्थ सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। राष्ट्रपति ने शक्तिपीठ की देवी माता श्री नैना देवी को नमन किया। उन्होंने बिलासपुर की पवित्र धरती और इसके ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख किया।



एमएसएमई को नई उड़ान मिलेगी, परिवहन-लॉजिस्टिक्स में भी बड़ा बदलाव

कैबिनेट के फैसलों को पीएम मोदी ने बताया उद्यमियों के निर्माण की दिशा में अहम कदम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के हालिया फैसलों को देश की अर्थव्यवस्था और विकास की गति को नई दिशा देने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल का एमएसएमई क्षेत्र से जुड़ा फैसला देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को विस्तार देने और अगली पीढ़ी के भारतीय कारोबारी नेतृत्व को तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़े पैमाने पर कारोबार बढ़ाने, आधुनिक तकनीकों को अपनाने, विनिर्माण क्षमता का विस्तार करने और वैश्विक बाजारों में प्रवेश करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एमएसएमई क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए जरूरी है कि उद्यमों को तकनीक, पूंजी, बाजार और बेहतर कारोबारी माहौल तक आसान पहुंच मिले। सरकार के इस फैसले से छोटे एवं मध्यम उद्यमों को अपने कारोबार को स्केल अप करने के साथ-साथ अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने का अवसर मिलेगा।

वैश्विक मूल्य श्रृंखला से जुड़ेंगे भारतीय उद्यमः प्रधानमंत्री ने कहा कि नई पहल का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य भारतीय एमएसएमई को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़ना है। इससे घरेलू उद्यमों के लिए न केवल निर्यात के नए अवसर खुल सकते हैं, बल्कि भारतीय उत्पादों की वैश्विक बाजारों में मौजूदगी भी मजबूत हो सकती है। विनिर्माण क्षेत्र में विस्तार के साथ एमएसएमई वैश्विक कंपनियों की आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारत में बड़ी संख्या में एमएसएमई रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ विनिर्माण, सेवा और निर्यात क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इन उद्यमों की क्षमता बढ़ने का असर व्यापक आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ सकता है।

परिवहन और लॉजिस्टिक्स में बनेगा एकीकृत ढांचाः मंत्रिमंडल ने देश के परिवहन और लॉजिस्टिक्स तंत्र में बेहतर समन्वय के लिए इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स अथॉरिटी की स्थापना को भी मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे देश के परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र में व्यापक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रधानमंत्री के अनुसार देश के विभिन्न परिवहन माध्यमों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, डेटा आधारित योजना को बढ़ावा देना और मल्टीमॉडल परिवहन व्यवस्था को मजबूत करना है। वर्तमान में सड़क, रेल, बंदरगाह, जलमार्ग और हवाई परिवहन जैसे विभिन्न माध्यमों के बीच बेहतर तालमेल से माल और यात्रियों की आवाजाही को अधिक सुगम और प्रभावी बनाया जा सकता है।

डेटा आधारित योजना पर जोरः अब परिवहन और लॉजिस्टिक्स से जुड़े आंकड़ों का बेहतर इस्तेमाल कर योजना बनाने पर जोर दिया जाएगा। डेटा आधारित योजना से माल ढुलाई के मार्गों, परिवहन क्षमता, बुनियादी ढांचे की जरूरत और विभिन्न परिवहन माध्यमों के बीच कनेक्टिविटी को अधिक प्रभावी तरीके से विकसित करने में मदद मिल सकती है।

मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ावाः सरकार लंबे समय से सड़क, रेल, बंदरगाह, अंतर्देशीय जलमार्ग और हवाई परिवहन को एक-दूसरे से जोड़कर मल्टीमॉडल परिवहन व्यवस्था विकसित करने पर जोर दे रही है। आईटीएलए को इसी व्यापक दृष्टिकोण के तहत महत्वपूर्ण संस्थागत कदम माना जा रहा है। अलग-अलग परिवहन माध्यमों के बीच बेहतर समन्वय से लॉजिस्टिक्स की लागत और समय को कम करने तथा आपूर्ति श्रृंखला को अधिक कुशल बनाने में मदद मिल सकती है।

विकास की गति पर पड़ेगा व्यापक असरः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि परिवहन और लॉजिस्टिक्स तंत्र में सुधार का असर केवल इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश की समग्र विकास यात्रा पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। बेहतर कनेक्टिविटी और कुशल लॉजिस्टिक्स से उद्योगों को कच्चे माल और तैयार उत्पादों की आवाजाही में सुविधा मिलेगी तथा व्यापार और विनिर्माण गतिविधियों को गति मिल सकती है।

एमएसएमई और लॉजिस्टिक्स दोनों फैसलों को सरकार के व्यापक आर्थिक एजेंडे से जोड़कर देखा जा रहा है। एक ओर एमएसएमई को तकनीक, उत्पादन और वैश्विक बाजारों से जोड़ने पर जोर है, वहीं दूसरी ओर बेहतर परिवहन और लॉजिस्टिक्स ढांचा उद्योगों की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने का आधार बन सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन पहलों का लक्ष्य भारत को अधिक प्रतिस्पर्धी, आधुनिक और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से मजबूती से जोड़ना है।

सुप्रीम कोर्ट का एनएचएआई से सवाल

वाहनों की तुरंत निगरानी के लिए इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम क्यों नहीं?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्गों पर खड़े या पार्क किए गए वाहनों से होने वाले सड़क हादसों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। मंगलवार को कोर्ट ने सवाल किया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के पास ऐसा इलेक्ट्रॉनिक निगरानी तंत्र क्यों नहीं हो सकता, जिससे हाईवे पर खड़े किसी वाहन की तुरंत पहचान और निगरानी की जा सके। यह टिप्पणी राजस्थान के फलोदी में नवंबर 2025 में हुए सड़क हादसे से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान आई। इसमें 15 लोगों की मौत हुई थी।



■ कोर्ट ने निगरानी को बताया जरूरी

सुप्रीम कोर्ट को मिले 3 नए जज



सीजेआई ने दिलाई शपथ तीनों ने संभाली जिम्मेदारी

सुप्रीम कोर्ट को मंगलवार को 3 नए न्यायाधीश मिले। सीजेआई सूर्यकांत ने न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल, न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह का लाइव प्रसारण भी किया गया। इस बार समारोह का समय अलग रहा। तीनों न्यायाधीश इससे पहले अलग-अलग हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 सितंबर 2026 को हुई बैठक में तीनों के नामों की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति के लिए सिफारिश की थी।

शिवसेना चुनाव चिन्ह विवाद

आरोपी लोगों पर चुनाव से जुड़ी भावना लागू होनी चाहिए

शिवसेना के चुनाव चिह्न विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक रूप से सवाल किया कि क्या दलबदल के आरोपी लोगों पर भी पार्टी के चुनाव चिह्न से जुड़ी भावना लागू होनी चाहिए। सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ सुनवाई कर रही थी।इनमें निर्वाचन आयोग के उस फैसले को चुनौती भी शामिल है, जिसमें एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को वास्तविक शिवसेना माना गया था। उसे धनुष-बाण चिह्न दिया गया था।

जंतर-मंतर 2.0 से पहले पुलिस ने दिखाई सख्ती

प्रदर्शन से पहले प्रशासन अलर्ट — कॉकरोचों से मांगा हिसाब जाने का पैसा किसने दिया?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की ओर से दिल्ली में जंतर-मंतर 2.0 प्रदर्शन से पहले प्रशासन अलर्ट मोड में है। महाराष्ट्र पुलिस की ओर से कॉकरोचों को प्रदर्शन में शामिल होने को लेकर नोटिस दिए जाने का दावा किया गया है। सीजेपी कार्यकर्ता अजिंक्य शिंदे ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि पुलिस नोटिस भेजकर कार्यकर्ताओं से पूछ रही है कि दिल्ली जाने का खर्च कौन उठा रहा है और वहां जाने का उनका मकसद क्या है? शिंदे के अनुसार पुलिस की ओर से कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन में उनकी भागीदारी को लेकर भी सवाल किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इन सवालों के जरिए दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने वाले लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

■ महाराष्ट्र पुलिस ने सीजेपी पर उठाए सवाल

सीजेपे के प्रमुख ने पुलिस पर लगाए आरोप, नोटिस दे रही

सीजेपी कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने से रोक रही पुलिसः दीपके



सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस नोटिस दिए जा रहे हैं और उन्हें 10 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले सीजेपी के प्रस्तावित आंदोलन में शामिल न होने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' अब सिर्फ एक नारा रह गया है और असली मकसद 'एक देश, एक राजनीतिक पार्टी' बनाने का है। दीपके ने छत्रपति संभाजीनगर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सीजेपी ने 10 अक्टूबर को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन करने का ऐलान किया है। इस प्रदर्शन के जरिए पार्टी सीईसी के इस्तीफे की मांग करेगी।

आदिवासी समुदायों के संवैधानिक अधिकारों पर राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

जुएल ओराम ने किया दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन, 30 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों से 75 से अधिक प्रतिनिधि ले रहे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जनजातीय समुदायों के संवैधानिक अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जनजातीय कार्य मंत्रालय ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में देश के करीब 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 75 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को संविधान के तहत प्राप्त अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन को मजबूत करना तथा उनके लिए उपलब्ध संरक्षण एवं सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी बनाना है।

क्षेत्रीय स्तर की चुनौतियों को समझने पर जोर

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि जनजातीय समुदायों से जुड़ी जमीनी चुनौतियों को समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारियों और अन्य संबंधित पक्षों के अनुभवों से केंद्र सरकार को व्यावहारिक समाधान तैयार करने तथा जरूरत के अनुरूप दिशा-निर्देश बनाने में मदद मिलेगी। मंत्री ने सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्रीय अनुभव, सफल प्रयोग और बेहतर कार्यप्रणालियां साझा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक राज्य में अपनाई गई प्रभावी व्यवस्था से दूसरे राज्यों को भी सीखने और अपने यहां उसे स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप लागू करने का अवसर मिल सकता है।

संवैधानिक सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा

दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान जनजातीय समुदायों के संवैधानिक अधिकारों और उनके लिए उपलब्ध कानूनी सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन में क्षेत्रीय स्तर पर सामने आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के व्यावहारिक उपायों पर भी अनुभव साझा किए जाएंगे। सम्मेलन से संवैधानिक सुरक्षा उपायों के क्रियान्वयन को और मजबूत करने में मदद मिलने की उम्मीद है। साथ ही जनजातीय समुदायों के लिए उपलब्ध संरक्षण और सरकारी सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और सुलभ बनाने की दिशा में भी यह सम्मेलन उपयोगी साबित हो सकता है।

राज्यों के बीच अनुभव साझा करने का मंच

राष्ट्रीय सम्मेलन को केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय तथा अनुभव साझा करने के महत्वपूर्ण मंच के रूप में देखा जा रहा है। विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी से जनजातीय समुदायों से संबंधित योजनाओं और संवैधानिक प्रावधानों के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति पर चर्चा का अवसर मिलेगा। मंत्रालय के मुताबिक, सम्मेलन का व्यापक उद्देश्य संवैधानिक अधिकारों और सुरक्षा प्रावधानों को कागजों तक सीमित रखने के बजाय उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में व्यावहारिक प्रयासों को बढ़ावा देना है।



5 राज्यों में उपचुनाव खत्म

तमिलनाडु और नंदीग्राम में सबसे ज्यादा वोटिंग, बाकी राज्य पीछे नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम की एक लोकसभा और 3 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर मतदान खत्म हो गया है। असम की नगांव लोकसभा सीट के साथ ही मंगलवार को पश्चिम बंगाल की रेजीनगर और नंदीग्राम, तमिलनाडु की मदुरांतकम और धारापुरम, पुदुचेरी की थट्टांचावडी विधानसभा सीटों को लेकर हो रहा मतदान खत्म हो चुका है। असम की नगांव लोकसभा सीट76.16 फीसदी, पुदुचेरी की थट्टनचावडी विधानसभा सीट पर 80.81, तमिलनाडु की मदुरांतकम विधानसभा सीट 85.98,पश्चिम बंगाल रेजीनगर विधानसभा सीट पर 9.90 और नंदीग्राम विधानसभा सीट पर 80.69 फीसदी मदतान हुआ।

■ पांच विधानसभा सीटों पर हुआ मतदान

बंगाल में सीएम सुवेंदु ने किया जीत का दावा



पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम और रेजीनगर उपचुनाव को लेकर भाजपा की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि दोनों सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी और नंदीग्राम में पार्टी बड़े अंतर से विजयी होगी। रेजीनगर में भी भाजपा के पास जीत के लिए जरूरी वोट हैं।

वित्त मंत्रालय के सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी

जीएसटी दरों में बदलाव साल में एक बार 17 दिन में रिफंड देने पर परिषद में विचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता और राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद ने पिछले साल सितंबर में कर दरों और स्लैब को तर्कसंगत बनाने का निर्णय किया था। चार स्लैब वाले जीएसटी (पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत) को बदलकर पांच और 18 प्रतिशत की दो-दर वाली व्यवस्था लागू की गई थी।

- सभी बदलाव एक अप्रैल से लागू किए जाएंगे

जीएसटी की कर दरों में बदलाव के प्रस्तावों पर साल में केवल एक बार विचार करने और सभी संशोधनों को नए वित्त वर्ष की शुरुआत से लागू करने के प्रस्ताव पर जीएसटी परिषद की आगामी बैठक में चर्चा होगी। इसके अलावा, कर रिफंड की समयसीमा घटाकर 17 दिन करने के प्रस्ताव पर भी विचार होगा। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

खास बातें

- पिछले साल सितंबर में कर दरों व स्लैब पर लिया गया था निर्णय
- चार स्लैब वाली व्यवस्था को बदलकर दो स्लैब वाली की गई थी



आठ अक्टूबर को 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक

वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि आठ अक्टूबर को होने वाली 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक के एजेंडा में कर दरों में बदलाव शामिल नहीं है। सूत्रों ने कहा कि भविष्य में दरों में बदलाव के प्रस्ताव साल में एक बार ही लाए जाएंगे और उन्हें एक अप्रैल यानी नये वित्त वर्ष से लागू किया जाएगा।

पांच फीसदी की एकल जीएसटी दर लागू होगी

आगामी बैठक में दरों को तर्कसंगत बनाने और अस्पष्टता दूर करने से जुड़े सीमित मुद्दों पर विचार किया जाएगा। अन्य प्रस्तावों के तहत परिषद यह मंजूर कर सकती है कि ई-कॉमर्स मंच के जरिये की जाने वाली आपूर्ति पर इनपुट टैक्स क्रेडिट के बिना पांच प्रतिशत की एकल जीएसटी दर लागू होगी।

पूंजीगत व्यय की योजना बनाने में मदद मिलती है

एक सूत्र ने कहा, ज्यादातर कारोबारियों के लिए किसी एक रियायत से अधिक महत्वपूर्ण निश्चितता है। उन्होंने कहा कि स्थिर कर दर व्यवस्था से अनुबंधों की पूरी अवधि के लिए कीमत तय करने और पूंजीगत व्यय की योजना बनाने में मदद मिलती है।''

अर्थव्यवस्था को हुआ लाभ

सूत्रों ने कहा कि पिछले साल पुनर्गठित जीएसटी करीब एक साल से लागू है और इससे उपभोक्ताओं, उद्योग, कर राजस्व तथा अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ है। पिछले साल जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाए जाने से खपत को बढ़ावा मिला है और जीएसटी राजस्व में भी वृद्धि हुई है। इस साल जून से मासिक जीएसटी राजस्व में दहाई अंक में वृद्धि हुई है।

कर वापसी 17 दिन में सुनिश्चित करने का प्रस्ताव

इस सप्ताह होने वाली बैठक में जीएसटी में व्यापक सुधारों के तहत कर रिफंड की समयसीमा घटाकर 17 दिन कर सकती है। फिलहाल जीएसटी रिफंड में 21 से 45 दिन का समय लगता है। इसके साथ ही करदाताओं को नोटिस जारी करने के मामले में एक समान मानक बनाने और एक निर्धारित सीमा से नीचे के मामलों में कोई नोटिस नहीं देने के प्रस्ताव पर भी जीएसटी परिषद विचार करेगी।

उत्तर रेलवे ने मंडलों में सुरक्षा एवं गुणवत्ता सुधार शिविरों का आयोजन किया

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। इस प्रतिबद्धता के अनुरूप, सुरक्षा और गुणवत्ता में सुधार पर केंद्रित शिविर उत्तर रेलवे के उन प्रयासों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य बुनियादी ढाँचे के उन्नयन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों के रेलकर्मियों के बीच सुरक्षा और समन्वय को मजबूत करना है। सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हाल ही में उत्तर रेलवे के फिरोजपुर और अंबाला मंडलों में सुरक्षा एवं गुणवत्ता सुधार शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य 2×25 केवी उन्नयन (अपग्रेडेशन) कार्यों के निष्पादन के दौरान सुरक्षित कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देना और गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करना था। फिरोजपुर मंडल में यह शिविर जालंधर में आयोजित किया गया, जिसमें रेलवे कर्मचारियों, प्रोजेक्ट यूनिट के



कर्मचारियों, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन (टीआरडी) स्टाफ और प्रोजेक्ट यूनिट के अधिकारियों सहित कुल 123 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान फाउंडेशन कास्टिंग (बुनियाद की ढलाई) के समय बरती जाने वाली सुरक्षा सावधानियों और गुणवत्ता जाँचों पर व्यावहारिक प्रदर्शन (प्रैक्टिकल डिमॉन्स्ट्रेशन) दिए गए।

त्योहारी सीज़न विदेश घूमने का सपना होगा पूरा, आईआरसीटीसी ले चलेगा थाईलैंड

जयपुर। इस बार दशहरा–दीपावली की छुट्टियां सिर्फ घर पर नहीं, विदेश में भी मनाई जा सकती हैं। आईआरसीटीसी का जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय पर्यटकों के लिए विशेष अंतरराष्ट्रीय टूर पैकेज 'एक्जॉटिक थाईलैंड एक्स जयपुर' लेकर आया है। इस पैकेज के तहत यात्रियों को जयपुर से सीधे थाईलैंड की यात्रा कराई जाएगी। टिकट, होटल, भोजन, घूमना-फिरना, गाइड और बीमा सहित यात्रा से जुड़ी प्रमुख सुविधाएं एक ही पैकेज में शामिल हैं। यात्रियों को अलग-अलग बुकिंग की झंझट नहीं होगी और पूरी यात्रा के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं आईआरसीटीसी द्वारा की जाएंगी। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक *श्री मुकेश सैनी* ने कहा, "बहुत से परिवार विदेश घूमना चाहते हैं, लेकिन योजना और खर्च की उलझन में रुक जाते हैं। इस पैकेज में हमने पूरी यात्रा की जिम्मेदारी अपने हाथ में ली है। पर्यटकों को बस अपना पासपोर्ट तैयार रखना है।" थाईलैंड पैकेज 'एक्जॉटिक थाईलैंड एक्स जयपुर' दिनांक 17 से 22 नवंबर 2026 तक चलेगा। इसमें यात्रियों को दिल्ली जाने की जरूरत नहीं होगी। 17 नवंबर की रात जयपुर से एयर एशिया की सीधी उड़ान बैंकॉक के लिए रवाना होगी। पटाया में पहली ही शाम दुनिया भर में मशहूर *अल्काजार शो* दिखाया जाएगा। अगले दिन स्पीड बोट से थाईलैंड की खाड़ी के नीले पानी को पार करते हुए *कोरल आइलैंड की सैर होगी। बैंकॉक में पर्यटक *रिक्लाइनिंग बुद्धा* और *गोल्डन बुद्धा मंदिर* देखेंगे। रात को *चाओ फ्राया नदी* पर जगमगाते क्रूज में डिनर का आनंद लिया जाएगा।बच्चों और परिवारों के लिए *सफारी वर्ल्ड और मरीन पार्क* का पूरा दिन रखा गया है। यात्रा के आखिरी दिन पर्यटकों को खरीदारी के लिए खाली समय भी मिलेगा।शाकाहारी और भारतीय भोजन पसंद करने वाले यात्रियों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है।

रुपया आठ पैसे टूटकर 96.43 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया मंगलवार को आठ पैसे टूटकर 96.43 (अस्थायी) प्रति डॉलर के स्तर पर रहा। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और अमेरिका-ईरान समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच रुपये पर दबाव रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, हालांकि, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर के कमजोर होने से रुपये का नुकसान सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.29 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 96.29 से 96.45 के बीच रहा। कारोबार के अंत में रुपया 96.43 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट है।

ज्योतिष



कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा

A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कमजोर खुदरा मांग से सोना 200 रुपये टूटा, चांदी स्थिर

सोना टूटकर 1,49,600 रुपये प्रति दस ग्राम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 1,49,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। कमजोर खुदरा मांग और डॉलर में मजबूती के कारण सोने की कीमत पर दबाव रहा। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 1,49,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में 2.27 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, यह कीमत सभी करों सहित है।एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''पितृ पक्ष के दौरान कमजोर वैश्विक संकेतों और खुदरा मांग में कमी के कारण घरेलू बाजार में सोने की कीमत में गिरावट आई।'' गांधी ने कहा कि पितृ पक्ष के दौरान लोग परंपरागत रूप से सोने, आभूषण, संपत्ति या अन्य महंगी वस्तुओं जैसी शुभ चीजें खरीदने से बचते हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 10,000 करोड़ रुपये के एसएमई कोष को मंजूरी दी

नई दिल्ली (भाषा)। सरकार ने मंगलवार को लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) में प्रत्यक्ष इक्विटी निवेश के इरादे से 10,000 करोड़ रुपये का एसएमई वृद्धि कोष स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इसका मकसद भविष्य के दिग्गज उद्यम तैयार करने में मदद करना है। एसएमई वृद्धि कोष (एसजीएफ) भारत के लघु और मझोले उद्यमों के लिए वृद्धि आधारित पूंजी को बढ़ावा देगा। साथ ही यह विनिर्माण, सेवाओं, प्रौद्योगिकी, नवाचार आधारित क्षेत्रों और रणनीतिक मूल्य श्रृंखलाओं में अग्रणी भारतीय उद्यम तैयार करेगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मंत्रिमंडल ने ''भविष्य के दिग्गज उद्यम तैयार करने के लिए लघु एवं मझोले उद्यमों में प्रत्यक्ष इक्विटी निवेश के लिए 10,000 करोड़ रुपये के एसएमई ग्रोथ फंड की स्थापना'' को मंजूरी दी है। इस कोष की घोषणा आम बजट 2026-27 में की गई थी। इस पहल के तहत सरकार एसजीएफ ढांचे के तहत स्थापित वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) में कुल 10,000 करोड़ रुपये का योगदान देगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि एसजीएफ का संचालन एमएसएमई मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के सहयोग से किया जाएगा। दीर्घकालिक पूंजी उपलब्ध कराकर यह पहल भारतीय एसएमई को परिचालन का दायरा बढ़ाने, प्रौद्योगिकी तथा विनिर्माण क्षमता में निवेश करने, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार करने, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जुड़ने और रणनीतिक निवेश करने में सक्षम बनाएगी।

भारत में सैमसंग के 30 साल, विनिर्माण से विकास तक बढ़ा दायरा

नई दिल्ली। भारत में 1995 में कारोबार शुरू करने के बाद सैमसंग ने पिछले तीन दशकों में विनिर्माण के साथ रिसर्च, डिजाइन और कौशल विकास के क्षेत्र में भी अपना नेटवर्क बढ़ाया है। कंपनी के अनुसार, भारत में उसके नोएडा और चेन्नई स्थित मैन्युफैक्चरिंग प्लांट हैं। इसके अलावा तीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर और एक डिजाइन सेंटर काम कर रहे हैं।नोएडा प्लांट स्मार्टफोन निर्माण और निर्यात का प्रमुख केंद्र है। कंपनी के मुताबिक, भारत में उसके इंजीनियर वैश्विक स्तर पर इस्तेमाल होने वाले उत्पादों और तकनीकों के विकास में भी काम कर रहे हैं। सैमसंग ने भारत में 14,000 से अधिक पेटेंट दाखिल किए हैं।कौशल विकास के तहत सैमसंग इनोवेशन कैंपस में एआई, बिग डेटा, आईओटी और कोडिंग जैसे क्षेत्रों में 26,500 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। कंपनी का डोओएसटी कार्यक्रम वंचित समुदायों के युवाओं को प्रशिक्षण और कार्यस्थल अनुभव देने पर केंद्रित है।

केएल यूनिवर्सिटी ने सेल्सफोर्स के साथ पार्टनरशिप की

बैंगलोर। केएल यूनिवर्सिटी ने टेबलो लैब की स्थापना के लिए नं. 1 ए.आई सीआरएम, सेल्सफोर्स के साथ पार्टनरशिप की है। उद्योग और शिक्षा जगत के बीच हुई इस पार्टनरशिप का उद्देश्य स्टूडेंट्स को डेटा लिटरेसी, एनालिटिकल थिंकिंग और ए.आई स्किल प्रदान करना है। इस पहल के अंतर्गत स्टूडेंट्स को टेबलो का प्रायोगिक अनुभव मिलेगा, जो एक ए.आई-फर्स्ट एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म है। यह प्लेटफॉर्म डेटा को एक्शन में बदलकर शैक्षणिक वातावरण में वास्तविक बिजनेस एप्लीकेशंस को शामिल करता है। इस लैब में स्टूडेंट्स को एजेंटिक एनालिटिक्स के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। रोमिल अग्रवाल, वीपी, सेल्स, सेल्सफोर्स इंडिया ने कहा, संगठनों द्वारा डेटा के साथ काम करने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में ए.आई की बढ़ती भूमिका के साथ डेटा फ्लुएंसी भविष्य की वर्कफोर्स के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्किल बनती जा रही है।

कच्चे तेल में गिरावट से शेयर बाजार में रही दूसरे दिन तेजी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कच्चे तेल के दाम घटकर 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आने और बैंकों एवं रि ला यं स इंडस्ट्रीज के शेयरों में जोरदार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 685 अंक और निफ्टी में 220 अंक की तेजी रही। बाजार की तेजी में निवेशकों को हुआ 3.61 लाख करोड़ रुपए का लाभ। विश्लेषकों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों के मजबूत संकेतों और कच्चे तेल में नरमी से निवेशक धारणा बेहतर हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 685.34 अंक चढ़कर 73,067.81 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 220.35 अंक बढ़कर 22,776.10 अंक पर बंद हुआ।

- सेंसेक्स 685 और निफ्टी 220 अंक चढ़ा

रिलायंस ने भारत में किए 7-इलेवन के सभी स्टोर बंद

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल ने टेक्सास मुख्यालय वाली खुदरा बिक्री श्रृंखला 7-इलेवन के साथ पांच साल का फ्रेंचाइजी करार पूरा होने के बाद भारत में उसके सभी स्टोर बंद कर दिए हैं। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उद्योग सूत्रों ने कहा कि इन स्टोर के बंद होने के साथ ही खुदरा बिक्री श्रृंखला 7-इलेवन की भारत में मौजूदगी खत्म हो गई है।

राजेश कुमार सिंह ने एनएचपीसी के सीवीओ का अतिरिक्त कार्यभार संभाला



नई दिल्ली। राजेश कुमार सिंह, आईआरएसएस (2002) ने दिनांक 06 अक्तूबर 2026 को एनएचपीसी लिमिटेड, भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी एवं भारत सरकार का एक 'नवरत्न' उद्यम, के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। राजेश कुमार सिंह को सीवीओ, एनएचपीसी का अतिरिक्त कार्यभार पदभार ग्रहण करने की तिथि से छह माह की अवधि के लिए अथवा नियमित सीवीओ की नियुक्ति होने तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, सौंपा गया है। राजेश कुमार सिंह वर्तमान में पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन में मुख्य सतर्कता अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने आईआईटी रुड़की से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन में बी.टेक. तथा आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी से कम्युनिकेशन सिस्टम्स में एम.टेक. किया है। उन्होंने सिंगापुर, मलेशिया और चीन में सीनियर लीडरशिप प्रोग्राम भी पूरा किया है। भारतीय रेलवे में 24 वर्षों से अधिक के अनुभव के दौरान श्री सिंह ने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। इनमें पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) तथा मॉडर्न कोच फैक्ट्री, रायबरेली में मुख्य सामग्री प्रबंधक का पद शामिल है, जहाँ वे खरीद संबंधी कार्यों की देखरेख के लिए जिम्मेदार रहे। अपने सेवाकाल के दौरान श्री सिंह ने क्रय, सतर्कता, सूचना प्रौद्योगिकी और सामग्री प्रबंधन के क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त किया है, साथ ही विभिन्न क्रॉस-फंक्शनल टीमों का प्रबंधन भी किया है। अपने बहु-विषयक दायित्वों के माध्यम से, उन्होंने परिचालन सत्यनिष्ठा के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है तथा सार्वजनिक सेवा में पारदर्शिता, नवाचार और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने में योगदान दिया है।

रेल पहिया कारखाना/बेला
जिला–सारण, (बिहार)–841221

ई–निविदा सूचना संख्या : ई.एल.–वाटर प्योर––ओटी–2026 आरटी1, दिनांक : 05.10.2026. उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/हेड क्वार्टर/रे.प.का./बेला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–खुली निविदा आमंत्रित की जाती है:– 1. **कार्य का नाम, स्थान तथा कार्य सम्पन्न होने का समय : बेला स्थित आरडब्ल्यूपी में जल कुशल फिक्सचर के माध्यम से पेयजल शुद्धिकरण प्रणाली (प्रत्येक की क्षमता 1000 एलपीएच) का प्रावधान और इसका व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)।** कार्य अवधि : 68 माह।, 2. **कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,19,47,726.56** (रुपये एक करोड़ उन्नीस लाख सैंतालीस हजार सात सौ छब्बीस और पैसे छप्पन केवल जीएसटी @ 18% सहित)।, 3. **धरोहर राशि : ₹ 2,39,000/-** (रुपये दो लाख उन्तालीस हजार मात्र), 4. **निविदा जमा करने एवं खुलने की तिथि तथा समय** : निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि 13.10.2026, बंद होने की तिथि 27.10.2026 को 14.00 बजे। टैंडर खुलने की तिथि 27.10.2026 को 14.30 बजे या बाद में।, 5. वेबसाईट का विवरण, सूचना पट्ट जहाँ से निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त किया जा सकता है एवं कार्यालय का पता जहाँ से निविदा कागजात खरीदा जा सकता है। : निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु आईआरईपीएस के आधिकारिक वेबसाईट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों को ऊपर की निविदाओं के संबंध में शुद्धिपत्र सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल (**www.ireps.gov.in**) के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है, क्योंकि ऐसी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/हेड क्वार्टर
रे.प.कारखाना/बेला
आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.एम.टी./2026–27/70

आलोक तिवारी, आईआरएसई को डीएफसीसीआईएल के मैनेजिंग डायरेक्टर का अतिरिक्त प्रभार मिला

नई दिल्ली। श्री आलोक तिवारी, आईआरएसई, एडिशनल मेंबर (ब्रिज), रेलवे बोर्ड को उनकी वर्तमान जिम्मेदारियों के अतिरिक्त डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उन्होंने 5 अक्टूबर, 2026 को कार्यभार ग्रहण किया। डीएफसीसीआईएल कॉरपोरेट ऑफिस में श्री शोभित भटनागर, डायरेक्टर/ओपी एंड बीडी; श्री अनुराग शर्मा, डायरेक्टर/इनफ्रास्ट्रक्चर; श्री पवन के. राय, डायरेक्टर/प्रोजेक्ट प्लानिंग; तथा श्री बी. मुगुनथन, डायरेक्टर/फाइनेंस सहित डीएफसीसीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। 1988 बैच के आईआरएसई अधिकारी श्री तिवारी को भारतीय रेलवे में 36 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्हें रेलवे अवसंरचना की योजना, परियोजना क्रियान्वयन, निर्माण, सुरक्षा, माल ढुलाई संचालन और प्रशासन का व्यापक अनुभव प्राप्त है। वे परियोजना के संपूर्ण जीवन-चक्र से जुड़े



रहे हैं और 1,000 किलोमीटर से अधिक रेलवे अवसंरचना के निर्माण एवं कमीशनिंग का प्रत्यक्ष रूप से कार्य कर चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान श्री तिवारी ने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिनमें चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे; प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर, दक्षिण पश्चिम रेलवे; डिविजनल रेलवे मैनेजर, गुंतकल; तथा चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर-कम-ग्रुप जनरल मैनेजर, आरवीएनएल शामिल हैं।

राशिफल

मेष — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

मिथुन — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

कर्क — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

कन्या — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

तुला — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


धनु — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

मीन — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

शब्द पहेली - 6370



बाएँसेदाए±


1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

ऊपर से नीचे

2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

शब्द पहेली - 6369 का हल

अ	ति	आ	ब	श्य	क	■	का	रा	बा	स
ज	ल	■	र	■	म	छ	ली	■	र	मा
र	■	अ	दा	का	र	■	न	र	■	धा
अ	र	मा	न	■	बं	द	■	ज	मी	न
म	■	न	■	म	द	म	स्त	■	रा	■
र	ज	त	प	ट	■	क	र	म	ज	ला
■	प	■	ट	क	रा	ना	■	स	■	ल
मु	ना	दी	■	ना	ग	■	द	ल	ह	न
ला	■	प	री	■	गा	ड़ी	बा	न	■	पा
का	का	■	त	न	य	■	घ	■	न	ल
त	र	सा	ना	■	न	ग	र	भ	व	न





हरमनप्रीत ने छोड़ी कप्तानी, कहा- मैंने अपनी जिम्मेदारी निभा दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की एकमात्र विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को तीनों प्रारुपों की कप्तानी से इस्तीफा देते हुए कहा कि बतौर कप्तान उन्होंने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह निभाई है और अब वह एक बार फिर सिर्फ खेल के प्यार और जुनून के लिए खेलने को तैयार हैं।

37 वर्षीय हरमनप्रीत का यह फैसला गुवाहाटी में हुई बीसीसीआई की समीक्षा बैठक के बाद आया, जिसमें पिछले कुछ महीनों में टीम के प्रदर्शन और उसकी आगे की दिशा का आकलन किया गया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में हरमनप्रीत के अलावा उपकप्तान स्मृति मंधाना और मुख्य कोच अमोल मजूमदार भी शामिल हुए। हाल के दिनों में भारतीय महिला टीम की कप्तानी करने की अपनी इच्छा खुलकर जाहिर करने वाली स्मृति मंधाना अगली कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे मानी जा रही हैं।

हरमनप्रीत ने किया भावुक संदेश इंस्टाग्राम पर साझा

कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहीं हरमनप्रीत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैं आज भारतीय महिला क्रिकेट टीम के तीनों प्रारुपों की कप्तानी से हट रही हूं।' उन्होंने कहा, यह फैसला आसान नहीं है। इसके साथ वर्षों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे अनगिनत पल जुड़े हैं, जो जीवन भर मेरे साथ रहेंगे। हरमनप्रीत ने यह भावुक संदेश इंस्टाग्राम पर साझा किया। इसके साथ उन्होंने ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान की ओर मुंह करके खड़े अपनी तस्वीर भी पोस्ट की। इससे पहले हरमनप्रीत ने कम से कम 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक टीम की कप्तानी करने की इच्छा जताई थी। भारत इन खेलों के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुका है।



2016 में संभाली थी कप्तानी

हरमनप्रीत ने 2016 में भारतीय टी20 टीम की कप्तानी संभाली थी और करीब एक दशक तक इस जिम्मेदारी को निभाया। 2022 में उन्हें वनडे टीम की कप्तानी सौंपी गई और 2023 में वह तीनों प्रारुपों की कप्तान बन गईं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैंने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी है। मैंने इस टीम को अपना सब कुछ दिया। मैंने इस जिम्मेदारी को सम्मान के साथ निभाया और भारतीय महिला क्रिकेट का नेतृत्व करने का अवसर मिलने के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगी।

तीनों प्रारुपों में खेलना जारी रखेंगी

हरमनप्रीत हालांकि तीनों प्रारुपों में भारत के लिए खेलना जारी रखेंगी। हरमनप्रीत ने कहा, अब मेरे लिए नया अध्याय शुरू करने का समय है। कप्तानी आज खत्म हो सकती है, लेकिन भारतीय क्रिकेट के लिए मेरा प्यार कभी खत्म नहीं होगा। मैंने अपना खून, पसीना, त्याग और सम्मान सब कुछ इस टीम को दिया है। मैं अब फिर से सिर्फ खेल के प्यार के लिए खेलने को तैयार हूं। कप्तानी का अंत हुआ है, सफर जारी है।

5 टेस्ट, 51 वनडे और 155 टी20 में की कप्तानी

हरमनप्रीत को भारत की महानतम क्रिकेटरों में शुमार किया जाता है। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने पिछले साल पहली बार वनडे विश्व कप जीता था। हाल ही में टीम ने एशियाई खेलों के टी20 प्रारुप में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक भी हासिल किया। इसके अलावा हरमनप्रीत की अगुआई में भारत ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। उन्होंने 5 टेस्ट, 51 वनडे और 155 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत की कप्तानी की।

'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ'

शेफाली-चरणी नॉमिनेट अभिषेक-गिल शॉर्टलिस्ट

एजेंसी ▶▶| दुबई

विमेंस एशिया कप और एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन के बाद, भारत की शेफाली वर्मा और श्रीचरणी के साथ-साथ श्रीलंकाई कप्तान चामरी अट्टापट्टू को सितंबर के लिए 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' के लिए नामित किया गया है।

वहीं, व्हाइट-बॉल क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद, भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के साथ जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा को सितंबर के लिए 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।

शेफाली ने बनाए 184.61 के स्ट्राइक रेट से रन

शेफाली के लिए भारत की ओपनिंग बैटिंग लाइन-अप में यह महीना बहुत शानदार रहा। उन्होंने सात टी20 मैचों में 72 की औसत और 184.61 के स्ट्राइक रेट से 360 रन बनाए। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया और 13 की औसत से छह विकेट लिए। वह विमेंस एशिया कप में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं और पांच पारियों में 236 रन बनाए।



अभिषेक ने की जबरदस्त वापसी

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज के दौरान अभिषेक ने 76.33 की औसत से 229 रन बनाए। उन्होंने दिल्ली में खेले गए पहले मैच में 32 गेंदों पर 82 रन बनाकर जबरदस्त वापसी की। अभिषेक ने सिर्फ 22 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। भारत ने 157 रन का लक्ष्य 38 गेंदें बाकी रहते हुए हासिल कर लिया।


गिल के लिए सितंबर महीना रहा शानदार

भारतीय कप्तान शुभमन गिल के लिए सितंबर का महीना शानदार रहा, जिसमें उन्होंने वनडे फॉर्मेट में रिकॉर्डतोड़ पारियां खेलीं। गिल ने तिरुवनंतपुरम में वेस्टइंडीज के विरुद्ध 110 रन की पारी खेली, जबकि गुवाहाटी में नाबाद 223 रन बनाए। दोनों मुकाबले भारत ने जीते और सीरीज 2-1 से अपने नाम की।

रिकॉर्ड 102 खिताब... नोवाक जोकोविच ने जीता चाइना ओपन

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

नोवाक जोकोविच ने एक बार फिर टेनिस इतिहास के पन्नों में अपना नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करा दिया है। चीनी ओपन के खिताबी मुकाबले में एक नाटकीय अंत के साथ जोकोविच ने अपने करियर का रिकॉर्ड सातवां चीन ओपन खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही उन्होंने टेनिस जगत के सबसे बड़े रिकॉर्ड्स में से एक रोजर फेडरर के करियर टाइटल्स के बेहद करीब पहुंच कर अपनी महानता का एक और सबूत दे दिया है। फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को ग्रोइन इंजरी के कारण मैच बीच में ही छोड़ना पड़ा, जिससे जोकोविच को विजेता घोषित किया गया। जब मैच खत्म हुआ, तब जोकोविच पहला सेट 7-6(3) से अपने नाम कर चुके थे और दूसरे सेट में 0-1 से पीछे थे। यह जीत न केवल जोकोविच के लिए खास है, बल्कि उनके शानदार करियर की लंबी पारी और निरंतरता का भी एक बेहतरीन उदाहरण है। इस खिताबी जीत के साथ ही एटीपी सिंगल्स में नोवाक जोकोविच के कुल टाइटल्स की संख्या अब 102 हो गई है। वह अब रोजर फेडरर के 103 टाइटल्स के रिकॉर्ड से महज एक कदम दूर हैं। ओपन एरा में सबसे ज्यादा सिंगल्स खिताब जीतने का रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम है, जिनके खाते में 109 टाइटल्स हैं और जोकोविच अब इस ऐतिहासिक रिकॉर्ड से केवल सात खिताब दूर हैं। इसके अलावा, इस जीत ने चीन ओपन में जोकोविच के अजेय रथ को 34-0 पर पहुंचा दिया है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह उनके करियर का लगातार 21वां साल है जब उन्होंने कम से कम एक सिंगल्स खिताब जरूर जीता है। यह आंकड़ा टेनिस कोर्ट पर उनकी फिटनेस, मानसिक दृढ़ता और खेल के प्रति समर्पण को बयां करता है।





सेरेना-शुआई की फेहरिस्त में शामिल हुईं एलेक्जेंड्रोवा

बीजिंग। चाइना ओपन के 'राउंड ऑफ 16' में मंगलवार को रूस की एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा ने चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा को 6-2, 6-2 से मात देकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला मीरा आंद्रीवा से होगा। नंबर 19 सीड एलेक्जेंड्रोवा ने टॉप 10 खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की 22वीं जीत दर्ज की। उन्होंने नंबर 5 सीड को हराकर पहली बार बीजिंग में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। 31 साल की उम्र में एलेक्जेंड्रोवा चाइना ओपन में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। वह टूर्नामेंट में अंतिम-8 में पहुंचने वाली तीसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं, उनसे आगे सिर्फ सेरेना विलियम्स और शुआई झांग हैं।

खबर संक्षेप



भूटिया की इंदौर में फुटबॉल अकादमी शुरू

इंदौर। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान और सितारा स्ट्राइकर बाइचुंग भूटिया ने इंदौर के चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) की औपचारिक शुरुआत की। इसके साथ ही, यह संस्थान राज्य में भूटिया की फुटबॉल अकादमी शुरू करने वाला पहला केंद्र बन गया है। भूटिया ने कहा कि उनकी अकादमी का मुख्य उद्देश्य फुटबॉल की स्थानीय पौध को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करना है।

पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत में फुटबॉल अभी विकासशील स्थिति में है और खेल के सामने कई चुनौतियां हैं।

श्रेयस की रणनीति और तैयारी शानदार: लक्ष्मण

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि श्रेयस अय्यर में भारतीय टीम की सफल कप्तानी करने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि अय्यर की अच्छी तैयारी, रणनीति की समझ और विपक्षी टीम की ताकत को पहचानने की क्षमता उन्हें एक मजबूत कप्तान बनाती है। श्रेयस अय्यर ने जापान में भारत को पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक दिलाया। अय्यर के कप्तानी संभालने के तरीके से प्रभावित लक्ष्मण ने कहा कि मध्यक्रम के इस बल्लेबाज में पहले से ही वे खूबियां नजर आ रही हैं, जो तेज गति वाले टी20 क्रिकेट में विपक्षी टीम से एक कदम आगे रहने के लिए जरूरी हैं।

नवंबर में पेश करेंगे प्रोजेक्ट

2036 ओलंपिक : भारत समेत सात देश मेजबानी के इच्छुक

एजेंसी ▶▶| लुसाने

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि भारत, जर्मनी, कतर और तुर्किये समेत 7 देशों ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी में रुचि दिखाई है और उन्हें नवंबर में 'फ्यूचर होस्ट कमीशन' के सामने अपने प्रोजेक्ट पेश करने के लिये बुलाया गया है।

आईओसी ने कहा कि प्रोजेक्ट का आकलन कई तकनीकी पहलुओं पर किया जाएगा, जिनमें आयोजन स्थलों का मास्टर प्लान और खिलाड़ियों का अनुभव, फंडिंग को लेकर रणनीति, राजनीतिक और जनता का समर्थन, मेजबानी की क्षमता और मेजबान समुदायों को दीर्घकालिन फायदे पहुंचाने



वाली विरासत रणनीति शामिल है। आईओसी ने इन 'प्रेजेंटेशन' के लिए कोई निश्चत समय सीमा नहीं बताई।

इच्छुक पक्ष लगातार कर रहे संवाद

आईओसी ने कहा,' इच्छुक पक्ष आईओसी से लगातार संवाद कर रहे हैं और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा रखने वाले देश हैं, जर्मनी, हंगरी, भारत, कतर, कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और तुर्किये।' इसमें आगे कहा गया 'कई राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) 2036 के बाद होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी को लेकर आईओसी के साथ शुरुआती बातचीत में शामिल है। इच्छुक पक्षों को नवंबर में 'फ्यूचर होस्ट कमीशन' के सामने अपना प्रोजेक्ट पेश करने के लिये आमंत्रित किया गया है।' आईओसी ने कहा कि 31 अक्टूबर के बाद 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए किसी और इच्छुक पक्ष पर विचार नहीं किया जाएगा। पहली बार ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जताने वाले भारत ने अहमदाबाद को मेजबानी के लिए चुना है।

गांगुली बने दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच

नई दिल्ली। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को इंडियन प्रीमियर लीग के 2027 सत्र के लिए दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच बनाया गया, जो हेमांग बदानी की जगह लेंगे। गांगुली 2019 में दिल्ली टीम के सलाहकार बने थे। वह फ्रेंचाइजी की पुरुष और महिला टीम के क्रिकेट निदेशक समेत कई पदों पर रह



चुके हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स की एसए20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स में भी पिछले सत्र में मुख्य कोच थे। गांगुली ने कहा,'आईपीएल में मुख्य कोच की भूमिका संभालने को लेकर उत्साहित हूं। दिल्ली कैपिटल्स टीम मेरे दिल के करीब है और इतने सालों में उसके साथ करीबी रिश्ता रहा है।' उन्होंने कहा,'मैंने टीम के मालिकों, प्रबंधन, सहयोगी स्टार और खिलाड़ियों के साथ करीब से काम किया है। हमारे पास काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और अतीत में हमने अच्छी क्रिकेट खेली है।' दिल्ली टीम आईपीएल के पिछले सत्र में छठे स्थान पर रही थी। दिल्ली कैपिटल्स जीएमआर ग्रुप और जेएसडब्ल्यू ग्रुप के संयुक्त मालिकाना हक वाली टीम है । दोनों ग्रुप बारी बारी से प्रबंधन की जिम्मेदारी लेते हैं और जीएमआर की बारी 2026 में खत्म हो गई। गांगुली अब बदानी की जगह लेंगे, जिनके कोच रहते पिछले दो सत्र में दिल्ली प्लेआफ में नहीं पहुंच सकी।

टीपीएल सीजन-8

रोहन की टेनिस कोर्ट पर वापसी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व विश्व नंबर एक युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) में गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स की ओर से खेलेंगे, जबकि 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल चैंपियन रिंकी हिजिकाता राजस्थान रेंजर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुंबई में 12 अक्टूबर को होने वाली खिलाड़ी नीलामी से पहले आगामी सत्र के लिए मंगलवार को प्रमुख खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर दी गई। बोपन्ना ने कहा, हर साल यह लीग और मजबूत होती जा रही है। मुझे टीम के साथ खेलने का माहौल और इस प्रारूप से मिलने वाली ऊर्जा बेहद पसंद है। इस वर्ष मुकाबला काफी कड़ा होगा, जिसमें अनुभवी खिलाड़ियों के साथ भारतीय युवा प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण देखने को मिलेगा।

अय्यर का शानदार शतक, टीम इंडिया की टी-20 में लगातार 10वीं जीत

भारत ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया



भाषा ▶▶| लखनऊ

कप्तान श्रेयस अय्यर ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा, जबकि पदार्पण कर रहे हरफनमौला नमन धीर ने तीन विकेट चटकाए जिससे भारत ने मंगलवार को पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। धीर ने चार ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट चटकाए। इससे वेस्टइंडीज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.1 ओवर में 171 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए 'प्लेयर ऑफ द मैच' अय्यर ने 43 गेंदों पर 10 चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने ईशान किशन (27 गेंद में नाबाद 37 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 68 गेंद में 137 रन की अटूट साझेदारी की। इस साझेदारी की बदौलत भारत ने 14.4 ओवर में दो विकेट पर 172 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। भारत की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही। अभिषेक शर्मा (21) और संजू सैमसन (11) चार ओवर के भीतर पवेलियन लौट गए और भारत का स्कोर 35 रन पर दो विकेट हो गया। रोस्टन चेज ने अभिषेक को आउट किया, जबकि शिमरॉन हेटमायर ने लॉन्ग ऑफ से दौड़कर शानदार कैच पकड़ा। अगले ओवर में संजू सैमसन अकील हुसैन की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद अय्यर और किशन ने मोर्चा संभाल लिया। अय्यर ने मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाए और तेजी से रन बनाते हुए अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। उन्होंने रोस्टन चेज के खिलाफ छक्का लगाकर 42 गेंदों में शतक पूरा किया और फिर अगली गेंद पर एक रन चुराकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले वेस्टइंडीज की ओर से कप्तान शाई होप ने 37 गेंद में 52 और शरफेन रदरफोर्ड ने 34 गेंद में 56 रन की पारी खेली। होप ने दूसरे ओवर में मयंक यादव की गेंदों पर चार चौके जड़ कर वेस्टइंडीज को तेज शुरुआत दिलाई। भारत को पहली सफलता अर्शदीप सिंह ने कामिल पूरन (12) को बोल्ड कर दिलाई। छठे ओवर में वेस्टइंडीज को दोहरा झटका लगा। पहले हेटमायर (5) रन आउट हुए और फिर अक्षर पटेल ने रोवमैन पॉवेल को खाता खोले बिना पवेलियन भेज दिया।

आर्कटिक ओपन बैडमिंटन : सिंधू दूसरे दौर में पहुंचीं, थारुन-रौनक मुख्य ड्रॉ में

भाषा ▶▶| वांता (फिनलैंड)

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मंगलवार को आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बना ली तो वहीं थारुन मन्नेपल्ली और रौनक चौहान ने पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। कई अन्य भारतीय खिलाड़ियों को हलांकि हार का सामना करना पड़ा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने कनाडा की वेन यू झांग को महज 28 मिनट में 21-8, 21-11 से हराया। जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीतने वाली 31 साल की सिंधू का सामना अब चीनी ताइपे की लिन हियांग टी या जापान की रिको गुनजी से होगा। उन्नति हुड्डा और अस्मिता चालिहा को कड़े मुकाबले के बाद हार का सामना करना पड़ा। एशियाई खेलों में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची उन्नति को चीन की हान कियान शी ने 16-21, 21-15, 24-22 से हराया। वहीं सातवीं वरीय डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन ने अस्मिता को 21-7, 14-21, 26-24 से मात दी। मालविका बंसोड़ ने ताइवान की सुंग शुओ यून को 21-15, 14-21, 21-14 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई लेकिन अंतिम 32 के मुकाबले में उन्हें अनुभवी स्कॉटिश खिलाड़ी कर्स्टी गिल्मर के हाथों 18-21, 13-21 से हार झेलनी पड़ी। यह मुकाबला 40 मिनट चला। क्वालीफाइंग दौर में थारुन मन्नेपल्ली ने दूसरी वरीयता प्राप्त बेल्जियम के जूलियन कैरागी को 21-12, 19-21, 21-13 से हराया। मुख्य ड्रॉ में अब उनका सामना डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन से होगा। रौनक चौहान ने इजराइल के डेनियल दुबोवेंको को 18-21, 21-17, 21-19 से हराया। मुख्य ड्रॉ में वह चीन के वेंग होंग यांग से भिड़ेंगे।



ओमान तट और काला सागर में व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों की भारत ने की कड़ी निंदा

विदेश मंत्रालय ने कहा, समुद्री जलमार्गों में वाणिज्यिक पोतों, नाविकों व नागरिक अवसंरचना पर हमले तुरंत रोके जाने चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया क्षेत्र में जारी युद्ध के बीच एक बार फिर से भारतीय सवार वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाया गया है। ओमान तट के पास और काला सागर में हमले के दो मामले सामने आए हैं, जिनकी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को आधिकारिक बयान जारी कर सख्त अंदाज में निंदा की है। साथ ही इलाके में शांति और स्थिरता को हर हाल में बरकरार रखने के लिए तत्काल आधार पर ऐसे हमलों पर रोक लगाने के अपने पुराने पक्ष को मजबूती के साथ दोहराया है। संघर्षों का बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान निकालने पर भी नई दिल्ली ने जोर दिया है।

भारत-लाइबेरिया ने किया मित्र देशों के समूह का गठन, 25 देशों की है भागीदारी

ओमान की घटना में घायल हुए 11 भारतीय



मंत्रालय के मुताबिक, ओमान तट के पास पनामा के ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमटी ऑन पीस (आईएमओ 9893204) पर होर्मुज जलडमरूमध्य से निकलते वक्त एक प्रोजेक्टाइल से हमला किया गया था। जहाज में चालक दल के 19 सदस्यों में से 17 भारतीय हैं। घायलों की कुल संख्या 12 है, जिनमें 11 भारत के नागरिक हैं। जबकि एक अन्य विदेशी शामिल है। घायलों को ओमान के अधिकारियों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया और अब उनका खसब में मेडिकल उपचार किया जा रहा है। संकट के समय ओमान की तरफ से प्रदान की गई सहायता के लिए भारत ने आभार जताया है। अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर नौवहन के अलावा वाणिज्यिक गतिविधियों को तुरंत बहाल करने की भी अपील की है।

काला सागर में मारे गए 2 विदेशी नाविक

काला सागर में तुर्किये के एक मालवाहक जहाज एमवी रॉयल ममदोव पर हुए हमले में 2 विदेशी नाविकों (जहाज का कैप्टन शामिल है) की मौत हो गई है। जबकि कुछ लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक भारत का नागरिक शामिल है। जहाज से चालक दल के 11 सदस्यों को बचाया गया है। रोमानिया में भारत के दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि जहाज के चालक दल का हिस्सा रहे तीनों भारतीय सुरक्षित हैं। सभी के साथ हमारी बात हो गई है। घायल हुए 1 व्यक्ति को रोमानिया के अस्पताल में जरूरी चिकित्सा उपचार प्रदान किया जा रहा है। भारत ने इस बाबत रोमानिया का शुक्रिया किया है। उधर, मंत्रालय ने पुनः स्पष्ट करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण जलमार्गों पर जहाजों, समुद्री यातायात को निशाना बनाने से न केवल अंतरराष्ट्रीय व्यापार बल्कि विश्व स्तर पर आमजन के कल्याण पर भी खासा असर पड़ रहा है। ऐसे में जल्द से जल्द सैन्य विवादों की समाप्ति के लिए बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया है।

मित्र देशों का समूह महत्वपूर्ण

पिछले सितंबर महीने में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान नाविकों, नौवहन की सुरक्षा तथा संरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए मित्र देशों के समूह का गठन किया गया था। जिसमें भारत, लाइबेरिया समेत 25 देश शामिल हुए। समूह का वास्तविक उद्देश्य व्यापारिक जहाजों के चालक दल और नौवहन की सुरक्षा को सुनिश्चित बनाए रखना है। इन सबके बीच इस साल फरवरी महीने से अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच शुरू हुए युद्ध के बाद से लेकर अब तक होर्मुज सहित अन्य जलमार्गों में जहाजों में हुए हमलों में भारत के लगभग 100 नागरिक प्रभावित हुए हैं। जबकि 10 लोगों की दुखद मृत्यु भी हो गई है।

जेलेंस्की ने रूस पर लगाया आरोप

गौरतलब है कि एमवी रॉयल ममदोव पर हुए हमले को लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की ने रूस पर आरोप लगाया और कहा कि मॉस्को के दो ड्रोन से जहाज पर हमला किया गया। वेसल ट्रेकिंग वेबसाइट **VesselFinder.com** ने बताया, मूलरूप से ये तुर्किये के स्वामित्व वाला एक जहाज था। जिस पर सेंट किट्स और नेविस संघ का ध्वज लगा हुआ था। मक्का से भरे इस जहाज का अंतिम पड़ाव इटली था। यात्रा पूरी करने से पहले यूक्रेन के बंदरगाह इजमेल के बंदरगाह पर जहाज ने लंगर डाला था। लेकिन इस बीच यह हमले का शिकार हो गया।

खबर संक्षेप

ब्रिटिश उपन्यासकार जेफ्री आर्चर का निधन

लंदन। ब्रिटेन के मशहूर लेखक और पूर्व राजनेता जेफ्री आर्चर का 86 साल की उम्र में निधन हो गया।



प्रकाशक हार्पर कॉलिन्स ने बताया कि आर्चर का सोमवार को उनके घर पर निधन हुआ। उनकी आखिरी किताब 'एडम और ईव' के वैश्विक रिलीज से ठीक एक दिन पहले उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। पांच दशक लंबे अपने लेखन करियर में उनकी किताबों की 30 करोड़ से अधिक प्रतियां बिकीं। उनकी पहली किताब 'नॉट ए पेनी मोर, नॉट ए पेनी लेस' थी।

नाइजीरिया की वायुसेना विमान क्रैश, 32 की मौत

अबूजा। नाइजीरिया ने मंगलवार को दक्षिण-पश्चिमी राज्य ओंडो में 32 लोगों को ले जा रहे एक सैन्य



विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद तीन दिन के शोक की घोषणा की। नाइजीरियाई वायु सेना का एटीआर-42 विमान सोमवार को इग्बोकोडा में एक नौसैनिक अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बेनिन सिटी से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स का विमान से संपर्क टूट गया था। विमान में 7 क्रू सदस्य भी थे।

ओडिशा के कोरापुट में एचएएल के 2000 वें इंजन सौंपने के कार्यक्रम के भी साक्षी बने राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने किया नौसेना के पहले स्वदेशी फ्लीट सपोर्ट शिप 'सूर्य' का जलावतरण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अपने संबोधन में दिया विशाखापट्टनम को देश के एक प्रमुख समुद्री औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को भारतीय नौसेना और वायुसेना की मारक क्षमता में वृद्धि करने वाली दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को लेकर आयोजित किए गए कार्यक्रमों की अध्यक्षता की है।

जिसमें विशाखापट्टनम में हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) में उन्होंने देश की समुद्री सेना के लिए बनाए जा रहे पहले स्वदेशी फ्लीट सपोर्ट जहाज (एफएसएस-1) 'सूर्य' का बंगाल की खाड़ी में जलावतरण किया। जबकि दूसरे में ओडिशा में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की कोरापुट डिवीजन के 2000वें इंजन सौंपे के कार्यक्रम में शिरकत की है।

एचएसएल को मानक तैयार करने पड़ेंगे



रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, विशाखापट्टनम में राजनाथ सिंह ने एफएसएस-1 के अलावा पांचवें फ्लीट शिप की नींव रखी, उन्नत स्लिपवे-4 तथा 300 टन क्षमता वाली गोलियाथ क्रेन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विशाखापट्टनम को एक प्रमुख समुद्री औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। हमें एचएसएल को गुणवत्ता, उत्पादकता और समयबद्ध वितरण के लिए मानक बनाना पड़ेगा। लेकिन इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि एचएसएल न केवल अपनी जहाज निर्माण को मजबूत बना रहा है। बल्कि उसके साथ-साथ देश की समुद्री शक्ति की नींव को भी सशक्त बनाने में लगा हुआ है। यह उपलब्धि शिपयार्ड द्वारा महत्वपूर्ण जहाज निर्माण की क्षमता को सुदृढ़ बनाने, स्वदेशी समुद्री क्षमता को आगे बढ़ाने की दिशा में बड़े कदम के रूप में शामिल है।

सूर्य जहाज से होगा यह लाभ

सूर्य जहाज व फ्लीट शिप कार्यक्रम हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में नौसेना की पहुंच, क्षमता और परिचालन क्षमता में बढ़ोतरी करेगा। सुदूर समुद्री क्षेत्रों में परिचालन करने वाली नौसेना को युद्धपोतों के साथ-साथ रसद, रखरखाव, निरंतर समर्थन और परिचालन क्षमता को हर समय चाक-चौबंद बनाए रखने की आवश्यकता होती है। फ्लीट सपोर्ट शिप समुद्री आपूर्ति, नौसैनिक अभियानों को लगातार समर्थन प्रदान जरूरी क्षमता प्रदान करते हैं।

बढ़ेगी एएल-31 एफपी इंजन की उत्पादन क्षमता

राजनाथ के मुताबिक, 2024 में सुखोई विमानों के लिए की जाने वाली 240 एएल-31 एफपी इंजनों की आपूर्ति एचएएल ने घरेलू व वैश्विक स्तर पर बनी हुई तमाम बाधाओं के बीच समयबद्ध रूप से की है। इसी के साथ अब एचएएल 335 करोड़ रुपए के निवेश के साथ इंजन की वार्षिक उत्पादन क्षमता को 30 से बढ़ाकर 50 कर रहा है। नई उत्पादन लाइन प्रतिवर्ष 100 इंजन का निर्माण करेगी। 2028-29 तक ये तैयार हो जाएगी। उत्पादन लाइन के जरिए ध्रुव और प्रचंड जैसे हेलिकॉप्टरों की आवश्यकताओं की पूर्ति संभव हो सकेगी।

2025 में मिला मिनीरत्न श्रेणी-1 का दर्जा

समारोह में रक्षा मंत्री ने आजादी के ठीक अगले साल 1948 में एचएसएल में हुए देश के पहले जहाज जल-उषा के जलावतरण को याद करते हुए कहा कि भारत की समुद्री विरासत दीर्घकालिक है। जिसमें शिपयार्ड राष्ट्रीय समुद्री क्षमता का संरक्षक है। यह बीते करीब 8 दशक से अधिक समय से देश की समुद्री व रक्षा आवश्यकताओं की पूर्ति में जरूरी योगदान दे रहा है। रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाले एचएसएल को 2025 में मिनीरत्न श्रेणी-1 का दर्जा प्रदान किया गया है। समारोह में नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन, उनकी धर्मपत्नी लैला स्वामीनाथन सहित एचएसएल के अध्यक्ष-प्रबंध निदेशक रियर एडमिरल सी.रघुराम (सेवानिवृत्त), बल के कई अधिकारी मौजूद रहे।

शुरू हुई शक्ति इंजन की उत्पादन लाइन

विशाखापट्टनम के अलावा रक्षा मंत्री ओडिशा में एचएएल की कोरापुट डिवीजन में 2000वें इंजन सौंपे जाने के कार्यक्रम के भी साक्षी बने। इस मौके पर उन्होंने शक्ति इंजन की दूसरी उत्पादन लाइन की शुरुआत करने की भी घोषणा की। उन्होंने इंजीनियरों, तकनीशियनों, वैज्ञानिकों तथा कुशल कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि 2000 इंजनों का सौंपा जाना रक्षा बलों में एचएएल के योगदान को प्रदर्शित करता है। यहां से तैयार हुए इंजन वायुसेना के मिग-21, 27, 29 और सुखोई-30 एमकेआई जैसे अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमानों को शक्ति प्रदान करते हैं। इतना की नहीं यहां 9000 से अधिक इंजनों का ओवरहॉल भी किया जा चुका है।

ये जानकारी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान के जरिए दी है

अगले वायुसेनाप्रमुख होंगे एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, 31 अक्टूबर को संभालेंगे कार्यभार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



मौजूदा उप-वायुसेनाप्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित देश के अगले वायुसेनाप्रमुख (सीएएस) होंगे। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को उनकी नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि वह भारत के 29वें वायुसेनाध्यक्ष होंगे। जो कि 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह की जगह पर अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे।

एयर मार्शल दीक्षित का जन्म 9 दिसंबर 1966 को हुआ और वह 6 दिसंबर 1986 को वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन हुए थे। उप-वायुसेनाप्रमुख के रूप में पदभार संभालने से पहले वह मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ में चीफ ऑफ इंटिग्रेटेड डिफेंस स्टाफ टू द चेयरमैन, चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीआईएससी) और बल की केंद्रीय कमांड के प्रमुख यानी एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निवर्हन कर चुके हैं।

मिराज, मिग और तेजस में भरी लंबी उड़ान

मंत्रालय ने कहा कि एयर मार्शल दीक्षित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, डिफेंस स्टाफ सर्विस कॉलेज (बांग्लादेश) और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। उन्हें वायुसेना के कई अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमानों जैसे स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस, जगुआर, मिराज और मिग के विभिन्न संस्करणों सहित हॉक, आईएल-78 में कुल करीब 3 हजार 500 घंटे से अधिक की हवाई उड़ान का अनुभव हासिल है।

ऑपरेशन सिंदूर, सफेद सागर में लिया भाग

एयर मार्शल दीक्षित को एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट और योग्य उड़ान प्रशिक्षक के रूप में भी जाना जाता है। लगभग 40 वर्षों के अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने ऑपरेशन सफेद सागर, रक्षक और पिछले साल 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर में सक्रिय रूप से भाग लिया। इतना ही नहीं सेवाकाल के दौरान उन्होंने वायुसेना के फील्ड और स्टाफ पदों पर भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है। जिसमें पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्र में एक अग्रिम वायुसेना स्टेशन को नेतृत्व प्रदान किया। इसके अलावा विभिन्न क्षमताओं के जरिए दिए गए योगदान से उन्होंने बल की युद्धक क्षमता को मजबूती प्रदान की है। इसी क्रम में उन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा गया है। जिसमें 2006 में दिया गया वायुसेना मेडल, 2011 में विशिष्ट सेवा मेडल, 2023 में अति विशिष्ट सेवा मेडल और मौजूदा साल 2026 में अति विशिष्ट सेवा मेडल से एयर मार्शल दीक्षित को सम्मानित किया गया है।

घाना, कोटे डी आइवर और इथोपिया की होगी यात्रा, मजबूत होंगे संबंध

विदेश मंत्री जयशंकर अपने पांच दिवसीय अफ्रीका दौरे पर हुए रवाना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली


फाइल फोटो

वैश्विक स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मंगलवार से अपनी पांच दिवसीय (6 से 10 अक्टूबर तक) अफ्रीका यात्रा पर रवाना हो गए हैं। जिसमें वह महाद्वीप के तीन देशों जैसे घाना, कोटे डी आइवर और इथोपिया जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि डॉ.जयशंकर की इस यात्रा से तीनों देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती आएगी। जबकि इस दौरान होने वाली तमाम वार्ताओं के माध्यम से व्यापार, निवेश, क्षमता निर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को पहले के मुकाबले कहीं अधिक सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। विदेश मंत्री साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर भी अपने विचार साझा करेंगे। अदीस अबाबा में जयशंकर क्षेत्रीय मिशन प्रमुखों के सम्मेलन (एचओएमएस) की अध्यक्षता करेंगे। जिसमें क्षेत्र में तैनात भारत के राजनयिक शामिल हो सकते हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि यह मंच उन देशों को एक साथ जोड़ता है, जो अफगानिस्तान के साथ समान और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी की उम्मीद करते हैं। मॉस्को फॉर्मेट की स्थापना वर्ष 2017 में अफगानिस्तान में राष्ट्रीय सुलह और शांति को बढ़ावा देने के लिए की गई थी।

ग्लोबल साउथ को लेकर प्रतिबद्ध भारत

मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री की इस यात्रा से न केवल भारत की अफ्रीका के साथ अपनी साझेदारी को और अधिक गहराई प्रदान करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। बल्कि इसके जरिए ग्लोबल साउथ समूह के देशों के साथ नई दिल्ली की एकजुटता की भी साफ तौर पर झलक देखने को मिलेगी। यात्रा में वह अपने समकक्षों के साथ बातचीत करेंगे और सभी देशों के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनकी मुलाकात होगी।

अफगानिस्तान की संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता के समर्थन में भारत

एजेंसी ⏭ मॉस्को

भारत ने अफगानिस्तान की संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपना समर्थन दोहराया है। साथ ही, अफगानिस्तान के लोगों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की है। भारत ने यह बात रूस की मेजबानी में मॉस्को



में आयोजित अफगानिस्तान पर आठवें मॉस्को फॉर्मेट परामर्श में कही। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार और संयुक्त सचिव डॉ. एम. सुरेश कुमार ने किया। बैठक में रूस, भारत, ईरान, कजाखस्तान, चीन, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने किया।

4000 से ज्यादा ड्रग तस्कर अरेस्ट, 138 करोड़ की संपत्तियां जब्त

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने बताया कि गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के कड़े प्रावधानों का इस्तेमाल करते हुए, पुलिस ने ड्रग तस्करी में शामिल लोगों और सक्रिय या फरार आतंकवादियों के नाम पर



दर्ज कई अचल संपत्तियों को जब्त किया है और उन्हें आतंकवाद के जरिए हासिल की गई संपत्ति घोषित किया है। पुलिस ने 138 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की 288 संपत्तियां जब्त की हैं। साथ ही 80 लाख से ज्यादा नकद भी जब्त किया गया है। ऐसी जब्ती के मामले में जम्मू-कश्मीर देश में पहले स्थान पर है। पिछले छह महीनों में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अब तक 3,257 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से 2,500 से ज्यादा मामलों का निपटारा किया जा चुका है। 4,000 से ज्यादा लोगों को गिरफ़्तार किया गया है और 170 लोगों को दोषी ठहराया।

पैराट्रूपर ने समुद्र तल से 16,000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई

अधिक ऊंचाई वाले उन्नत पैराशूट का पहला जंप परीक्षण सफल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अधिक ऊंचाई वाले ड्रॉप जोन में से एक, पूर्वी लद्दाख स्थित न्योमा (मुथ) ड्रॉप जोन में एडवांस्ड हाई-एल्टीट्यूड पैराशूट का पहला लाइव जंप परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस परीक्षण के दौरान पैराट्रूपर ने समुद्र तल से 16,000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई, पैराशूट 15,500 फीट की ऊंचाई पर खुला और लगभग 13,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित न्योमा मुथ ड्रॉप जोन पर सुरक्षित लैंडिंग हुई। इस छलांग ने अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में एडवांस्ड हाई-एल्टीट्यूड पैराशूट की प्रभावशीलता और सामरिक उपयोगिता सिद्ध की।


अधिक ऊंचाई से पैराशूट की सफल लैडिंग

सैन्य अभियानों के लिए बेहद अहम

आगरा स्थित एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट द्वारा डिजाइन और विकसित एडवांस्ड हाई-एल्टीट्यूड पैराशूट बड़ी संख्या में पैराट्रूपर्स ड्रॉप के लिए स्टैटिक लाइन पैराशूट सिस्टम है। इस तकनीक में पैराशूट विमान से जुड़ी एक स्थिर रस्सी - स्टैटिक लाइन - के माध्यम से स्वचालित रूप से तुरंत खुल जाता है। यह प्रणाली मुख्य रूप से सैन्य अभियानों और पैराट्रूपर्स द्वारा सामूहिक युद्धक छलांगों के लिए उपयोग की जाती है। इस प्रणाली का निर्माण कानपुर की ऑर्डनेंस पैराशूट फैक्ट्री ने किया है। रक्षा उत्पादन विभाग के गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय द्वारा इसका निरीक्षण तथा सैन्य विमानन योग्यता एवं प्रमाणन केंद्र, क्षेत्रीय सैन्य उड़नयोग्यता केंद्र कानपुर द्वारा प्रमाणन किया गया है।

स्वदेशी हाई-एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म फ्लाइट का सफल परीक्षण

डीआरडीओ ने स्वदेशी हाई-एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म फ्लाइट का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण वायु



सेना, सैन्य विमानयोग्यता और प्रमाणन केंद्र', नागर विमानन महानिदेशालय, भारतीय एयरपोर्ट प्राधिकरण और अन्य नागरिक प्राधिकरणों के साथ मिलकर किया गया। मंत्रालय ने बताया कि समुद्र तल से 21 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंचने के बाद, फ्लाइट ने 30 मिनट से अधिक तक 20 किलोमीटर की ऊंचाई बनाए रखी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल परीक्षण पर टीम को बधाई दी।

18000 फीट की ऊंचाई तक जाने में सक्षम

एडवांस्ड हाई-एल्टीट्यूड पैराशूट विभिन्न तैनाती विकल्प प्रदान करता है। इसकी परिचालन ऊंचाई सीमा 18000 फीट तक विस्तृत है और इसकी उतरने की दर सबसे सुरक्षित है, जो विशेष रूप से भारतीय रक्षा बलों की अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों की सामरिक आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त है। इतनी अधिक ऊंचाई पर स्थिर लाइन पैराशूट से कूदना जटिल और स्वाभाविक रूप से जोखिम भरा होता है, क्योंकि खुलने पर बहुत तेज झटका लगता है और उतरने की दर भी बहुत अधिक होती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109